
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 66
लखनऊ, सोमवार 16 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



शहद की रानी ने गांव की महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर 10

अखिलेश के खिलाफ होर्डिंग राम मंदिर दौरे से पहले मांगी मांगने की मांग 03

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रपति ने दी छठ पर देशवासियों को बधाई



एजेंसी नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और रक्षामंत्री राजनाथ समेत कई नेताओं ने रविवार को महापर्व छठ के पावन अवसर पर सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स पर लिखा, लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने लिखा, लोगों की आस्था, श्रद्धा, आत्म-अनुशासन एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक यह महापर्व, सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता के मूल्य सिखाता है। कामना है कि छठी मैया की उपासना का यह पवित्र पर्व सभी के जीवन में खुशहाली, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए।

आज अभिमुखीकरण कार्यक्रम में रहेंगे उपराष्ट्रपति



एजेंसी नई दिल्ली। राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सोमवार को ओडिशा के दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह भुवनेश्वर में ओडिशा विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित ओरियंटेशन (अभिमुखीकरण) कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा कटक में श्री श्री विश्वविद्यालय के नए शैक्षणिक भवन का उद्घाटन करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार सीपी राधाकृष्णन 16 नवंबर को ओडिशा पहुंचेंगे। वह भुवनेश्वर में विधानसभा सदस्यों के अभिमुखीकरण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कटक जाएंगे। वहां श्री श्री विश्वविद्यालय के आइकॉनिक टावर (शैक्षणिक भवन) का उद्घाटन करेंगे।

पराग ने दूध के दाम बढ़ाने का फैसला लिया वापस

लखनऊ। आम लोगों को महंगाई की मार से एक बार फिर बड़ी राहत मिली है। लखनऊ दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की ओर ने पराग दूध के दामों में की गई बढ़ोतरी के फैसले को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। रविवार को सी.जी. सिटी, सुल्तानपुर रोड स्थित लखनऊ दुग्ध संघ के महाप्रबंधक आई.बी. सिंह की ओर से इस मामले में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, दुग्ध मूल्य में बढ़ोतरी को लेकर पूर्व में जो आदेश जारी किया गया था, उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। आदेश में ये भी कहा गया है कि अब ग्राहकों को पूर्व से निर्धारित पुराने रेट पर ही दूध एवं अन्य दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। बता दें कि इससे पहले लखनऊ दुग्ध संघ ने कच्चे दूध के संग्रहण, प्रोसेसिंग और ट्रांसपोर्टेशन लागत में लगातार वृद्धि का हवाला देते हुए पराग दूध के विभिन्न वेरिएंट्स की कीमतों में इजाफा किया था। उस आदेश के तहत पराग गोल्ड दूध में सीधे 4 रुपये प्रति लीटर और पराग टोन्ड दूध में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी, जिसे रविवार की शाम की सप्लाई से प्रभावी भी कर दिया गया था, लेकिन महंगाई के बीच आम लोगों की रसोई पर पड़े इस असर के बाद महज 3 दिनों के भीतर ही दुग्ध संघ प्रबंधन ने अपने इस फैसले को वापस ले लिया है।

निर्माणाधीन इमारत का लिंटर गिरा, आठ घायल

एजेंसी, नई दिल्ली। पहाड़गंज में एक निर्माणाधीन इमारत का ग्राउंड फ्लोर लिंटर अचानक भरभराकर गिर गया। रविवार शाम को हुए इस हादसे में 8 लोग घायल हो गए हैं। छत गिरने की सूचना मिलने के बाद दमकल गाड़ियां और एक इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम को मौके पर भेजा गया। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही दमकल की 3 गाड़ियां, एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। एक अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग की टीमों के मौके पर पहुंचने से पहले ही, पीसीआर कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पास के अस्पताल पहुंचा दिया। यह घटना पहाड़गंज में हरि वर्दी स्कूल के पास शाम को 4 बजकर 40 मिनट पर हुई। घटना के वक्त निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान इमारत की ग्राउंड फ्लोर की छत गिर गई।

जनजातीय समाज ने अन्याय के खिलाफ उठाई आवाज: मोदी

मप्र के धार में 1358 करोड़ की सिंचाई परियोजना का किया लोकार्पण, जनजातीय सम्मेलन में वर्चुअली जुड़े प्रधानमंत्री



एजेंसी, धार।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जनजातीय समाज ने हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई है। एक समय था, जब देश में अनेक दिवस और उत्सव विदेशी दृष्टिकोण से तय होते थे, लेकिन आज भारत अपनी विरासत को, अपने इतिहास और अपने नायकों को स्वदेशी स्वाभिमान के साथ याद कर रहा है। ये हमारी राष्ट्रीय चेतना में आए एक बड़े परिवर्तन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के धार जिले के डही में राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आज देशभर में 170 से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण और 70 से अधिक प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया गया है। देश के अलग-अलग राज्यों में 30 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। मोदी के वर्चुअली संबोधन से पहले राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1358 करोड़ रुपये लागत से निर्मित डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण किया। सम्मेलन में 90 हजार स्क्वायर फीट का डोम बनाया गया है, जिसमें करीब 15 हजार लोग मौजूद हैं।

गरीबी से मुक्ति और नक्सलवाद बड़ी उपलब्धि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि इस वर्ष जब देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है, तब देश के पास दो बड़ी उपलब्धियां हैं। इनमें गरीबी से मुक्ति और नक्सलवाद-माओवादी आतंक का अंत शामिल है। ये दोनों उपलब्धियां जनजातीय समाज से भी गहराई से जुड़ी हैं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। वर्ष 2014 में देश के करीब 125 जिले माओवाद और नक्सलवाद से प्रभावित थे। इन क्षेत्रों में हर साल हिंसा की सैकड़ों घटनाएं होती थीं और हजारों निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती थी। नक्सली परिवारों की बेटियों को जबरन उठा ले जाते थे और पीड़ित परिवार बेबसी में तड़पते रहते थे। अब नक्सलवाद खत्म होने के बाद जनजातीय समाज की माताएं और बहनें खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं तथा सरकार को आशीर्वाद दे रही हैं।

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी, नई दिल्ली।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सांसदों और अन्य गणमान्य लोगों ने भी नमन किया। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस अवसर पर प्रेरणा स्थल पर विभिन्न राज्यों के छह जनजातीय लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

युवा बोले, टैबलेट से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मिलेगी मदद



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, मजबूत शिक्षा का केन्द्र बना यूपी : बृजेश पाठक

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब कट्टा उद्योग की छवि से निकलकर विकास, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, मजबूत शिक्षा और लाखों सरकारी रोजगार का केंद्र बन चुका है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नकारात्मक दृष्टि के बजाय हमेशा सकारात्मक सोच अपनाएं, क्योंकि आज राज्य में मेडिकल सीटों से लेकर हर क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति आई है। साथ ही, उन्होंने युवाओं को जाति, धर्म और संप्रदाय की संकीर्ण दीवारों से ऊपर उठकर एकजुट होने और उत्तर प्रदेश को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर रविवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ मंडल के 50 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं और प्रशिक्षणार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। इस दौरान सीतापुर निवासी सिद्धार्थ तिवारी, सुयश अवस्थी, एसजीपीजीआई के राज कश्यप, बीएससी नर्सिंग की छात्रा ओजस्वी सिंह सहित रागिनी और सुमन को भी टैबलेट मिला। विद्यार्थियों ने इसे पढ़ाई और भविष्य की तैयारी के लिए उपयोगी बताते हुए योगी सरकार की पहल की सराहना की। सीतापुर निवासी सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि टैबलेट मिलने से पढ़ाई के लिए डिजिटल संसाधनों तक पहुंच आसान होगी। अब किताबों के साथ ही इंटरनेट पर उपलब्ध अध्ययन सामग्री, विषयों से जुड़े वीडियो और ऑनलाइन कक्षाओं का भी लाभ लिया जा सकेगा। इससे कठिन विषयों को समझने और अपनी तैयारी को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। सुयश अवस्थी ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान भी बेहद जरूरी है। टैबलेट के माध्यम से विद्यार्थी अपनी जरूरत के मुताबिक अध्ययन सामग्री जुटा सकेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, ऑनलाइन आवेदन और नई जानकारियां हासिल करने में भी यह काफी मददगार साबित होगा। रागिनी और सुमन ने भी टैबलेट वितरण को विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल उपकरण मिलने से पढ़ाई के लिए दूसरों पर निर्भरता कम होगी। घर पर भी ऑनलाइन कक्षाओं, ई-पुस्तकों और शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से पढ़ाई जारी रख सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और अपनी तैयारी को बेहतर तरीके से व्यवस्थित कर पाएंगे।

रविवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर टेबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश की पहचान कट्टा और बम बनाने वाली फैक्ट्रियों से होती थी, लेकिन आज मोबाइल और टैबलेट निर्माण का प्रमुख केंद्र बन रहा है। युवा डिजिटल संसाधनों का उपयोग कर नवाचार, तकनीक और रोजगार के नए अवसरों से जुड़ रहे हैं।

केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री

साढ़े नौ लाख से अधिक युवाओं को दी सरकारी नौकरी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब यूपी में बिना सिफारिश और बिना रिश्वत नौकरी मिलती है। पहले भर्ती निकलते ही चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए निकलती थी, बिना खर्ची-पर्ची नौकरी नहीं मिलती थी। युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने रविवार को लखनऊ में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 लाख टैबलेट वितरण अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश सरकार ने साढ़े नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। आगामी 26 जनवरी तक एक लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र देने की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को टैबलेट का महत्व समझाते हुए कहा कि यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि उनका भविष्य सुरक्षित करने की कुंजी है। इसका इस्तेमाल ज्ञान, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के लिए होना चाहिए।

गोमती तट पर पहुंचे सीएम योगी ने किया छठ पूजन



महापर्व छठ के आयोजन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोमती के तट पर पहुंचे और छठी मइया पूजन किया। उन्होंने भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पुष्प अर्पित किए। उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महापौर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रहीं। हाथों में पूजन सामग्री से सजे सूप, सिर पर फल और प्रसाद से भरी टोकरी और मन में छठ मैया के प्रति अटूट आस्था। लोक आस्था के महापर्व छठ पर रविवार शाम लखनऊ के गोमती तट पर ऐसा ही दृश्य दिखाई दिया। शाम होने से पहले ही महिलाएं परिवार के साथ घाट पहुंचने लगी थीं। किसी ने ईख से मंडप सजाया तो किसी ने सूप में केला, नारियल, गन्ना, पान और मिष्ठान रखकर पूजा की तैयारी की। सूर्यास्त के समय महिलाओं ने दूध और जल से सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद छठ मैया की आराधना कर परिवार के मंगल की कामना की।

दलित सम्मेलन में अखिलेश ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

अंगद का पैर रखने के लिए जमीन भी चाहिए




समृद्धि न्यूज, आगरा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को आगरा में पार्टी की ओर से आयोजित दलित महा सम्मेलन में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा को दलित विरोधी और विकास विरोधी बताते हुए अपनी सरकार के कार्यों का उल्लेख किया उन्होंने कहा कि मेट्रो, रफ्तार वाले एक्सप्रेसवे, आगरा से नोएडा तक के एक्सप्रेसवे और इनर रिंग रोड को सपा सरकार की देन है। उन्होंने 100 और 108 एंबुलेंस सेवाओं का भी उल्लेख किया और कहा कि आज भी लोगों के घरों में लैपटॉप चल रहे होंगे। उन्होंने दोहराया कि इस बार लाठी हारेगी और लैपटॉप जीतेगा।

रविवार को समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में दलित महा सम्मेलन का आयोजन राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय महासचिव सपा रामजीलाल सुमन के संयोजकत्व में आगरा में पंचकुइयां स्थित जीआईसी मैदान में किया गया आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए पार्टी का जनाधार बढ़ाने और दलित वोटरों को पार्टी से जोडने हेतु दलित महासम्मेलन आयोजित किया गया। आगरा में करीब 45 मिनट के अपने संबोधन में अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा से पीडीए आंदोलन की शुरुआत हो रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस दलित सम्मेलन के बाद भाजपा की जमीन खिसक जाएगी तो जब जमीन नहीं होगी तो अंगद का पैर कहां रखोगे। उन्होंने कहा कि जबसे पीडीए ने भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में हराया है, तबसे भाजपा षड्यंत्र कर 10 साल में भेदभाव की सरकार चला रही है। जो लोग डबल इंजन की बात करते हैं काशी में डबल इंजन जीरो पर आया है।

यूएन में मौत की सजा पर रोक का प्रस्ताव पास

एजेंसी, नई दिल्ली। मौत की सजा को खत्म करने की मांग को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएन) में लाए गए प्रस्ताव पर भारत ने इसके खिलाफ मतदान किया है। भारत ने स्पष्ट किया कि मृत्युदंड पर रोक लगाने को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई आम सहमति नहीं है और हर संप्रभु देश को अपने कानून और दंड व्यवस्था तय करने का अधिकार है। भारत उन 33 देशों में शामिल रहा, जिन्होंने प्रस्ताव के विरोध में वोट दिया। वहीं, 133 देशों ने इसके समर्थन में मतदान किया, जबकि 16 देश मतदान से दूर रहे। वोटिंग के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा की समिति ने शुक्रवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसमें देशों से मृत्युदंड पर वैश्विक रोक लगाने और धीरे-धीरे इसे समाप्त करने की दिशा में कदम उठाने की अपील की गई थी। भारत का यह रुख पिछली बैठकों में अपनाए गए उसके रुख के अनुरूप है। भारत ने 2016, 2018 और 2024 में भी ऐसे प्रस्तावों के खिलाफ मतदान किया था।



फतह | 209 रन डिफेंड करते हुए जीता भारत

न्यूजीलैंड को हराकर कब्जायी वनडे सीरीज

एजेंसी, माउंट माउंगानुई।



भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला जीत लिया है। टीम इंडिया को सीरीज के इस निर्णायक मुकाबले में 22 रनों से जीत मिली। इसके साथ ही टीम ने सीरीज को भी 3-1 से अपने नाम कर लिया।

भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.1 ओवर में 209 रन पर ही सिमट गई। इसके बाद गेंदबाजों के कमाल ने न्यूजीलैंड की पारी को 187 रनों पर ही रोक दिया। 49वें ओवर में कीवी टीम ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड को 7 साल बाद अपने घरेलू मैदान पर द्विपक्षीय वनडे सीरीज में हार मिली है। रोहित और विराट फिर नहीं चले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत एक बार फिर खराब रही। रोहित शर्मा 7 रन और विराट कोहली 5 रन बनाकर आउट हो गए। ऋतुराज गायकवाड़ सीरीज में लगातार दूसरी बार मिले मौके को भूना नहीं पाए और 18 रन बना सके। कप्तान श्रेयस अय्यर भी 22 रन बनाकर आउट हो गए। बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों अक्षर पटेल और ईशान किशन ने 46-46 रन की अहम पारियां खेलीं। इन्हीं पारियों की बदौलत टीम इंडिया एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकी।

अक्षर ने 55 गेंदों की पारी में 5 चौके और 1 छक्का लगाया, जबकि ईशान ने 58 गेंदों की पारी में 2 छक्के और 3 चौके लगाए। नमन धीर ने 22 रन बनाए। आखिरी विकेट के लिए मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह ने 26 रन की साझेदारी कर टीम का स्कोर 209 तक पहुंचाया। कप्तान मिचेल सेंटनर और क्रिस्टियन क्लार्क ने भारत को थोड़ा परेशान किया। मुश्किल विकेट पर रन रेट 6 से ऊपर जाने के बाद कीवी टीम प्रेशर में आती गई और 49वें ओवर में टीम की पारी सिमट गई।

संक्षिप्त खबरें

चार महिलाओं पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिले के दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र में शनिवार रात घर में घुसकर चार महिलाओं पर चाकू से हमला किया गया। पुलिस ने घटना के 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू भी मिला। पुलिस के मुताबिक 14-15 नवंबर की रात एक युवक ने पहले दर्ज छेड़खानी और पॉस्को एक्ट के मुकदमे से नाराज होकर एक युवती, उसकी अमरीन और दो अन्य महिलाओं पर चाकू से हमला किया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने आरोपी को जल्द पकड़ने के लिए तीन पुलिस टीमें बनाई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा की निगरानी में थानाध्यक्ष अमितेंद्र सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने रविवार सुबह करीब 11 बजे अरजान कुरैशी (23) को गिरफ्तार किया। वह अब्दुल कलाम कुरैशी उर्फ मुन्ना का बेटा और बीबी जोहरा बाग थाना दरगाह शरीफ का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज केस में आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 भी जोड़ी। उसे कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय भेजा गया पुलिस के मुताबिक आरोपी का पहले भी आपराधिक रिकार्ड रहा है। वर्ष 2020 में उसके खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट और पॉस्को एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था।

जिले के अर्नव सिंह की टीम ने जीता राष्ट्रीय स्वर्ण

बहराइच समृद्धि न्यूज़ राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी धावक अर्नव सिंह ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल अपने जिले और मंडल, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। मध्यप्रदेश के शिवपुरी स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 70वीं एसजीएफआई (SGFI) राष्ट्रीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अर्नव सिंह की टीम ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किया है। अंडर-17 बालक वर्ग की 4×400 मीटर रिले दौड़ के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अर्नव सिंह और उनके साथी खिलाड़ियों—मयंक बहादुर ,समीर खान व शौर्यवीर सिंह की चौकड़ी ने बेहतरीन तालमेल और जबरदस्त रफ्तार का प्रदर्शन किया। टीम ने मात्र 3:16.34 मिनट का समय निकालकर पिछले एसजीएफआई मीट रिकॉर्ड (3:21.62 मिनट) को ध्वस्त करते हुए पहला स्थान हासिल किया हैं। इस रोमांचक मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने कड़े प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है जबकि तमिलनाडु (3:16.71 मिनट) को रजत और केरल (3:19.01 मिनट) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अर्नव सिंह और उनकी टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे मंडल और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। प्रशिक्षकों और खेल अधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को इस स्वर्णिम सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

बैर के पेड़ को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़ बैर का पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते दोनों तरफ से ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के रघुवर पुरवा मुंडेरवा का है। प्रथम पक्ष के अखिलेश तिवारी पुत्र देवी प्रसाद, गोलू तिवारी पुत्र मुन्ना लाल, अंकित पुत्र मंगल, मंगल पुत्र राम तेज और मुन्नालाल पुत्र उदयराज का दूसरे पक्ष के ननके तिवारी, सुखराम तिवारी और राजकिशोर से बैर का पेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची विशेश्वरगंज थाने की पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रथम पक्ष के मुन्ना तिवारी को छोड़कर अन्य सभी को गंभीर चोटों के चलते जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के भी कुछ घायलों को गंभीर चोटों के कारण जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

जिले के 6 होमगार्ड जवान हुए सेवानिवृत्त,दी विदाई

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिले के 6 होमगार्ड जवान सेवानिवृत्त हो गए। जिसमें उत्तर प्रदेश अवैतनिक अधिकारी एवं कर्मचारी होमगार्ड एसोसिएशन ने कलेक्ट्रेट परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया।और सभी को नम आंखों से विदाई दी। जिला महामंत्री शोभाराम चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद दुबे, कोषाध्यक्ष ओमकार वर्मा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, जिलेदार मिश्रा, राम सिगारे शुक्ला को रामचरितमानस, छाता, टॉर्च, अंगवस्त्र, नगद राशि के साथ माला पहनकर मिठाई खिलाकर विदाई समारोह किया। मुख्य अतिथि मंडल उपाध्यक्ष सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष हीरालाल भास्कर, जिला उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष विशेश्वरगंज बाबादीन जायसवाल, भोलानाथ शर्मा, कंपनी प्रभारी नगर हरिराम सोनी, विकास श्रीवास्तव, ओमप्रकाश जायसवाल, अच्युतानंद पांडे, मंडल उपाध्यक्ष सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया की प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है कि होमगार्ड विभाग में एक वैतनिक और एक अवैतनिक होमगार्ड का जब गठन हुआ था। 1962-1963 में तो सभी एक समान थे होमगार्ड जवान 1973में इसका संशोधन स्वयंसेवक होमगार्ड जवान को छोड़ दिया गया। कई बार एक्ट में संशोधन किया गया। होमगार्ड को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और होमगार्ड रिटायर होने पर सरकार को 50 लाख रुपया देना चाहिए और रिटायर होने पर पेंशन देना चाहिए। ताकि 60 वर्ष पर सेवानिवृत होने पर अपना बुढ़ापा जिंदगी काट सके किसी के सहारे ना रहे। बहुत संकटमई जिंदगी होती है। इस मौके पर जनपद के काफी जवान उपस्थित रहे।

आज से शुरू हो रही स्वजनगणना में लें हिस्सा, आठ आसान स्टेप्स में 15 मिनट में करें पूरा

बहराइच समृद्धि न्यूज़ रविवार को जनपद के विकास खण्ड जरवल अंतर्गत बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की ऑनलाइन वर्चुअल बैठक में नवागत बीईओ ने आज से शुरू हो रही स्वगणना में उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता सुनिश्चित कर विकास खण्ड के शत प्रतिशत विद्यालयों के शिक्षको, अनुदेशकों व शिक्षामित्रों को अपनी परिवारजनों समेत स्वगणना पूरी करने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। नवागत बीईओ पुष्पेंद्र जैन ने प्रधानाध्यापकों के साथ आयोजित गूगल मीट में बताया कि जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक ऑनलाइन स्वगणना में जनगणना कार्मिको की स्वयं की प्रविष्टि अनिवार्य है इसके लिये सभी शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और विभागीय कार्मिकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पोर्टल पर अपनी और अपने परिवार की स्व-गणना पूरी करने का लक्ष्य दिया गया है। प्रधानाध्यापक उनके विद्यालय में कार्यरत समस्त स्टाफ की स्वगणना पूरी कर न्याय पंचायत नोडल के माध्यम से समय से सूचना उपलब्ध करायेंगे। इसके साथ ही बीईओ श्री जैन ने प्रधानाध्यापकों से कहाकि वह स्कूल स्टाफ के सहयोग से विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को भी स्व-गणना के प्रति प्रेरित करें। अभिभावक घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से अपना विवरण दर्ज कर सकें, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। बैठक में मंगलवार से शुरू होने वाली छात्रों की अर्धवार्षिक परीक्षाओ की तैयारी, मासिक संकुल बैठक, छात्र डीबीटी पेंडेंसी, बच्चों के जन्मप्रमाण पत्र व आधार बनने की स्थिति, प्रेरणा पोर्टल पर एमडीएम भोजन की थाली की तस्वीर अपलोड करने आदि जरूरी विभागीय बिंदुओं को समय से पूरा करने के निर्देश प्रदान किये गये।

साइबर ठगी से बचाव के लिए बलरामपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

- डिजिटल गिरफ्तारी, फर्जी फोन कॉल, बैंक खातों की जानकारी और क्यूआर कोड के जरिए होने वाली ठगी से बचने के बताए तरीके

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन को ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बलरामपुर पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों, बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में साइबर थाना और साइबर शाखा की टीम ने लोगों को साइबर अपराध के नए तरीकों की जानकारी देते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए।

अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि साइबर अपराधी कभी अधिकारी बनकर डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाते हैं तो कभी बैंक कर्मचारी बनकर गोपनीय जानकारी हासिल करते हैं। इसके अलावा लॉटरी, नौकरी, आकर्षक उपहार और सस्ते सामान का लालच देकर भी लोगों को ठगी का शिकार बनाया जाता है। ठग बिजली बिल, चालान, पार्सल और बैंक संबंधी संदेशों के नाम पर फर्जी कड़ियां और मोबाइल संचिका भेजकर मोबाइल की जानकारी चुराने का प्रयास करते हैं। सामाजिक माध्यमों पर फर्जी पहचान बनाकर अश्लील वीडियो के जरिए धन वसूलने तथा बच्चों को ऑनलाइन खेल और मुफ्त उपहार का लालच देकर जानकारी हासिल करने जैसे अपराधों के प्रति भी सतर्क किया गया।

पुलिस टीम ने लोगों को समझाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना गोपनीय संकेतांक, एक बार इस्तेमाल होने वाला पासवर्ड, बैंक कार्ड का सुरक्षा क्रमांक, व्यक्तिगत पहचान संख्या या बैंक संबंधी जानकारी न दें। अनजान कड़ियों को न खोलें, संदिग्ध क्यूआर संकेत को न पढ़ें और किसी के कहने पर मोबाइल में अनजान अनुप्रयोग डाउनलोड न करें। सामाजिक माध्यमों पर निजी जानकारी, तस्वीरें और बच्चों से जुड़ी जानकारियां साझा करने से बचें। ऑनलाइन खरीदारी भरोसेमंद माध्यमों से ही करें तथा बैंक खातों और मोबाइल अनुप्रयोगों की सुरक्षा के लिए दोहरी सुरक्षा व्यवस्था अपनाएं। अभिभावकों से बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने की भी अपील की गई।

बलरामपुर पुलिस ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी होती है तो घबराने के बजाय तत्काल कार्रवाई करना जरूरी है। पीड़ित को तुरंत साइबर सहायता संख्या 1930 पर सूचना देनी चाहिए अथवा साइबर अपराध की आधिकारिक वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इसके साथ ही संबंधित बैंक को सूचित कर खाता अथवा कार्ड बंद कराना चाहिए और नजदीकी थाने या साइबर थाने में लिखित शिकायत देनी चाहिए।

आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बहराइच में संगठनात्मक बैठकें संपन्न

- बलहा, नानपारा और बहराइच सदर विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भरा चुनावी हुंकार
- ज़िला अध्यक्ष की अध्यक्षता में चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र संगठनात्मक रूप से ज़मीनी पकड़ मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य, प्रदेश उपाध्यक्ष और ज़िला प्रभारी अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

यह बैठक चुनावी तैयारियों को नियमित और धारदार बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। ज़िला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने जनपद की तीन प्रमुख विधानसभाओं—बलहा, नानपारा और बहराइच सदर की संगठनात्मक समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से जीत दर्ज करने का मूलमंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करें और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाएं। इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने की।

बैठक में तीनों विधानसभाओं के विधानसभा प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों की चुनावी तैयारियों की रूपरेखा सामने रखी। बैठक में विधायक बलहा सरोज सोनकर, रामनिवास वर्मा, पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गौड़, जिला महामंत्री रणविजय सिंह, सुबेद वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष हरिशंचंद्र गुप्ता, डिम्पल जैन, कृष्ण कुमार, राम निवास जायसवाल, कन्हैया सोनी, जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला, विधानसभा प्रभारी सूर्य नारायण तिवारी, संदीप पाण्डेय, धर्मेंद्र पाण्डेय महेश मिश्रा, "ओम" राजेश तिवारी, सभी ब्लॉक प्रमुख सभी मण्डल अध्यक्ष शक्ति केंद्र पदाधिकारी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

डूबते सूरज को अर्घ्य देकर हुई छठ पूजा

समृद्धि न्यूज़



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। रविवार को छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं ने डूबते सूरज को अर्घ्य दिया।तहसील क्षेत्र के तलवारी,मरौचा,सोंधवा समेत कई घाटों पर सुबह से श्रद्धालु पहुंचने लगे थे।व्रतधारी महिलाएं बांस के सूप में ठेकुआ, फल, गन्ना, नारियल और दीप लेकर घाटों पर पहुंचीं।शाम को छठी मैया के गीत गूंजे। महिलाएं कमर तक पानी में खड़ी होकर डूबते सूरज को अर्घ्य देती नजर आईं।उन्होंने परिवार की खुशहाली, संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की।घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही।पूजा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही।राजस्व, विकास विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।उप जिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। जिन घाटों पर रोशनी और सफाई की कमी थी, वहां पहले ही इंतजाम कर दिए गए थे।तेलवारी घाट पर तहसीलदार वीर बहादुर सिंह,पंचायत सचिव राजेश कुमार और पुलिस बल तैनात रहा।सोमवार सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन होगा।

बनींकोडर ब्लाक के चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में 'सुरक्षित बचपन, विकसित भारत' अभियान का शुभारम्भ

- बच्चों ने खुलकर साझा कीं अपनी खुशियां, समस्याएं और सपने, बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज़



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। बनीकोडर विकास खंड के ग्राम छन्दवल स्थित निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में बाल सुरक्षा कलेक्टिव के तत्वावधान में 'सुरक्षित बचपन, विकसित भारत' अभियान का शुभारम्भ बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार के निर्देशन में किया गया।

इस अवसर पर लगभग दो सौ बच्चों के साथ आत्मीय एवं मित्रवत वातावरण में संवाद स्थापित कर उनके मन की बातें जानने, उनकी खुशियों, इच्छाओं, समस्याओं और बाल अधिकारों के रास्ते में आने वाली बाधाओं को समझने का प्रयास किया गया। संवाद के दौरान बच्चों ने बेझिझक अपनी भावनाएं साझा कीं। कुछ बच्चों ने बताया कि जब उनके मम्मी-पापा आपस में लड़ते हैं तो उन्हें बहुत दुःख होता है। वहीं कुछ बच्चों ने कहा कि पड़ोसियों के बीच होने वाले लड़ाई-झगड़े से उन्हें बुरा लगता है। कई बच्चों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जब उन्हें देखकर उनके मम्मी-पापा खुश होते हैं तो उन्हें भी बहुत खुशी मिलती है।

बच्चों के साथ हुए इस संवाद में उनके भावनात्मक संसार, पारिवारिक वातावरण, सामाजिक परिस्थितियों और सुरक्षित बचपन से जुड़ी आवश्यकताओं को समझने पर विशेष जोर दिया गया। बच्चों ने स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नारे लगाए और अपनी मांगों को बुलंद किया। इसके साथ ही चार्ट एवं पोस्टर के माध्यम से अपनी कल्पनाओं, सपनों और जरूरतों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बच्चों को अपनी बात खुलकर कहने और गलत बातों के प्रति आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को अच्छे-बुरे की पहचान करने, अपने अधिकारों को समझने तथा किसी भी परेशानी अथवा असुरक्षित स्थिति में चुप न रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की खुशियां, उनकी सुरक्षा, सम्मान और उनकी बातों को गंभीरता से सुनना ही सुरक्षित बचपन की बुनियाद है। बच्चों के लिए भयमुक्त और सहयोगपूर्ण वातावरण तैयार करना परिवार एवं समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ अनेक खेल गतिविधियों का आयोजन क़र बच्चों में आत्मविश्वास, व्यवहारिक ज्ञान और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षक सुनील कुमार, मदन कुमार, प्रिया मौर्य, सरिता यादव, इलावती, पलक कनौजिया, अर्चना, श्रद्धा गुप्ता, छाया देवी, सरोज, जियालाल सहित कई अभिभावक व अन्य लोग उपस्थित रहे।

मदरसा शिक्षक पर वित्तीय अनियमितता के आरोप

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। तुलसीपुर स्थित मदरसा अनवारूल उलूम के तहतानिया शिक्षक हसन रजा पर लंबे समय से बिना सूचना अनुपस्थित रहने, शासकीय धन की क्षति पहुंचाने और विभाग की छवि खराब करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले की शिकायत शासन स्तर पर किए जाने के बाद शासन ने जांच के आदेश जारी किए हैं।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शिक्षक हसन रजा कई माह से बिना सूचना मदरसा नहीं आ रहे हैं। इसके साथ ही उन पर वित्तीय अनियमितता में संलिप्त होने का भी आरोप लगाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त सचिव दया शंकर ओझा ने रजिस्ट्रार, मदरसा शिक्षा, उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

शासन ने जांच के दौरान शिक्षक की पिछले छह माह की उपस्थिति का अभिलेख, अंगूठा आधारित उपस्थिति व्यवस्था और मोबाइल की स्थिति के आधार पर आवागमन का विवरण जांचने को कहा है। इन माध्यमों से यह पता लगाया जाएगा कि शिक्षक की वास्तविक उपस्थिति मदरसे में रही है या नहीं।

संयुक्त सचिव ने तीन दिन के भीतर जांच पूरी कर उसकी रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। शासन के इस कदम से मदरसे में शिक्षक की उपस्थिति और शासकीय धन के उपयोग से जुड़े मामले में जांच तेज होने की उम्मीद है।

छठ पर्व को लेकर पुलिस सतर्क, घाटों पर कड़ी निगरानी

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। छठ महापर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए बलरामपुर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जिले के सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश, बैरिकेडिंग, गहरे पानी वाले स्थानों की पहचान, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, यातायात तथा वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की जांच की गई। संबंधित विभागों और आयोजकों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रमुख घाटों पर नाव के माध्यम से पुलिसकर्मी लगातार निगरानी कर रहे हैं। नदी के गहरे स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसके साथ ही प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती की गई है, जिन्हें जीवन रक्षक जैकेट, रस्सी, ट्यूब सहित आवश्यक बचाव उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। नदी में खतरनाक स्थानों को रस्सी और अवरोधक लगाकर चिह्नित किया गया है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित स्थानों पर ही अर्घ्य दे सकें।

घाटों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मिशन शक्ति की टीमें भी लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखेंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। वहीं, यातायात पुलिस ने घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों पर सुचारु आवागमन और वाहन खड़े करने की व्यवस्था की है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहनों को खड़ा करने पर प्रतिबंध रहेगा।

पुलिस ने श्रद्धालुओं से गहरे पानी में न जाने, निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर ही पूजा करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। किसी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या आपात स्थिति की जानकारी तत्काल दूरभाष संख्या 112 अथवा स्थानीय पुलिस को देने को कहा गया है। साथ ही अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को घाटों पर लगातार निगरानी रखने, नाव से गश्त बढ़ाने और श्रद्धालुओं की हरसंभव सहायता करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस का कहना है कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

वेटलैंड एवं वेटलैंड पक्षियों के संरक्षण के संदेश के साथ भव्य फोटोग्राफी प्रदर्शनी का समापन, बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। बाराबंकी के शालीमार मन्नत स्थित मंशा क्लब में आयोजित दो दिवसीय "Wetlands & Wetland Birds of Barabanki Photography Exhibition" का आज दूसरे एवं अंतिम दिन उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। वन्यजीव फोटोग्राफर एवं नेचर डॉक्यूमेंटेरियन नवीन बनौधा द्वारा वेटलैंड एवं जैव विविधता संरक्षण के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित इस प्रदर्शनी में दूसरे दिन बच्चों की रचनात्मक सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

प्रदर्शनी के अंतिम दिन शालिमार मन्नत के कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए विशेष कला चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बच्चों ने वेटलैंड, वेटलैंड से जुड़े पक्षियों तथा उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस क्रेन की तस्वीरें कैमरे में कैद कर अपनी प्रतिभा और प्रकृति के प्रति रुचि का परिचय दिया।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों सिद्धांत, दीक्षिता, वेदांशी, इजरायल, आयत आदि 30 बच्चों को प्रभागीय वन अधिकारी, बाराबंकी द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति एवं सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर उप प्रभागीय वन अधिकारी श्री सुदर्शन जी तथा एशियन वॉटर बर्ड सेंसस के स्टेट हेड और परिवहन विभाग के GM रह चुके श्री नीरज श्रीवास्तव, शालिमार मन्नत के कमलेश मौर्य, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर अतुल सिंह चौहान, एवं सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी नवीन प्रकाश विश्वकर्मा द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। वन्यजीव फोटोग्राफर नवीन बनौधा की ओर से प्रत्येक प्रतिभागी बच्चे को उनकी जागरूकता आधारित पुस्तक "My Wetland Discovery Book", सारस क्रेन की एक सुंदर फोटोग्राफ भी भेंट कर बच्चों को प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उप प्रभागीय वन अधिकारी श्री सुदर्शन जी ने नवीन बनौधा और प्रदर्शनी की सराहना करते हुए इसे वेटलैंड संरक्षण, पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता और नई पीढ़ी में पर्यावरण चेतना विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। उनके द्वारा औपचारिक रूप से प्रदर्शनी का समापन किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में बाराबंकी के विभिन्न वेटलैंड्स, उनकी जैव विविधता, प्रवासी पक्षियों और सारस क्रेन सहित लगभग 150 पक्षी प्रजातियों की जानकारी तथा 200 से अधिक वन्यजीव एवं प्रकृति संबंधी फोटोग्राफ प्रदर्शित किए गए।

प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को wetlands के पारिस्थितिक महत्व, उनके संरक्षण और स्थानीय स्तर पर सामुदायिक भागीदारी के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

प्रदेश का युवा अखिलेश यादव के साथ गर्मजोशी से जुड़ रहा- हाफिज अयाज

समृद्धि न्यूज़

बाराबंकी। जिस गर्मजोशी से नौजवान छात्र किसान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ जुड़ रहे हैं यह इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल रही है हर जाति धर्म संप्रदाय के लोग प्रदेश में बदलाव चाहते है।

उक्त बात समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित पार्टी की मासिक बैठक में व्यक्त किये।

जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने की अहम जिम्मेदारी हम सब के कंधों पर है इसलिए आगामी 17 नवंबर को प्रकाशित होने वाली वोटर लिस्ट का गहन अध्ययन कर हर बूथ को मजबूत करना है मतदाता सूची में छूटे सभी वोटरों को पुनः मतदाता सूची में जोड़ने का काम करते हुए अपने वोट की रखवाली का काम भी करना है जिससे आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में हम अखिलेश जी जिन नेतृत्व वाली सरकार का गठन कर सके।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह ने कहा हम सबके कंधों पर 2027 की एक बड़ी जिम्मेदारी जिसके लिए हम सबको निरंतर संघर्ष करना होगा।

बैठक को संबोधित करते हुए राजेंद्र वर्मा पप्पू ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए जनता को दुख तकलीफों से निजात दिलाने के लिए हम सबको पूरी मेहनत लगन से कार्य करते हुए गांव के अंतिम घर तक अखिलेश यादव के विचारों को पहुचाना होगा तभी हम सब का वह सपना साकार होगा।

अखिलेश यादव के खिलाफ होर्डिंग, राममंदिर दौरे से पहले माफी मांगने की मांग



समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में होर्डिंग वार का सिलसिला जारी है। रविवार को भाजपा मुख्यालय के बाहर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे को लेकर होर्डिंग लगाया गया। होर्डिंग के जरिए सपा सरकार के कार्यकाल में निहत्थे कारसेवकों पर हुई गोलीबारी का मुद्दा उठाया गया। इसमें लिखा गया-'अयोध्या निहत्थे कारसेवकों को नहीं भूली। होर्डिंग में पीडीए का नया फुल फॉर्म भी बताया गया है। इसमें पीडीए का मतलब प्रायश्चित, दर्शन और आशीर्वाद लिखा गया है। भाजपा नेता अभिषेक त्रिपाठी की ओर से यह होर्डिंग लगवाया गया है। अभिषेक ने कहा राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले किस मुंह से अयोध्या जा रहे हैं? समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पहले अपने पापों का प्रायश्चित करना चाहिए। उनके मुताबिक, प्रभु श्रीराम भी उन्हें माफ नहीं करेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि सपा को अब तक प्रभु श्रीराम की याद नहीं आई, लेकिन चुनाव नजदीक आते ही उन्हें राम की याद सताने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करती है। पार्टी की राम मंदिर और प्रभु श्रीराम में कोई आस्था नहीं है।

लोक आस्था के महापर्व छठ पर नि. पार्षद पंकज यादव का सराहनीय प्रयास

- कुकरैल बैराज पर श्रद्धालुओं के लिए की गईं विशेष व्यवस्थाएँ

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के निवर्तमान पार्षद पंकज यादव द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कुकरैल पिकनिक स्पॉट बैराज स्थित छठ पूजा घाट पर लोक आस्था के महापर्व छठ का आयोजन पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं सेवा भाव के साथ कराया।

छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूजा के लिए पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष रूप से बंधे का निर्माण कराया गया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए घाट पर आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा कराने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर पंकज यादव ने कहा कि, ₹हमारा निरंतर प्रयास रहता है कि लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के इस पावन महापर्व पर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उनकी सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष छठ पूजा के आयोजन से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराने का प्रयास किया जाता है।₹

उन्होंने आगे कहा कि हमारा संकल्प है कि छठी मैया के सभी भक्तों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में पूजा-अर्चना करने का अवसर मिले। इस महापर्व के माध्यम से सेवा, सहयोग, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे की भावना को भी मजबूती मिलती है।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों की हुई जूम बैठक

- बैठक में 20 नवंबर से शुरू हो रहे आंदोलन कार्यक्रम की समीक्षा की गई
- 20 नवंबर को होगा जनपद स्तर पर धरना प्रदर्शन

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी की अध्यक्षता में संयुक्त परिषद के जनपद शाखाओं के पदाधिकारी, संबद्ध संगठनों एवं केंद्रीय कार्य समिति की पदाधिकारियों की एक वर्चुअल बैठक संपन्न हुई।

बैठक मे परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौरसिया, सलाहकार समिति के सदस्य रामेश्वर पांडे, गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि जितेंद्र बहादुर सिंह ,गाजीपुर से श्याम मोहन सिंह, अकीब अहमद, बलिया से गोविंद कुमार सिंह ,बाराबंकी से हर्ष कुमार सिंह, सुल्तानपुर से नन्हे सिंह, मुरादाबाद से सीता शुक्ला, लखनऊ से नितिन गोस्वामी, रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष डी के त्रिपाठी, सहित संयुक्त परिषद से संबद्ध संगठनों एवं जनपद शाखाओं के प्रतिनिधियों ने ऑनलाइन बैठक में प्रतिभाग किया। जूम बैठक में संयुक्त परिषद द्वारा 20 नवंबर को जनपद स्तर पर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम की समीक्षा की गई।संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष है। आंदोलन के लिए कर्मचारी जोश खरोश के साथ तैयारी कर रहे हैं। पुरानी पेंशन की बहाली, रिक्त पदों को भरा जाना, समय से पदोन्नतियां किया जाना, कर्म योगी योजना से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अलग किया जाना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के सरलीकरण के नाम पर निर्गत किए गए डिजिटल आदेश से चतुर्थ श्रेणी एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों को छूट दिया जाना, विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सेवा निवृत्त के समय 300 दोनों का अवकाश नकदीकरण दिया जाना, कैशलेस इलाज की सुविधा दिया जाना, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग ,भूगर्भ जल विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य रसद विभाग, वन विभाग, परिवहन, समाज कल्याण ,बिक्री कर संस्कृत, उद्यान एवं अन्य विभागों में कर्मचारियों का उत्पीडन रोका जाना तथा कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों पर मुख्य सचिव समिति के माध्यम से तत्काल निर्णय कराया जाना, सहित संयुक्त परिषद के मांग पत्र पर कार्यवाही नहीं किए जाने से कर्मचारियों में अत्यधिक नाराजगी है।

बुद्ध वंदना के समय सपा सांसद का बैठे रहना दलितों का अपमानः डॉ. निर्मल

- सपा प्रमुख बताएं उनकी सरकार ने दलित महापुरुषों और बौद्ध परंपरा से जुड़े नामों को हटाने का निर्णय क्यों लिया था

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। डॉ. आंबेडकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने आगरा में समाजवादी पार्टी के दलित महासम्मेलन के दौरान बुद्ध वंदना के समय रामपुर से सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के बैठे रहने पर गंभीर सवाल उठाए हैं। डॉ. निर्मल ने कहा कि भगवान बुद्ध की वंदना भारतीय संस्कृति, करुणा, मैत्री, प्रज्ञा और मानवता की महान परंपरा का प्रतीक है। आगरा के दलित सम्मेलन में जब बुद्ध वंदना हो रही थी, तब मंच पर बौद्ध भिक्षु एवं अन्य नेता खड़े हुए, लेकिन सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी बैठे रहे। यह आचरण जानबूझकर किया गया जिससे बौद्ध परंपरा और उसके अनुयायियों की भावनाओं का अपमान हुआ है । इस घटना पर अखिलेश यादव की चुप्पी उनकी संलिप्तता का संकेत है। डॉ. निर्मल ने कहा कि वर्ष 2012 में अखिलेश यादव सरकार ने कैबिनेट के फैसले से पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दलित महापुरुषों और सामाजिक प्रेरणास्रोतों के नाम पर बनाए गए आठ जिलों के नाम बदल दिए थे।

इनमें विशेष रूप से बौद्ध विचारधारा और दलित चेतना से जुड़े नाम भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध नगर और पंचशील नगर जैसे नाम केवल प्रशासनिक पहचान नहीं थे, बल्कि भगवान बुद्ध के विचारों, पंचशील के सिद्धांतों और सामाजिक जागरण की प्रेरणा से जुड़े हुए थे। महामाया नगर का नाम भी भगवान बुद्ध की माता महामाया की स्मृति से जुड़ा था। इन नामों को बदलने के फैसले ने दलित समाज में व्यापक असंतोष पैदा किया था। डॉ. निर्मल ने सवाल उठाया कि अखिलेश यादव को बताना चाहिए कि उनकी सरकार ने दलित महापुरुषों और बौद्ध परंपरा से जुड़े इन नामों को हटाने का निर्णय क्यों लिया था? उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भारतीय समाज को बुद्ध के करुणा, प्रज्ञा और समता के विचारों से परिचित कराया। दलित समाज के लिए बुद्ध केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक मुक्ति, समानता और मानवीय गरिमा के प्रतीक हैं।

डीपीएस की प्रधानाचार्या समेत तीन पर एफआईआर

- डीआईजी के 8 वर्षीय बेटे के साथ मारपीट का आरोप

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। राजधानी के रायबरेली रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) एल्डिको प्रशासन के खिलाफ पीजीआई थाने में गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह एफआईआर उत्तर प्रदेश पुलिस के डीआईजी (प्रशिक्षण) की तहरीर पर स्कूल की प्रधानाचार्या, काउंसलर और रोबॉटिक्स शिक्षक के खिलाफ दर्ज की गई है। तहरीर के अनुसार, 15 अक्टूबर को कक्षा 3 में पढने वाले डीआईजी के 8 वर्षीय पुत्र के साथ रोबॉटिक्स क्लास में एक सीनियर छात्र ने मारपीट और अभद्रता की थी। अगले दिन अभिभावकों द्वारा शिकायत करने पर स्कूल प्रशासन ने असंवेदनशील रवैया अपनाया। आरोप है कि प्रधानाचार्या और शिक्षक को यह भली-भांति पता था कि आरोपित छात्र उस दिन किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने दूसरे स्कूल गया है। बावजूद इसके, पीड़ित बच्चे का मुँह बंद कराने और उसे डराने के उद्देश्य से काउंसलर ने मासूम की लगभग एक हजार बच्चों के सामने परेड कराई। इस सार्वजनिक अपमान और पहचान उजागर होने से बच्चा गहरे मानसिक सदमे में है। जिला प्रशासन और स्कूल प्रबंधन समिति से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर पिता ने 11 नवंबर को पुलिस में थ्प्त दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नियमावली के विपरीत टेक्निकल असेसमेंट टेस्ट कराने पर कड़ी आपत्ति

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन उकी आज एक प्रांतीय कार्यसमिति की आपात बैठक फील्ड हॉस्टल कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में उत्पादन निगम प्रशासन द्वारा सहायक अभियंता, अधिशासी अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता स्तर के अभियंताओं को टेक्निकल असेसमेंट टेस्ट में शामिल करने के निर्णय पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

एसोसिएशन ने कहा कि उत्पादन निगम प्रशासन ने इस परीक्षा को टेक्निकल असेसमेंट टेस्ट का नाम दिया है, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इस परीक्षा का औचित्य क्या है और इसे किस नियमावली के तहत आयोजित किया जा रहा है।

जबकि अभियंताओं की विभागीय परीक्षाएं समय-समय पर पहले से ही आयोजित होती रहती हैं।एसोसिएशन ने विशेष रूप से इस बात पर आपत्ति जताई कि उत्पादन निगम प्रशासन ने जल्दबाजी में 27 नवंबर को परीक्षा आयोजित कराने का आदेश भी जारी कर दिया है। बिना परीक्षा की आवश्यकता, औचित्य एवं नियमावली स्पष्ट किए इतनी जल्द परीक्षा की तिथि निर्धारित करना अभियंताओं के बीच असमंजस और असंतोष पैदा करने वाला है।एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आशंका जताई कि इस प्रकार की व्यवस्था से विशेष रूप से दलित एवं पिछड़े वर्ग के अभियंताओं को अनावश्यक रूप से परेशान करने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यदि प्रशासन को किसी प्रकार के तकनीकी मूल्यांकन की आवश्यकता महसूस होती है तो पहले उसकी स्पष्ट नियमावली, उद्देश्य एवं औचित्य सार्वजनिक किया जाना चाहिए।बैठक में सर्वसम्मति से मांग की गई कि उत्पादन निगम प्रशासन 27 नवंबर को परीक्षा कराने के जारी आदेश सहित इस पूरे निर्णय को तत्काल वापस ले और अभियंताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी व्यवस्था अपनाए। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष आर.पी. केन, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष एस.पी. एम. प्रभाकर, महेंद्र सिंह, संगठन सचिव हरिश्चंद्र वर्मा, बिंद्रा प्रसाद, सुशील कुमार वर्मा एवं अनिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बेटा-बेटी एक समान, हिंदू हो या मुसलमान-केशव

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत 300 शैक्षणिक संस्थानों के 50 हजार छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण कार्यक्रम में सहभागिता से पूर्व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ स्थित प्रेरणा स्थल पर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पूर्व से स्थापित प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री मौर्य ने भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि आज का दिन युवाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत 25 लाख टैबलेट वितरण के अभियान के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। लखनऊ मंडल के लखनऊ, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव जनपदों के 50 हजार से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि हर युवा सशक्त बने, आत्मनिर्भर बने और हर गरीब का सपना साकार हो। डबल इंजन सरकार बेटा-बेटी एक समान हिंदू हो या मुसलमान, बिना किसी भेदभाव के सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य कर रही है। सरकार गरीब, किसान, नौजवान और समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ खड़ी है।श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा की राजनीति का उद्देश्य प्रत्येक परिवार को आगे बढने का अवसर देना है। समाजवादी पार्टी की राजनीति परिवार तक सीमित रही, जबकि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य को प्राथमिकता दे रही है। हमें नौजवानों की स्क्रीन पर उनका उज्ज्वल भविष्य दिखाई देता है। उत्तर प्रदेश की पहचान अब डिजिटल अवसरों, सुशासन और युवा सामथ्र्य से बन रही है।उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि टैबलेट को केवल मनोरंजन का साधन न बनाएं, बल्कि इसे ज्ञान, शिक्षा, कौशल विकास और भविष्य निर्माण का माध्यम बनाएं। नई तकनीक सीखें, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जानकारी प्राप्त करें, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें, नई भाषाएं सीखें तथा उद्यमिता के अवसर तलाशें।श्री मौर्य ने स्वामी विवेकानंद के संदेश उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए का स्मरण कराते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं में प्रतिभा, परिश्रम और बड़े सपनों को साकार करने का सामथ्र्य है। युवा शक्ति के बल पर उत्तरप्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने टैबलेट प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ बच्चों के बीच पहुंचकर मोबाइल से सेल्फी ली। यह आत्मीय सेल्फी बच्चों के प्रति स्नेह, अपनत्व और सौहार्द का सुंदर प्रतीक बनी।

बिजली कर्मियों का 16 से 22 नवम्बर तक चलेगा प्रदेशव्यापी 'ज्ञापन दो अभियान'

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने मार्च 2023 के बिजली कर्मचारियों के आंदोलन के दौरान ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते तथा उनके द्वारा बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां वापस लेने के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद आज तक इन कार्यवाहियों को वापस न लिए जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। संघर्ष समिति ने कहा कि मार्च 2023 के आंदोलन के दौरान बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां वापस लेने का ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद अनेक बिजली कर्मियों को अब तक इन कार्यवाहियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे न केवल बिजली कर्मियों बल्कि उनके परिवारों को भी मानसिक और सामाजिक प्रताडना झेलनी पड़ रही है। इसके अतिरिक्त निजीकरण के विरोध में चले आंदोलन के दौरान भी बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां वापस नहीं ली गई हैं। यह स्थिति बिजली कर्मियों में गहरी निराशा और आक्रोश पैदा कर रही है। इन सभी मुद्दों को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने 16 नवम्बर से 22 नवम्बर तक प्रदेशव्यापी 'ज्ञापन दो अभियान' चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों एवं बिजली परियोजनाओं पर सांसदों, विधायकों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर उनसे बिजली कर्मियों के न्यायोचित मुद्दों पर हस्तक्षेप करने और उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां तत्काल वापस कराने की मांग की जाएगी।

अभियान के दौरान सभी जनपदों एवं परियोजनाओं पर सांसदों, विधायकों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर उनसे बिजली कर्मियों के न्यायोचित मुद्दों पर हस्तक्षेप करने और उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां तत्काल वापस कराने का अनुरोध करेंगे।

छठ महापर्व पर व्रती महिलाओं ने की सामूहिक आराधना

लखनऊ। राजधानी में लोक आस्था का पर्व छठ रविवार को दयाल फॉर्म सोसाइटी में उत्साह के साथ मनाया गया। सोसाइटी स्थित श्री हरि शंकरेश्वर महादेव मंदिर परिसर की बजरंग कुटिया में क्षेत्र के निवासियों और श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से छठ महापर्व मनाया। आयोजन की विशेषता यह रही कि इसका नेतृत्व किसी एक व्यक्ति या समिति ने नहीं, बल्कि सोसाइटी के सभी भक्तों और क्षेत्रवासियों ने मिलकर किया। सभी के सहयोग और आपसी भाईचारे से कार्यक्रम संपन्न हुआ। व्रती महिलाओं ने सुबह से ही पूजा की तैयारियां शुरू कर दी थीं। ठेकुआ, फल और अन्य प्रसाद तैयार करने के बाद महिलाएं अपने परिवार के साथ शाम चार बजे से छठ घाट पहुंचने लगीं। यहां वेदी पूजन और छठी मैया की आराधना की गई।

बिजली कर्मियों का 16 से 22 नवम्बर तक चलेगा प्रदेशव्यापी 'ज्ञापन दो अभियान'

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने मार्च 2023 के बिजली कर्मचारियों के आंदोलन के दौरान ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते तथा उनके द्वारा बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां वापस लेने के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद आज तक इन कार्यवाहियों को वापस न लिए जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया है।

संघर्ष समिति ने कहा कि मार्च 2023 के आंदोलन के दौरान बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां वापस लेने का ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद अनेक बिजली कर्मियों को अब तक इन कार्यवाहियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे न केवल बिजली कर्मियों बल्कि उनके परिवारों को भी मानसिक और सामाजिक प्रताडना झेलनी पड़ रही है। इसके अतिरिक्त निजीकरण के विरोध में चले आंदोलन के दौरान भी बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां वापस नहीं ली गई हैं। यह स्थिति बिजली कर्मियों में गहरी निराशा और आक्रोश पैदा कर रही है। इन सभी मुद्दों को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने 16 नवम्बर से 22 नवम्बर तक प्रदेशव्यापी 'ज्ञापन दो अभियान' चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों एवं बिजली परियोजनाओं पर सांसदों, विधायकों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर उनसे बिजली कर्मियों के न्यायोचित मुद्दों पर हस्तक्षेप करने और उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां तत्काल वापस कराने की मांग की जाएगी।

अभियान के दौरान 13 से 15 नवंबर की शाम 4 बजे तक नियमों का उल्लंघन करने वाली कुल 126 यात्री बसों के चालान काटे गए हैं, जबकि 11 बसों को पी-4 पार्किंग में सीज किया गया है। प्रवर्तन दलों द्वारा मुख्य रूप से बसों में इमरजेंसी गेट, फायर एक्सटिंग्विशर, ओवरलोडिंग, माल ढुलाई और नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों की सघन जांच की जा रही है। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रभात पाण्डेय ने बताया कि जांच के दौरान बिहार, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और मणिपुर में पंजीकृत कई स्लीपर बसें नियमों को ताक पर रखकर चलती पाई गईं।

ऑपरेशन सतर्कता': एक्सप्रेसवे पर परिवहन विभाग का शिकंजा, 126 बसों के चालान व 11 सीज

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने 'ऑपरेशन सतर्कता' अभियान शुरू किया। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर 13 से 17 नवंबर तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत लखनऊ के आगरा एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा पर 8-8 घंटे की रोटेशनवार ड्यूटी लगाई गई। इसमें लखनऊ समेत उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, लखीमपुर खीरी और बाराबंकी के प्रवर्तन अधिकारी तैनात हैं।

ओटीएस योजना में आवेदन की तिथि 14 दिसंबर तक बढ़ी

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ के भवन स्वामियों को लंबित कर जमा करने के लिए शासन ने बड़ी राहत दी है। प्रदेश सरकार ने एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि एक माह बढ़ा दी है। अब भवन स्वामी 14 दिसंबर 2026 तक योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकेंगे। वहीं, योजना के तहत निर्धारित धनराशि जमा करने और प्राप्त आवेदनों के अंतिम निस्तारण की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2027 निर्धारित की गई है। एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत नगर निगम लखनऊ के भवन स्वामियों को लंबित गृहकर के साथ जलकल विभाग से संबंधित बकाया जलकर, सीवरकर एवं जलमूल्य के मामलों में भी योजना का लाभ मिलेगा।

कार्तिक मेला इंतजामिया समित की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। कार्तिक स्नान मेला समित की आवश्यक बैठक चिनहट के मल्हौर स्थित जल सेतु पर आहूत हुई। बैठक के मुख्य अतिथि संरक्षक पूर्व विधायक और अध्यक्षता सुरेश यादव नें की। बताते चलें कि प्रतेक वर्ष की तरह इस बार भी कार्तिक पूर्णमा के अवसर पर जल सेतु इंदिरा डेम के पास एक भव्य मेले का आयोजन किया जाता है।

बैठक में समिति के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में मेला इंतजाम को लेकर आपस में चर्चा की गई और उत्तम सुझाव भी साझा किये गए। समित के अध्यक्ष सुरेश यादव नें मौजूद लोगों से अपने अपने सुझाव मांगे। साथ ही आयोजन को भव्य बनाने के लिए सभी से आर्थिक सहयोग की भी अपील की गई। बताते चलें कि राजधानी के एतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा स्नान का भव्य मेला गोमती तट स्थित जल सेतु पर आयोजित किया जाता है। इसमें खेलकूद, जवाबी आल्हा, प्रदेश के नामी पहलवानों की कुश्ती प्रतियोगता का भी आयोजन किया जाता है। साथ ही बहुत से रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी क्रमवार आयोजित होते है।

निर्धन कन्याओं का विवाह भी कराया जाता है जिसका संपूर्ण खर्च मेला कमेटी वहन करती है। अंत में सभी पदाधिकारियों के प्राप्त सुझाओं पर विस्तघ्त अध्ययन किया गया।

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला समाजवादी पार्टी एवं महानगर समाजवादी पार्टी की संयुक्त मासिक बैठक सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी के वोट बढ़ाने, संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने पर जोर दिया गया। अभी हाल ही में लखनऊ पार्टी कार्यालय पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए भाजपा के सहकारिता बैंक के पूर्व चेयरमैन प्रदीप पांडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सौरभ गांधी, भाजपा नेता गौरव सागर,नगर पंचायत कलान भाजपा से सभासद धर्मेंद्र शर्मा का सपा जिलाध्यक्ष ने स्वागत किया गया। जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्र द्वारा 11 किलो की माला पहनकर भी स्वागत किया गया। नवनियुक्त युवज़न सभा राष्ट्रीय सचिव मोईन सफदर व मोहम्मद शादाब उर्फ़ सोनू को कैंट अध्यक्ष बनने पर फूलमाला पहनकर स्वागत किया। सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि भाजपा छोड़ सपा में शामिल हुए प्रदीप पांडे,सौरभ गांधी, गौरव सागर,धर्मेंद्र शर्मा व अन्य साथियों का समाजवादी पार्टी भरपूर सम्मान करती है उन्होंने कहा आगामी 2027 के विधानसभा के चुनाव में हम सभी लोग मिलकर जनपद शाहजहांपुर की सभी 6 सीटे अखिलेश यादव की झोली में डालकर उत्तर प्रदेश में पीडीए व पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को सिर्फ समाजवादी पार्टी और पीडीए ही हटाने का काम करेगा। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी का कारवां दिन-प्रतिदिन तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप पांडे ने कहा कि सपा से हमारी 5 साल की दूरी भले ही हो गई थी लेकिन हमेशा समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का सम्मान मेरे दिल में बना रहा अब मैं समाजवादी पार्टी में मजबूती के साथ आ गया हूं। पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद, पूर्व एमएलसी अमित यादव,सपा नेता अनवर अली,सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा नेत्री रागिनी सिंह चौहान, सपा नेता रोहित बहल, लखन प्रताप सिंह, हफीज अंसारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पुवायां गोपाल अग्निहोत्री, संतोष कुमार पाल, कुंवर जागृत प्रसाद, अश्वनी बघेला, जितेंद्र यादव उर्फ अड्डू,गुफरान खान, अखिलेश यादव,टिंकू सिंह, ओंकार सिंह यादव, मोहम्मद जकी, अनूप कुमार वर्मा, झंकार सिंह, तुषार शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक संचालन जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव ने किया।

किसानों का क्रमिक अनशन चौथे दिन भी जारी, भुगतान न होने तक जारी रहेगा धरना



पुवायां, शाहजहांपुर। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व में किसानों का क्रमिक अनशन रविवार को चौथे दिन मकसूदापुर चीनी मिल पर जारी रहा। किसानों का कहना है कि मिल प्रशासन ने 10 दिसंबर तक गन्ना भुगतान का आश्वासन देकर धरना स्थगित करने को कहा है, लेकिन जब तक खाते में बकाया भुगतान नहीं आता, धरना जारी रहेगा। धरने पर जिलाध्यक्ष सरदार श्रवण सिंह संधू, तहसील महासचिव सचिन मिश्रा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष दर्शन सिंह संधू, ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष अरविंद दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष नितिन दीक्षित, कार्यवाहक अध्यक्ष उमाशंकर गंगवार, आंदोलन प्रभारी ओम निवास अग्निहोत्री, जिला प्रभारी रूम सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

प्रयास सेवा समिति ने सांसद नीरज कुशवाहा को प्रयास सेवा सम्मान से नवाजा



समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।

प्रयास सेवा समिति के पदाधिकारियों ने नगर स्थित आंवला के सांसद नीरज कुशवाहा के आवास पर पहुंचकर उन्हें प्रयास सेवा सम्मान से सम्मानित किया। इस दौरान समिति की ओर से सांसद को दीप ज्योति पत्रिका का दीपावली विशेषांक एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान प्रकट किया गया। समिति के मीडिया प्रभारी ब्रजेश कुमार सक्सेना के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने सांसद नीरज कुशवाहा को सम्मानित करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दीप ज्योति पत्रिका के विशेषांक की प्रति भेंट कर उसके प्रकाशन एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी गई। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रयास सेवा समिति सामाजिक गतिविधियों, जनसेवा और रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। ऐसे आयोजनों के जरिए सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय लोगों से संपर्क स्थापित करने और सेवा कार्यों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाता है। सांसद के आवास पर हुए इस सम्मान कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य लोगों की सहभागिता रही। इस मौके पर डॉ. नरेंद्र गौतम, सुभाष सक्सेना, वैभव, प्रेमपाल गंगवार और हरिपाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म के वांछित को किया गिरफ्तार



पुवायां, शाहजहांपुर। पुलिस ने युवती को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। 12 नवंबर को थाना पुवायां पर मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें बाद में धारा 319(2)/64(2)/352 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी अफजल पुत्र सल्ले निवासी ग्राम बड़ागांव को दोपहर 13ः05 बजे बड़ागांव बिजलीघर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ.नि. रामवीर सिंह, का. जरनैल सिंह व का. विष्णु कुमार शामिल रहे।

600 से अधिक श्रद्धालुओं को मिला निःशुल्क उपचार

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



रामाश्रम सत्संग संस्था मथुरा के संस्थापक परम संत डॉ. चतुर्भुज सहाय जी के 143वें अवतरण दिवस पर स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय सत्संग समारोह में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 600 से अधिक श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच, परामर्श व निःशुल्क दवा वितरण किया गया। रोजाना 200 से अधिक महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने लाभ लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय के सहयोग से शिविर में आयुर्वेद व एलोपैथी दोनों पद्धतियों से इलाज किया गया। बीपी, शुगर, मलेरिया, टाइफाइड की जांच के साथ सर्दी-जुकाम, दर्द आदि की दवाएं दी गईं। आयुर्वेद में आसव, तेल, चूर्ण, वटी व अवलेह वितरित किए गए। शिविर में डॉ. आशीष कुमार बढलेकर, डॉ. नेहा मौर्या, डॉ. राजेंद्र कुशवाहा, डॉ. प्रतीत सिंह सहित फार्मासिस्ट व स्टाफ ने सेवाएं दीं। सचिव डॉ. विजय जौहरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सरस्वती ज्ञान मंदिर में आयोजित की गई अंबेडकर सामान्य ज्ञान परीक्षा



समृद्धि न्यूज, जलालाबाद शाहजहांपुर।

युवा एवं बाल विकास समिति अंतर्गत भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश पंजीकृत के तत्वावधान में आयोजित डॉक्टर अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2026 का आयोजन परीक्षा केंद्र सरस्वती ज्ञान मंदिर पिटारमऊ रोड जलालाबाद मे किया गया।जिसमे कुल पंजीकृत 233 प्रतिभागियों के सापेक्ष 175 प्रतिभागी उपस्थित रहे तथा 57 प्रतिभागी अनुपस्थित रहे।जूनियर वर्ग में कुल पंजीकृत 85 के सापेक्ष 72 बच्चे उपस्थित रहे एवं 12 बच्चे अनुपस्थित रहेद्यसीनियर वर्ग में कुल पंजीकृत 148 के सापेक्ष 103 बच्चे उपस्थित और 45 बच्चे अनुपस्थित रहे। परीक्षा संपन्न कराने मे विपिन कुमार अग्निहोत्री तथा डॉ गंगाधर आर्य विशिष्ट आमंत्रित अतिथि रहे। राजकुमार गौतम व्यंग जी के पर्यवेक्षण में केंद्र व्यवस्थापक नरेंद्र पाल सिंह मंडलीय कोषाध्यक्ष बरेली मंडल एवं प्रांतीय प्रचार मंत्री सरोज गौतम के निर्देशन मे प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। केंद्र व्यवस्थापक एवं महासभा की प्रांतीय प्रचार मंत्री सरोज गौतम ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर सामान्य ज्ञान की वृद्धि होती है एवं उन्हें अपने देश के इतिहास को जानने का मौका मिलता है इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करती हैं जिससे उनको आने वाली भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में फायदा मिलता है।परीक्षा के पर्यवेक्षक एवं महासभा के आजीवन सदस्य राजकुमार गौतम जी ने बताया की प्रतियोगिता परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। बच्चों के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा हो इसी उद्देश्य के तहत महासभा हर साल यह प्रतियोगिता आयोजित करती है। प्रतियोगिता मे कक्ष निरीक्षक के रूप मे डॉ गंगाधर आर्य, अजीत कुमार, शशि सागर, सीमा सागर, अनिल कुमार, पवन सागर, त्रिलोक चंद अब्दुल जब्बार खान शब्बन, अंजली सिंह राठौर बबली, पुरुषोत्तम पांडे, नीलम बर्मा, चांदनी भारती, रिषीपाल, आलोक कुमार आजाद, अंबर कुमार झा, संजय कुमार झा आदि रहे। विद्यालय के प्रबंधक भूपेंद्र सिंह जी एवं प्रधानाचार्य उपदेश कुमार पांडे जी का विशेष सहयोग रहा।

जिले के 15 ब्लॉकों और 60 वार्डों में होगी युवा बैठक

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी ने पेश की कार्ययोजना, संवाद के बाद युवा महापंचायत आयोजित करने का प्रस्ताव

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



युवाओं की समस्याओं को सुनने और उनके सुझावों को संबंधित विभागों एवं संस्थाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से युवा कांग्रेस ने जिले में 'युवा बैठक-शाहजहांपुर' अभियान शुरू करने की कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत जिले के सभी 15 विकासखंडों और नगर क्षेत्र के 60 वार्डों में युवाओं के साथ बैठक कर सीधा संवाद किया जाएगा। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आज युवाओं के सामने रोजगार की अनिश्चितता, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का खर्च, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, फीस और छात्रवृत्ति जैसी कई समस्याएं हैं। इसके अलावा पुस्तकालयों की उपलब्धता, खेल सुविधाएं, प्रशिक्षण, मानसिक स्वास्थ्य तथा गांवों से कॉलेज और कार्यस्थलों तक सुरक्षित एवं किफायती आवागमन जैसे मुद्दों को भी बैठकों में प्रमुखता से उठाया जाएगा। रामजी अवस्थी ने कहा कि केवल बड़े मंचों से भाषण देकर युवाओं की समस्याओं को पूरी तरह समझना संभव नहीं है। इसके लिए उनके बीच बैठकर उनकी बात सुनना और उनकी वास्तविक परेशानियों को समझना जरूरी है। अभियान के दौरान युवाओं के अनुभव, शिकायतें और सुझाव लिखित रूप में दर्ज किए जाएंगे। साथ ही उपलब्ध दस्तावेजों की जांच कर संबंधित विभागों से उनका पक्ष और कार्रवाई की स्थिति जानने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी ब्लॉकों और वार्डों में संवाद कार्यक्रम पूरा होने के बाद जनपद स्तर पर मंथन किया जाएगा। इसके बाद युवा महापंचायत आयोजित करने का प्रस्ताव है, जिसमें क्षेत्रवार समस्याओं और प्राथमिकताओं के आधार पर मांगपत्र तैयार किया जाएगा। महापंचायत की तारीख और स्थान बाद में घोषित किए जाएंगे। अवस्थी ने बताया कि युवा अपने सुझाव गूगल फॉर्म के माध्यम से भी भेज सकेंगे। अभियान और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी 'युवा बैठक-शाहजहांपुर' व्हाट्सऐप चैनल पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरी पहल शांतिपूर्ण, सम्मानजनक और तथ्यों पर आधारित संवाद के जरिए आगे बढ़ाई जाएगी। इस दौरान रफी उल हसन, शोभित मिश्रा, रवि नंदन, गौरव त्रिपाठी, मोहम्मद निहाल, अतुल मौर्य, शिवम यादव, ब्रजेश वर्मा, शिवांश मिश्रा, हिमांशु मुदगल, आशीष तिवारी, आर्यन वर्मा, अनुभव दुबे, अयान, अनुज मिश्रा, रामजी वर्मा, आयुष कुमार, जितिन शुक्ला, सुधांशु मिश्रा, हसन खान, शिवओम मिश्रा, जितेंद्र पाल, अंकित मिश्रा, देव मिश्रा और इरफान खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मदनापुर के झारहरहरीपुर में दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण संपन्न

शाहजहांपुर। खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत विकास खंड मदनापुर के ग्राम झारहरहरीपुर में 14 से 15 नवंबर तक दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रशासक फूलमती ने किया। प्रभारी अधिकारी असीम कुमार वर्मा ने लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में पूर्व प्रभारी वीरेंद्र पाली, डॉ. मेरी ज्वेल, अखिलेश कुमार, राजवीर सिंह ने PMFME योजना व खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इकाई स्थापना पर प्लांट, मशीनरी पर 35 प्रतिशत तक सब्सिडी, अधिकतम 5 करोड़ तक दी जाती है। मिनी फ्लोर मिल, ऑयल एक्सपेलर, मसाला उद्योग, मिल्क प्रोडक्ट आदि की जानकारी भी दी गई।

जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी लाना ही सच्ची सेवा: ललिता

लायन्स क्लब शक्ति ने अर्जुनपुर बरमौला में जरूरतमंद महिलाओं को बांटे गर्म कपड़े, आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



जरूरतमंदों की मदद करने से बढ़कर कोई दूसरी सेवा नहीं है। त्योहारों की असली खुशी तभी है, जब समाज के जरूरतमंद लोगों के चेहरों पर भी दीवाली और होली जैसी मुस्कान दिखाई दे। यह बात लायन्स क्लब शाहजहांपुर शक्ति की अध्यक्ष ललिता यादव ने भावलखेड़ा ब्लॉक के गांव अर्जुनपुर बरमौला में आयोजित गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम के दौरान कही।

हर साल की भांति इस बार भी सर्दी से बचाव के लिए क्लब की ओर से जरूरतमंद महिलाओं को गर्म कपड़े वितरित किए गए। गर्म वस्त्र पाकर महिलाओं के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। बुजुर्ग महिलाओं ने क्लब के सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए उनके इस सेवा कार्य की सराहना की।

इस मौके पर क्लब अध्यक्ष ललिता यादव ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि घर-परिवार की जिम्मेदारियां निभाने के साथ ही महिलाओं को अपनी प्रतिभा और हुनर को भी पहचानना चाहिए। उन्होंने कहा कि चौका-चूल्हा संभालने के साथ अपने लिए भी कुछ करने की सोचें। अपनी कला और प्रतिभा को निखारें तथा ऐसा कार्य करें, जिससे वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। छोटी-छोटी मदद भी किसी के जीवन में बड़ी खुशी ला सकती है। कार्यक्रम में क्लब सचिव प्रियंका बियानी, श्रेयसी यादव, प्रीती सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

ट्रेन पलटने की भ्रामक पोस्ट वायरल करना पड़ा भारी, गिरफ्तार



परशुरामपुरी, शाहजहांपुर। सोशल मीडिया पर बरेली और शाहजहांपुर के बीच ट्रेन पलटने की भ्रामक पोस्ट प्रसारित करना एक युवक को भारी पड़ गया। थाना परशुरामपुरी पुलिस ने शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका के चलते आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के ग्राम किरतापुर निवासी प्रदीप पुत्र सूरजपाल अपनी इंस्टाग्राम आईडी से ट्रेन पलटने संबंधी एक वीडियो और भ्रामक पोस्ट साझा कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि युवक ने इंस्टाग्राम से एक पुराना वीडियो डाउनलोड कर अपनी आईडी पर अपलोड किया था। पुलिस ने युवक को भ्रामक और अफवाह फैलाने वाली पोस्ट साझा न करने की हिदायत दी, लेकिन इसके बावजूद वह अपनी हरकत से बाज नहीं आया। पुलिस का कहना है कि इस तरह की भ्रामक सूचना से आमजन में भ्रम, आक्रोश और अशांति फैलने की आशंका थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी खबर या वीडियो को बिना सत्यता की जांच किए साझा न करें और अफवाह फैलाने से बचें।

बाल दिवस पर मेधावी छात्र-छात्राएं हुईं पुरस्कृत, विधायक ने बढ़ाया उत्साह

मिर्जापुर, शाहजहांपुर।



देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के अवसर पर विकासखंड मिर्जापुर के ग्राम ढाई स्थित स्वामी कृष्ण देव परमहंस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भव्य सांस्कृतिक व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जलालाबाद विधायक हरी प्रकाश वर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी अतिथियों ने सराहना की। बच्चों को संबोधित करते हुए विधायक हरी प्रकाश वर्मा ने कहा कि आज के बच्चे ही कल के भारत के निर्माता हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का मंत्र देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल और रचनात्मक गतिविधियों से ही सर्वांगीण विकास संभव है। विधायक ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए अपील की कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक संस्कार भी दिए जाएं, जिससे वे देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के विकास और शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

बाल दिवस पर उत्साहपूर्वक आयोजित हुईं खेल प्रतियोगिताएं

परशुरामपुरी, शाहजहांपुर। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती (बाल दिवस) के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, परशुरामपुरी में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अमन श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। प्रतियोगिताओं में दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्सीकूद और कुर्सी दौड़ सहित कई रोचक खेल शामिल रहे। विद्यालय के विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा और अनुशासन का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य परिवार ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद भी बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में अनिल अग्निहोत्री, अंकेश पाण्डेय, अनुराग पराशरी, पवन मिश्रा एवं महेश पाल का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।







छठ पूजा: लोदीपुर घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

- व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर की सुख-समृद्धि की कामना

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के तीसरे दिन संध्या अर्घ्य व्रतियों ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और संतान की लंबी उम्र की कामना की। शहर के मुख्य घाटों में लोदीपुर, हनुमतधाम, पीपल घाट,गर्रा घाट पर महिलाओं ने नदी के पानी में उतरकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। पूजा अर्चना के लिए जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा घाटों पर विशेष व्यवस्था कराई गई थी।

शाम होते ही घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते हुए छठ पूजा करने वाले श्रध्दालु घाटों पर पहुंचे। जहां उन्होंने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। महापर्व के तीसरे दिन व्रती महिलाओं ने जलधारा में खड़े होकर अंतरात्मा में डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया।



बता दें कि छठपर्व में महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की लंबी उम्र और खुशहाल जीवन की कामना के साथ कठिन व्रत रखते हैं। छठ पूजा की सबसे खास बात यह है कि इसमें उगते सूर्य के साथ-साथ डूबते सूर्य को भी अर्घ्य देकर सूर्य देवता का धन्यवाद दिया जाता है। आज सोमवार को सुबह महिलाएं घाट पर जाकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देगी और छठ पूजा संपन्न होगी। लोदीपुर घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूर्वांचल महासभा सेवा समिति अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्र ने बताया कि छठ महापर्व के अवसर पर लोधीपुर छठ घाट, हनुमत धाम छठ घाट एवं गर्रा घाट को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं भव्य साज-सज्जा के साथ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने छठ मईया की पूजा की उन्होंने बताया कि पूजा में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह,एसपी,नगरायुक्त व सिटी मजिस्ट्रेट समेत अन्य अधिकारियों ने आकर छठ पूजा के श्रध्दालुओं को शुभकामनाएं दी। व्रतियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए लाइटिंग, चेंजिंग रूम, गोताखोर, पुलिस बल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर कराने के लिए प्रशासन का धन्यवाद।





सिर्फ उगते नहीं, डूबते सूर्य का भी होता है सम्मानः रीता

शाहजहांपुर। छठ पूजा का महापर्व के तीसरे दिन रविवार को डूबते सूर्य को व्रती महिलाओं ने शाम को लोदीपुर घाट पर आकर पूजा अर्चना की। गोरखपुर जनपद के रहने वाले तिलहर में तैनात सप्लाई इंसेक्टर आलोक कुमार परिवार के साथ शाहजहांपुर के सिटी पार्क में रहते हैं। छठ पूजा करने आई उनकी पत्नी रीता शुक्ला ने बताया कि वह आमतौर पर लोग उगते सूरज को नई शुरुआत और सफलता से जोड़कर देखते हैं, लेकिन छठ पूजा में डूबते सूर्य को भी उतनी ही श्रद्धा के साथ अर्घ्य दिया जाता है. इसके पीछे एक खास भाव छिपा है। यह परंपरा बताती है कि हमें सिर्फ उगते समय ही नहीं, बल्कि अस्त होते समय भी सम्मान देना चाहिए. हालांकि, इसे छठ की धार्मिक परंपरा की एक आधुनिक जीवन-सीख के रूप में भी समझा जा सकता है।

डीएम ने की निर्वाचन कार्यों की समीक्षा, ड्यूटी में लापरवाही पर निलंबन की चेतावनी



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने बीएलओ व सुपरवाइजरों की ड्यूटी सूची तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में लापरवाही या मना करने वाले कार्मिकों पर निलंबन सहित कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि पदाभिहित अधिकारियों की सूची डीईओ पोर्टल पर अपलोड कर राजनीतिक दलों को दी जाएगी। 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक पदाभिहित स्थलों पर सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक फॉर्म-6, 7 व 8 भरे जाएंगे। बड़े कॉलेजों, कार्यालयों व तहसीलों में 10-10 पदाभिहित स्थल बनाने के निर्देश दिए। 30 नवंबर तक मृतक, स्थायी स्थानांतरित व डुप्लीकेट मतदाताओं की रिपोर्ट देने को कहा। 18 नवंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची सभी दलों को सुनाई जाएगी। बैठक में एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट रजनीकांत सहित सभी एसडीएम व तहसीलदार मौजूद रहे।

निघासन में तेंदुए का जानलेवा हमला

गन्ना छीलने गए किसान को बनाया निशाना, गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती

लखीमपुर खीरी। निघासन क्षेत्र के ग्राम खैरीगढ़ में तेंदुए के हमले से दहशत फैल गई है। गांव निवासी जितेंद्र यादव अपने गांव से करीब 100 मीटर पश्चिम स्थित गन्ने के खेत में गन्ना छीलने गए थे। इसी दौरान खेत में मौजूद तेंदुए ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमले में जितेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। घायल जितेंद्र यादव को तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। तेंदुए के हमले की खबर फैलते ही इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। खेतों में काम करने वाले किसानों और ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

पशु आरोग्य मेले में 291 पशुओं को निरोग रखने की दवाएं वितरित की

- शिविर का उद्घाटन समाजसेवी रिजवान अहमद ने फीता काटकर किया

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।

पशु पालन विभाग की ओर से क्षेत्र के ग्राम गुटेटी उत्तर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर/मेले का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन समाजसेवी एडवोकेट रिजवान अहमद ने फीता काटकर किया। पशु चिकित्सा शिविर के आयोजक राजकीय पशु चिकित्सालय मिर्ज़ापुर के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सहदीप कुमार ने बताया कि शिविर में



275 पशुओं को कृमि व किलनी नाशक दवा का वितरण किया गया। शिविर में चार गाय व भैंस का कृत्रिम गर्भधान,दो पशुओं का पशुओं का बधियाकरण और दस रोगी पशुओं का इलाज किया गया। डॉ. सहदीप कुमार ने पशु पलकों को सर्दी के मौसम में पशुओं में होने वाले रोगों और उनके चारा पानी,रखरखाव की जानकारी दी। उन्होंने पशुपालकों को गाय भैंस के कृत्रिम गर्भधान से नस्ल सुधार कर अच्छा दूध लेने की जानकारी दी। शिविर के संचालन में पशुधन प्रसार अधिकारी अमित कुमार सिंह वी क्षेत्र के फील्ड वर्कर (पैरवेट) का विशेष सहयोग रहा।

हवन-पूजन के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने चेन में गन्ना डालकर किया नवीन पेराई सत्र का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।

दी किसान सहकारी चीनी मिल के नवीन पेराई सत्र का वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मिल प्रबंधक डॉ सुभाष यादव के सानिध्य में हवन पूजन के साथ मिल स्विच दबाकर और चेन में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया। रविवार पूर्वान्ह 11 बजे चीनीमिल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वित्त मंत्री श्री खन्ना के पहुंचने पर उनका मिल प्रशासन ने फूल मालाएं पहनाकर भव्य से स्वागत किया। पेराई सत्र के शुभारंभ के अवसर पर पंडित राम जी के सानिध्य में अनुष्ठान में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मिल प्रबंधक डॉ सुभाष यादव के साथ मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दीं।





तदोपरांत वैल गाड़ी काटे पर नवदिया घूसर गांव के किसान शंकर लाल प्रथम गन्ना गाड़ी के बैलों का तिलक लगाकर पूजन किया। फिर ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर पहुंचे बिलहरी गांव के किसान वीरपाल का भी स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। तदोपरांत चेन का स्विच दबाकर और चेन में गन्ना डालकर नवीन पेराई सत्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में ददरौल विधायक अरविंद सिंह, एमएलसी सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, ब्लॉक प्रमुख कविता यादव भाजपा नेता नरेंद्र गुप्ता लल्ला भैया, अरुण यादव चैनू, उपसभापति दोदराम कुशवाहा, पूर्व उपसभापति सुरेश पाल सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि के अलावा चीनी मिल के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के किसान भी शामिल रहे।

मिर्जापुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो वारंटी गिरफ्तार



मिर्जापुर। जनपद शाहजहांपुर में अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मिर्जापुर पुलिस ने रविवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी परशुरामपुरी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चला रही थी। इसी दौरान 15 नवंबर को सुबह करीब 4:30 बजे ग्राम पहरुआ निवासी राजीव पुत्र भभूती को गिरफ्तार किया गया। वह मारपीट, घर में घुसकर धमकी देने से संबंधित वाद में वारंटी था। वहीं, सुबह करीब 6:50 बजे ग्राम पिपरिया नगला निवासी नीरज उर्फ मिजई पुत्र श्रीकृष्ण धोबी को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध चोरी, चोरी का माल बरामद होने तथा आयुध अधिनियम से संबंधित विभिन्न मामलों में वारंट जारी थे। दोनों गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सहित उपनिरीक्षक रामपाल सिंह, चन्द्रपाल सिंह तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

क्षत्रिय समाज सनातन संस्कृति व सवर्णों के सम्मान के लिए करता रहेगा संघर्षः कुं हरिवंश सिंह

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में रविवार को टाउन हॉल गांधी भवन में क्षत्रिय महासम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें जनपदभर के क्षत्रिय समाज के लोग पहली बार बड़ी संख्या में परंपरागत पगड़ी व वेशभूषा में एकजुट हुए। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह ने कहा कि महासभा सनातन संस्कृति और सवर्णों के सम्मान के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। यूजीसी मामले में सुप्रीम कोर्ट से मिले स्थगन आदेश को समाज की जागरूकता का परिणाम बताया।



विशिष्ट अतिथि डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज ने हमेशा देश की रक्षा की है, अब शस्त्र के साथ शास्त्र व शिक्षा को शक्ति बनाना होगा। जिला सहकारी बैंक सभापति डीपीएस राठौर ने सहकारिता से आर्थिक विकास पर जोर दिया। सम्मेलन में सोशल मीडिया, व्यवसाय, शिक्षा व अधिवक्ता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ध्रुव प्रताप सिंह चंदेल, कौशलेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रदीप सिंह परमार व अवधेश सिंह तोमर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह, पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंह, जिला अध्यक्ष पदम सिंह, जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन मुनीश सिंह परिहार ने किया।

यातायात माह में मूक-बधिर चालकों के लिए चला जागरूकता अभियान

शाहजहांपुर। यातायात माह नवंबर-2026 के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा मूक-बधिर वाहन चालकों की सुरक्षा व सम्मान के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। एआरटीओ व यातायात प्रभारी निरीक्षक के साथ चलाए गए अभियान में मूक-बधिर चालकों के वाहनों व हेलमेट पर %ष्ठक्रड्ढङ्कश्चक्र ढ्ढस् ष्ठश्चस्र% स्टीकर लगाए गए और हेलमेट वितरित किए गए। अधिकारियों ने आमजन को जागरूक किया कि



मूक-बधिर व्यक्ति भी यातायात का हिस्सा हैं। उनके प्रति सम्मान व सहयोग रखें, अनावश्यक हॉर्न न बजाएं, उनके संकेतों को समझें और सुरक्षित आवागमन में मदद करें।

लखनऊ पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव 'स्पार्क 2026'

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।

लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर खीरी शाखा में वार्षिकोत्सव 'स्पार्क 2026' बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजय सचदेवा ने सभी अतिथियों का स्वागत पौधे (सैपलिंग) भेंट कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ सीनियर विंग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक माँ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं शानदार मंचीय प्रदर्शन से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अनेक आकर्षक प्रस्तुतियाँ देखने को मिलीं। इनमें महान धावक मिल्खा सिंह के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित 'द फ्लाइंग मिल्खा', नन्हे-मुन्ने बच्चों की कल्पनाओं एवं सपनों को साकार करता 'वेलकम टू द वर्ल्ड ऑफ ड्रीम्स', पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता 'स्पीड ऑफ जंगल', लय एवं ताल का अद्भुत संगम 'ड्रिल स्पेक्टेकल्स', भारत-रूस की मित्रता एवं सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता 'टू नेशन विजन', कल्कि अवतार एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता 'कलयुग', मधुर गीतों से सजी 'सिंगिंग स्पेक्ट्रम', मानवीय भावनाओं एवं विविध रंगों को प्रस्तुत करता 'शेड्स ऑफ ह्यूमैनिटी' तथा विभिन्न नृत्य शैलियों का अनूठा संगम 'स्विच डाइमेंशन' विशेष आकर्षण रहे। सभी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा।

समारोह के दौरान आई.सी.एस.ई. परीक्षा 2026 में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 41 मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं सैपलिंग भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, उनके अभिभावकों



को शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में विशेष अतिथि के रूप में श्री वी. विक्रमन, डी.आई.जी., सशस्त्र सीमा बल एवं श्री उत्कर्ष वर्मा, सांसद, खीरी उपस्थित रहे। अन्य गणमान्य अतिथियों में श्रीमती कांति सिंह, वर्तमान एम.एल.सी., लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस के फाउंडर चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह पटेल; समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष श्री अनुराग पटेल एवं कार्यकर्ता श्री हिमांशु पटेल, जूलियन डे स्कूल की एम.डी. श्रीमती प्रेरणा वर्मा पितारिया, एल.पी.एस.,हरदोई प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता वर्मा, विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राएं क्रमशः आई.ए.एस. अधिकारी श्री सचिन वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी निधि वर्मा तथा ब्रांच मैनेजर, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया श्री आदर्श मोहन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने अपनी प्रतिभा एवं उत्कृष्ट मंचीय प्रदर्शन से समारोह को यादगार बनाने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा सम्मानित मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस के फाउंडर चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह पटेल ने विद्यालय संस्था की निरंतर प्रगति, शैक्षिक विस्तार एवं दूरदर्शी सोच की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आयोजित शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से भी किया गया, जिससे सभी दर्शकों को भी इस भव्य आयोजन से जुड़ने और देखने का अवसर मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजय सचदेवा ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाने में विद्यालय परिवार के समस्त कर्मचारियों, शिक्षकों एवं इंचार्जों द्वारा किए गए अथक परिश्रम एवं समर्पण की सराहना करते हुए सभी को धन्यवाद दिया।

अदालती सूचना

ता. पेशी 06.01.2026
सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू.डि. महोदय पुवायां, शाहजहांपुर
मुकदमा नंबर 66 वर्ष 2026
कमला देवी
बनाम
मीरावती
बनाम

1- मीरावती पत्नी धनेश्वर नि. ग्रा. जनकापुर पर . व तह. पुवायां, जिला शाहजहांपुर ...प्रतिवादीगण

हरगाह कमला देवी वादी उक्त ने आपके नाम एकनालिश वावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 06.01.2026 वक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमें की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो जबाव दाखिल करे उसी रोज दस्तावेज पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वैगर हाजिरी मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत मोहर अदालत से तारीख 14.11.2026 में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार वाद लिपिक सिविल जज जू.डि. पुवायां, शाहजहांपुर।

'सी.ई.सी.' और चुनाव आयुक्तों को 'पूर्ण कानूनी छूट' समाप्त होनी चाहिए




मनीष तिवारी

विधि का शासन (रूल ऑफ लॉ) वह आधारभूत सिद्धांत है, जो एक संवैधानिक लोकतंत्र को निरंकुशता से अलग करता है। विधि का यह प्रतिष्ठित शासन विक्टोरिया युग की इस उक्ति 'राजा कोई गलती नहीं कर सकता' के बिल्कुल विपरीत खड़ा है। हालांकि, आधुनिक भारत की संवैधानिक रूपरेखा में राज्य को दायित्व से संरक्षण देने का कोई विशेष स्थान नहीं है। भारत सरकार अधिनियम, 1858 के प्रारंभिक दौर में ही 'सैक्रेटरी ऑफस्टेट इन काऊंसिल' के माध्यम से मुकद्दमा दायर करने और किए जाने के प्रावधान के साथ राज्य के दायित्व को मान्यता दी गई थी। यह प्रावधान, समान रूप से उत्तरवर्ती अधिनियमों और यहां तक कि संविधान के अनुच्छेद 300 में भी जारी रहा, जो इस बात की पुष्टि करता है कि राज्य की भव्य संस्था, चाहे वह कितनी भी अभिन्न, अविभाज्य या संप्रभु क्यों न हो, कानूनी और सामयिक कार्रवाइयों तथा कानून के बल से अछूती नहीं है। यही बात उस संस्था के लिए सच नहीं कही जा सकती जिसे भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का 'तटस्थ मध्यस्थ' माना जाता है, अर्थात भारत का निर्वाचन आयोग। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 की धारा 16 को इस प्रकार नियुक्त किए गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सी.ई.सी.) और निर्वाचन आयुक्तों (ई.सी.) को पूर्ण कानूनी छूट प्रदान करने के लिए अधिनियमित किया गया था। संविधान निर्माताओं ने कभी यह कल्पना नहीं की थी कि संसद के एक अधिनियम द्वारा विधि के शासन और राज्य के दायित्व को पूरी तरह उलट दिया जाएगा। धारा 16 ने सी.ई.सी. और ई.सी. के चारों ओर शाश्वत और पूर्ण उन्मुक्ति का एक ऐसा किला खड़ा कर दिया है, जो भारत के राष्ट्रपति को प्राप्त सुरक्षा कवच से भी अधिक अभेद्य है और संवैधानिक न्यायालयों के न्यायाधीशों को उपलब्ध संरक्षणों से भी अधिक निरपेक्ष है। न्यायिक उन्मुक्ति के साथ तुलना विशेष रूप से शिक्षाप्रद है, क्योंकि यह उस जानबूझकर पैदा की गई विषमता को उजागर करती है, जिसे विधायिका लागू करना चाहती थी। न्यायाधीश (संरक्षण) अधिनियम, 1985 की धारा 3(1) यह प्रावधान करती है कि कोई भी न्यायालय किसी न्यायाधीश के विरुद्ध आधिकारिक या न्यायिक कर्त्तव्य के निर्वहन में किए गए किसी भी कार्य के लिए कोई दीवानी या आपराधिक कार्रवाई ग्रहण या जारी नहीं रखेगा। 2023 के अधिनियम की धारा 16 इस प्रावधान का लगभग अक्षरशरू पुनरुत्पादन है, जो इसे आधिकारिक कार्यों के निर्वहन में किए गए कृत्यों के लिए सी.ई.सी. और ई.सी. तक विस्तारित करती है। हालांकि, यह समानता भ्रामक है और इसका अंतर अत्यंत घातक है। 1985 के अधिनियम की धारा 3(2) स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार, सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों और अन्य सक्षम प्राधिकारियों की उस शक्ति को सुरक्षित रखती है, जिसके तहत वे कानून द्वारा अनुमतरू न्यायाधीशों के विरुद्ध दीवानी, आपराधिक, विभागीय या अन्य कार्रवाई कर सकते हैं। 2023 के अधिनियम में ऐसा कोई सेविंग क्लॉज मौजूद नहीं है। यह तर्क कि सी.ई.सी. और ई.सी. के कदाचार के लिए महाभियोग ही उपयुक्त संवैधानिक उपचार है, मौलिक रूप से भ्रामक है। अनुच्छेद 124(4) के साथ पठित अनुच्छेद 324(5) के तहत सी.ई.सी. का महाभियोग एक राजनीतिक प्रक्रिया है, न कि कोई आपराधिक मुकद्दमा। इसका उद्देश्य महाभियोग योग्य आधारों पर किसी अनुपयुक्त व्यक्ति को पद से हटाकर जनहित की रक्षा करना है, न कि किसी व्यक्ति पर दंडात्मक उपाय लागू करना। संविधान सी.ई.सी. को पद के कार्यकाल के दौरान किए गए कृत्यों के लिए आपराधिक दायित्व से उन्मुक्ति प्रदान नहीं करता। इससे यह स्पष्ट होता है कि अनुच्छेद 61 के तहत महाभियोग की कार्रवाई को छोड़कर, व्यक्तियों को दोषी ठहराने और पद से हटाने की संसद की शक्ति कदाचार के लिए आपराधिक उपचारों के साथ अति व्यापी नहीं होती। भारतीय राजनीतिक संदर्भ में महाभियोग की व्यावहारिक वास्तविकता इसे एक भ्रामक उपचार बना देती है। यह प्रक्रिया अत्यंत लंबी है, जिसके लिए ऐसी राजनीतिक सहमति की आवश्यकता होती है, जो ध्रुवीकृत राजनीति में शायद ही कभी मिल पाती है और इसे अक्सर अनिच्छुक पीठासीन अधिकारियों द्वारा बाधित किया जाता है, जिन्होंने व्यक्तिपरक आधारों पर हटाने के प्रस्तावों को बार-बार खारिज किया है। जब निंदनीय कृत्य के लिए उत्तरदायी व्यक्ति को बहुमत दल या सत्तारूढ़ व्यवस्था का समर्थन प्राप्त हो, तो महाभियोग की कार्रवाई कभी भी सफल नहीं हो पाएगी और कार्यपालिका तथा उसके द्वारा नियुक्त व्यक्तियों को जवाबदेह ठहराने का विपक्ष का संवैधानिक कर्त्तव्य विफल हो जाता है। एक स्वस्थ और जवाबदेह लोकतंत्र के लिए, ऐसी कार्रवाइयों के दौरान होने वाली जांच और गवाहियों को संसद में महाभियोग के अनुच्छेदों पर मुकद्दमा चलने से काफी पहले आधिकारिक गोपनीयता के पर्दे से बाहर निकालकर सार्वजनिक जांच के लिए लाया जाना चाहिए। अन्यथा, संवैधानिक संस्थाओं में विश्वास का क्षरण अपरिहार्य हो जाता है।

लोकतंत्र की प्राणवायु है स्वतंत्र प्रेस



योगेश कुमार गोयल



अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बरकरार रखने तथा उसका सम्मान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए प्रतिवर्ष 16 नवंबर को 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में यह दिवस एक वैधानिक और अर्ध-न्यायिक प्रतिष्ठान के रूप में भारतीय प्रेस परिषद को स्वीकार करने तथा सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है, जो देश में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की उपस्थिति का प्रतीक है और इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व के प्रति जागरुकता फैलाना है। पत्रकारिता की नैतिकता और प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए भारत में प्रथम प्रेस आयोग ने 1956 में एक समिति की कल्पना की थी और 10 वर्ष बाद 4 जुलाई 1966 को भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना की, जिसने 16 नवंबर 1966 को अपना कार्य शुरू किया। उसी के बाद से प्रतिवर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भारतीय प्रेस परिषद देश में स्वस्थ लोकतंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के अलावा विश्वसनीयता बरकरार रखने के लिए एक नैतिक प्रहरी के रूप में सभी पत्रकारिता गतिविधियों की निगरानी करती है तथा यह भी सुनिश्चित करती है कि देश में प्रेस किसी बाहरी मामले से प्रभावित न हो।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस वास्तव में प्रेस की स्वतंत्रता तथा समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारियों का प्रतीक है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 में भारतीयों को दिए गए अभिव्यक्ति की आजादी के मूल अधिकार से देश में प्रेस की स्वतंत्रता भी सुनिश्चित होती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जहां प्रेस ने लोगों में राष्ट्रीय चेतना की भावना जागृत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, वहीं स्वतंत्रता के बाद भी अनेक अवसरों पर सिद्ध होता रहा है कि प्रेस के बिना भारतीय लोकतंत्र अधूरा है। पत्रकार को समाज का ऐसा आईना माना जाता रहा है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी सच्चाई को सामने लाता है। भारत में प्रेस को जनता की एक ऐसी 'संसद' की उपाधि दी गई है, जिसका कभी सत्रावसान नहीं होता और जो सदैव जनता के लिए कार्य करती है। इसे समाज में परिवर्तन लाने अथवा जागृत करने के लिए जन-संचार का एक सशक्त माध्यम माना गया है। प्रेस को समाज की चिंतन प्रक्रिया का एक ऐसा अनिवार्य तत्व माना गया है, जो उसे दिशा व गति देने में सक्षम हो। इसे जनता की ऐसी आंख माना गया है, जो सभी पर अपनी पैनी और निष्पक्ष दृष्टि रखे। प्रेस को जनता की उंगली माना गया है, जो गलत कार्यों के विरोध में स्वतः ही उठ जाती है। प्रेस को समाज के प्रति पूर्ण समर्पण के रूप में देखा जाता है। इसे केवल एक पेशा न मानकर जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है।

प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व को दुनिया की कई महान हस्तियों ने अपने-अपने शब्दों में रेखांकित किया है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा के शब्दों में कहें तो प्रेस पर लोकतांत्रिक परम्पराओं की रक्षा करने और शांति व भाईचारा बढ़ाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने प्रेस की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि प्रेस का प्रथम उद्देश्य जनता की इच्छाओं और विचारों को समझना तथा उन्हें सही ढ़ंग से व्यक्त करना है जबकि दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाओं को जागृत करना और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को निर्भयतापूर्वक प्रकट करना है। संयुक्त राज्य अमेरिका के तीसरे राष्ट्रपति थॉमस जेफरसन के मुताबिक हमारी स्वतंत्रता प्रेस की स्वतंत्रता पर निर्भर करती है, जिसे खोये बिना सीमित नहीं किया जा सकता। अमेरिका के जाने-माने समाचार प्रस्तोता और विख्यात पत्रकार वाल्टर क्रोनकाइट का कहना था कि प्रेस की स्वतंत्रता केवल लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र है। अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी कहते थे कि एक राष्ट्र, जो अपने लोगों को एक खुले बाजार में सच्चाई और झूठ का न्याय करने से डरता है, वह एक ऐसा राष्ट्र है, जो अपने लोगों से डरता है। ब्रितानी कंजर्वेटिव पार्टी के राजनेता, लेखक तथा दो बार प्रधानमंत्री रहे बेंजामिन डिसरायली का कहना था कि प्रेस न केवल स्वतंत्र है बल्कि शक्तिशाली भी है और वह शक्ति हमारी है। नेल्सन मंडेला ने भी एक स्वतंत्र प्रेस को लोकतंत्र के स्तंभों में से एक बताया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने प्रेस की स्वतंत्रता को एक ऐसा अनमोल विशेषाधिकार बताया था, जिसे कोई भी देश नहीं छोड़ सकता। प्रेस से जुड़े लोगों के कंधों पर समाज में स्वस्थ मानक स्थापित करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है और चूंकि प्रेस को समाज का दर्पण माना गया है, अतः उस दर्पण में हम जनता को जो कुछ दिखाएंगे, वही उसे नजर आएगा। इसलिए प्रेस जगत के लोगों से समाज के हर वर्ग को यही उम्मीद होती है कि उनका चरित्र अच्छा हो, उनके लेखन में निष्पक्षता और पारदर्शिता हो तथा वे ऊंचे आचार सिद्धांतों को अपनाएं। कानून व्यवस्था की खामियों को प्रकाशित-प्रसारित करना, अपने प्रयासों से शासन को सुव्यवस्थित करना व लोक हितकारी बनाना, पथभ्रष्टों को सन्मार्ग पर लाना, भ्रष्ट तंत्र को चौकन्ना बनाना, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखना, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पर्दे की ओट में होने वाले दुष्कृत्यों, अत्याचारों व अन्याय का जनहित में पर्दाफाश करना, समाज व मानवता के गुनाहगार चेहरों पर पड़े नकाब नोचकर जनता के सामने लाना, निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए धार्मिकता एवं राजनीति की आड़ लेने वालों के राज पर्दाफाश करना, समाज में स्वस्थ मानक स्थापित करना, लोक चेतना जागृत करना इत्यादि प्रेस के निम्नलिखित प्रमुख दायित्व माने गए हैं लेकिन यदि पत्रकार स्वयं भ्रष्ट व गैर जिम्मेदार होंगे तो न वे निष्पक्षता के साथ अपनी बात कहने में सक्षम होंगे और न ही समाज के सामने कोई आदर्श तस्वीर प्रस्तुत कर सकेंगे।

पत्रकार जनता का ऐसा प्रतिनिधि होता है, जो जनता द्वारा चुना तो नहीं जाता लेकिन उसकी समस्याओं को उसके चुने गए प्रतिनिधियों के सामने समाधान के लिए प्रस्तुत करने का बड़ा माध्यम होता है। अतः यदि प्रेस प्रतिनिधि समाज के कमजोर व शोषित वर्ग की आवाज उठाने के बजाय निहित स्वार्थों के चलते केवल सत्ता से ही प्रेम संबंध बनाने के प्रयासों में लगा रहेगा तो यह प्रेस की विश्वसनीयता के लिए ही घातक सिद्ध होता है। बहरहाल, राष्ट्र की स्वतंत्रता की रक्षा, समृद्धि व विकास, राष्ट्रीय अखंडता तथा जन जागरण की ओर अग्रणी रहने हेतु प्रेस को अपनी बहुआयामी भूमिका का निर्वहन करना होगा।

आशा है पंजाब का चुनाव एक परिवर्तनकारी नेतृत्व प्रदान करेगा



पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा, इसके बाद कांग्रेस की संगरूर रैली और अकाली दल-भाजपा गठबंधन की संभावना ने राज्य में बहुकोणीय चुनावी मुकाबले की पृष्ठभूमि तैयार कर दी है। पंजाब के ग्रामीण सिख युवाओं के धार्मिक उत्साह से पोषित एक नवोदित राजनीतिक दल 'वारिस पंजाब दे' के भी चुनावी मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की व्यापक संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि, चुनाव का समग्र परिदृश्य चिंताजनक है। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं के बीच तीखी प्रतिद्वंद्विता ने राजनीतिक वातावरण को दूषित कर दिया है। राज्य की प्रगतिशील नीतियों पर सूचित और सार्थक बहस का स्थान कटु व्यक्तिगत आरोपों ने ले लिया है। कृषि अर्थव्यवस्था के विविधीकरण, नशे की लत, औद्योगिक ठहराव, बेरोजगारी, पर्यावरण के क्षरण, भूजल में कैंसरकारी तत्वों की मौजूदगी, स्वास्थ्य और शिक्षा के गिरते स्तर, व्यापक भ्रष्टाचार, राजनीतिक ड्रग्सहसा, गैंगस्टरवाद तथा राज्य की सत्ता के दुरुपयोग जैसे गंभीर और ज्वलंत मुद्दे एक ऐसे राज्य की कहानी बयान करते हैं, जो निरंतर पतन की ओर अग्रसर है। स्पष्ट है कि पंजाब का नेतृत्व करने के इच्छुक लोगों को राज्य के लंबे समय से लंबित पुनरुत्थान के लिए एक ईमानदार और व्यावहारिक कार्ययोजना प्रस्तुत करनी होगी। यह कार्ययोजना मुफ्त सुविधाओं के ऐसे अस्थिर वादों से आगे बढनी चाहिए, जिनकी कीमत राज्य को निरंतर बढ़ते कर्ज और जनता को एक दिवालिया राज्य की उदारता पर स्थायी निर्भरता के रूप में चुकानी पड़ती है। विकट चुनौतियों के सामने राजनीतिक नेतृत्व की असली कसौटी यह होगी कि क्या वह संकीर्ण और कटु दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनहित और सांझा उद्देश्यों पर आधारित राजनीति की एक उदात्त दृष्टि को अपनाने के लिए तैयार है? इसी प्रकार, राजनीतिक दलों का यह दायित्व है कि वे चुनाव में ऐसे उम्मीदवारों को उतारें, जिनका हृदय उदार हो, जिनकी दृष्टि व्यापक हो और जिनकी राजनीति जनसेवा के पवित्र सिद्धांतों पर आधारित हो। सभी दलों के नेताओं द्वारा बार-बार दिए जाने वाले इस वक्तव्य का कि केवल जीतने वाले उम्मीदवारों को ही पार्टी का टिकट दिया जाएगा, यही अर्थ होना चाहिए कि उम्मीदवार वही बनें, जो निरूस्वार्थ सेवा और जनता के साथ अपने व्यवहार में विनम्रता के प्रति प्रतिबद्ध हों। इसके साथ ही मतदाताओं पर भी एक समान दायित्व है कि वे ऐसे उम्मीदवारों को चुनें, जिनका सार्वजनिक जीवन और राजनीतिक आचरण निष्कलंक रहा हो, न कि उन्हें जिनकी नेतृत्व की दावेदारी मुख्यतरू अवैध रूप से अर्जित धन और अपराधियों के संरक्षण में पलने वाली बाहुबल की ताकत पर टिकी हो। पंजाब को ऐसी राजनीति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए, जो पूजनीय गुरुओं की शिक्षाओं में निहित हो और जो दमनकारी सत्ता के विरुद्ध सत्य, न्याय तथा निर्बलों की रक्षा के लिए शक्ति के उपयोग की वकालत करती हो। जहां 'आप' एक सत्तारूढ़ दल के रूप में अपनी राजनीतिक सत्ता बचाने के संघर्ष में अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए सत्ता के सभी साधनों का उपयोग करेगी, वहीं स्वयं को उसका प्रमुख प्रतिद्वंद्वी मानने वाली कांग्रेस के सामने एक स्पष्ट और बड़ी जिम्मेदारी है। उससे अन्य दलों की तुलना में अधिक अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी राजनीतिक भाषा में संयम बरते और ऐसी उदार राजनीतिक दृष्टि प्रस्तुत करे, जिसमें विरोधी की गरिमा का भी सम्मान हो। उसे पंजाब के पुनरुत्थान के लिए स्पष्ट रूप से ईमानदार नीतिगत प्रस्तावों पर आधारित समावेशी राजनीति का वादा करना चाहिए और उसे व्यवहार में भी उतारना चाहिए।

उसे ऐसे नए नेतृत्व को प्रोत्साहित करना चाहिए, जिसकी व्यक्तिगत और बौद्धिक ईमानदारी को राज्य की सेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की कसौटी पर परखा जा सके। यह चुनाव केवल राजनीतिक सत्ता को बनाए रखने या उसे हासिल करने का चुनाव नहीं हो सकता। इसे जनता के उस विश्वास की पुष्टि करनी चाहिए, जो उसने अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों की जनसेवा की सर्वोत्तम परंपराओं के अनुरूप कार्य करने की क्षमता में जताया है। अंततरू राज्य का भविष्य मतदाताओं के विवेकपूर्ण निर्णय और लंबे समय से बेहतर दिनों की धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कर रही जनता द्वारा अपनी जायज अपेक्षाओं को सामूहिक रूप से और पूरी दृढ़ता के साथ अभिव्यक्त करने पर निर्भर करता है। ऐसे समय में शकील बदायूंनी का यह शे'र अत्यंत प्रासंगिक हो उठता है- साहिल की तरफ कश्ती ले चल, तूफान के थपेड़े सहना क्या। तू आप ही अपना माझी बन, मौजों के सहारे बहना क्या। अर्थात् जनता स्वयं अपनी नाव को किनारे की ओर ले जाए, आखिर तूफान के थपेड़े कब तक सहती रहे? वह स्वयं अपनी नाव की पतवार संभाले, लहरों के भरोसे असहाय होकर बहते रहने का क्या औचित्य? आशा है कि पंजाब का यह चुनाव राज्य को ऐसा परिवर्तनकारी नेतृत्व प्रदान करेगा, जो अल्लामा इकबाल की इस दर्दभरी पुकार का आश्वस्त करने वाला उत्तर बन सके- निशान-ए-राह दिखाते थे जो सितारों को, तरस गए हैं किसी मर्द-ए-राहदां के लिए। अर्थात् जो कभी सितारों को भी राह दिखाया करते थे, आज वे स्वयं मार्ग जानने वाले किसी सच्चे पथप्रदर्शक के लिए तरस रहे हैं।

मुद्रा स्फीति दिखा सकती है अपना रौद्र रूप

प्रहलाद सबनानी

अक्टूबर 2026 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर पिछले दो वर्षों के उच्चतम स्तर 6.09 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो सितम्बर 2026 माह में 5.54 प्रतिशत थी। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मुद्रास्फीति की दर क्रमशः 6.63 प्रतिशत एवं 5.41 प्रतिशत की रही है। जबकि सितम्बर 2026 माह में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मुद्रास्फीति की दर क्रमशः 6.08 प्रतिशत एवं 4.88 प्रतिशत रही थी। अक्टूबर 2026 माह में सामान्य मुद्रास्फीति की उच्च दर वाले राज्य रहे हैं - तमिलनाडु - 7.29 प्रतिशत, तेलंगाना - 7.26 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश - 7.25 प्रतिशत, मध्यप्रदेश - 7.19 प्रतिशत एवं ओड़िसा - 7.1 प्रतिशत। इसी अवधि में उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक आधारित, वर्ष दर वर्ष, खाद्य मुद्रास्फीति की दर 8.94 प्रतिशत रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सम्बंधित मुद्रास्फीति की दर क्रमशः 9.09 प्रतिशत एवं 8.68 प्रतिशत रही है। अक्टूबर 2026 माह में खाद्य मुद्रास्फीति की उच्च दर वाले प्रमुख राज्य रहे हैं - आंध्रप्रदेश - 13.23 प्रतिशत, तमिलनाडु - 12.37 प्रतिशत, कर्नाटक - 12.16 प्रतिशत, तेलंगाना - 11.66 प्रतिशत एवं केरल - 10.92 प्रतिशत। मुद्रास्फीति का सबसे अधिक विपरीत प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है क्योंकि इस वर्ग की आय सीमित होती है एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों एवं अन्य उत्पादों की बढ़ती हुई कीमतें गरीब वर्ग की बचत को लगभग शून्य कर देती हैं। कई बार तो खाद्य पदार्थों की कीमतें इतने उच्च स्तर पर पहुंच जाती हैं कि गरीब वर्ग के लिए इन उत्पादों को खरीदने की क्षमता ही समाप्त हो जाती है। अक्टूबर 2026 माह में भी खाद्य मुद्रा स्फीति की दर लगभग 10 प्रतिशत तक पहुंच गई है। किसी भी वस्तु की कीमतों में वृद्धि अथवा कमी सामान्यतः उस वस्तु की बाजार में मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते होती है। जब किसी वस्तु की आपूर्ति, मांग की तुलना में कम होने लगती है तो बाजार में उस वस्तु की कीमतें बढ़ने लगती हैं। इसी प्रकार यदि किसी वस्तु की आपूर्ति बाजार में बढ़ जाती है तो उस वस्तु की कीमतें कम होने लगती हैं। हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर कई देशों के बीच युद्ध छिड़ गए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध पिछले 4 वर्षों से अधिक समय से लगातार चल रहा है, इजराईल-फिलिस्तीन युद्ध भी लम्बे समय से चल रहा है, अमेरिका-ईरान युद्ध को भी 6 माह से अधिक का समय व्यतीत हो चुका है। अमेरिका-ईरान युद्ध ने तो खाड़ी के अन्य देशों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों ने सऊदी अरब के विरुद्ध युद्ध छेड़ दिया है। विभिन्न देशों के बीच लगातार लम्बे समय से चल रहे युद्ध का परिणाम यह हुआ है कि विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतें लगभग 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 100-120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। दूसरे, उक्त युद्धों के चलते, विभिन्न उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित हुई है, इन उत्पादों की परिवहन लागतें एवं बीमा लागतें बहुत बढ़ गई हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में विभिन्न उत्पादों की कीमतें/ लागतें आसमान छू रही हैं। उक्त युद्धों के चलते वैश्विक स्तर पर आपूर्ति चैन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिसके चलते विभिन्न उत्पादों के एक देश से दूसरे देश में पहुंचने वाली समय सीमा पर भी प्रभाव पड़ा है एवं यह बहुत अधिक बढ़ गई है। वैश्विक स्तर पर मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक द्वारा सामान्यतः ब्याज दरों में वृद्धि की जाती है, ताकि बाजार में पूंजी की उपलब्धता कम हो। ब्याज दरों में वृद्धि से सामान्यजन अपनी पूंजी को बैंकों में जमा करने का प्रयास करता है क्योंकि उस



जमाराशि पर उसे अधिक ब्याज मिल रहा होता है वहीं दूसरी ओर, सामान्यजन बैंकों से ऋण लेने के प्रति निरुत्साहित होता है क्योंकि बैंकों से ली गई ऋणराशि पर अब उसे अधिक ब्याज देना पड़ता है। इन परिस्थितियों के बीच सामान्यजन के पास खर्च करने के उद्देश्य बहुत कम राशि बच पाती है। इससे विभिन्न उत्पादों की मांग बाजार में कम होने लगती है और उत्पादों की मांग एवं आपूर्ति में सामंजस्य स्थापित होने लगता है एवं मुद्रा स्फीति की दर कम होने लगती है। परंतु, ब्याज दर बढ़ाने के कुछ विपरीत प्रभाव भी देखने में आते हैं।

ब्याज दरों के बढ़ने से विनिर्माण इकाईयों द्वारा बैंकों से लिए जाने वाले ऋण पर अधिक ब्याज का भुगतान करना होता है, जिससे इन इकाईयों द्वारा निर्मित उत्पादों की उत्पादन लागत बढ़ने लगती है एवं इन इकाईयों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। लाभप्रदता को बनाए रखने के लिए कई बार इन इकाईयों द्वारा श्रमिकों की छटनी जैसे कड़वे निर्णय भी लिए जाते हैं जिससे अंततः देश में बेरोजगारी बढ़ती है। दूसरे, जिस देश द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की जाती है, उस देश की मुद्रा की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ने लगती है क्योंकि बढ़ती हुई ब्याज दरों के चलते विदेशी निवेश उस देश में आकर्षित होने लगता है और स्थानीय मुद्रा की मांग बढ़ जाती है। और, उस देश से विभिन्न उत्पादों के निर्यात अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगे होने लगते हैं। जबकि विभिन्न उत्पादों के आयात जरूर सस्ते होने लगते हैं। परंतु, लम्बे समय में विभिन्न उत्पादों का आयात बढ़ने एवं उत्पादों के निर्यात कम होने से विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आने लगती है। भारत में भी भारतीय रिजर्व बैंक को केंद्र सरकार की ओर से यह अधिदेश दिया गया है कि भारत में मुद्रा स्फीति की दर को 2 से 6 प्रतिशत के बीच में बनाए रखा जाय, इस दर से कम अथवा अधिक होने पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मोनेटरी पॉलिसी के माध्यम से उचित निर्णय लिए जाने चाहिए। इस संदर्भ में चूंकि भारत में मुद्रा स्फीति की दर 6 प्रतिशत के स्तर को पार कर गई है अतः मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से अब भारतीय रिजर्व बैंक भी ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा कर सकता है। कुल मिलाकर, मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में वृद्धि करने के मार्ग में अर्थव्यवस्था को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

वैसे भी, खाद्य पदार्थों की महंगाई को ब्याज दरें बढ़ाकर नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। इसके लिए तो बाजार में खाद्य पदार्थों की उपलब्धता बढ़ाने की आवश्यकता होती है। दरअसल, प्राचीन भारत में, भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार, बाजार में विभिन्न उत्पादों की आपूर्ति बनाए रखने के प्रयास किए जाते रहे हैं, इससे उस खंडकाल में मुद्रा स्फीति की समस्या ही नहीं दिखाई देती थी। इस संदर्भ में, प्राचीन भारत में ÷विपुलता के सिद्धांत÷ एवं ÷प्रतिस्पर्धा के सिद्धांत÷ का अनुपालन किया जाता था। अर्थात, बाजार में विभिन्न उत्पादों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में लगातार बनाए रखी जाती थी ताकि किसी भी उत्पाद की बाजार में कमी ही नहीं हो। दूसरे, एक ही उत्पाद को कई व्यापारियों द्वारा बेचा जाता था, ताकि बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनी रहती थी एवं उत्पादों की कीमतें बढ़ नहीं पाती थीं तथा इसका फायदा उपभोक्ताओं को होता था। आज तो कई उत्पादों को बेचने का एकाधिकार केवल एक अथवा दो विक्रेताओं के पास रहता है, जिससे वह उस उत्पाद के विक्रय की दरें बढ़ाते रहते है। आज आवश्यकता इस बात की है कि मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में वृद्धि करने के सिद्धांत के स्थान पर विपुलता के सिद्धांत एवं प्रतिस्पर्धा के सिद्धांत का अनुपालन किया जाय ताकि बाजारो में विभिन्न उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके न कि ब्याज दरें बढ़ाकर उत्पादों की मांग में कमी करने के प्रयास किए जाए। इससे देश में पूंजी की लागत बढ़ती है, बेरोजगारी बढने का खतरा बढ़ता है एवं सामान्यजन द्वारा बैंक से लिए जाने वाले ऋण पर अधिक ब्याज देना होता है और अंततः इससे देश की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। साथ ही, आज आवश्यकता इस बात की भी है कि नागरिकों द्वारा अपने कर्तव्यों का अनुपालन सुनिश्चित हो, जिसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सामान्यजन द्वारा अपने नागरिक कर्तव्यों का अनुपालन करते हुए विभिन्न उत्पादों का उपयोग संयमपूर्वक किया जाना चाहिए ताकि उस उत्पाद की अतिरिक्त मांग निर्मित ही न हो। जैसे, भारत कच्चे तेल का भारी मात्रा में आयात करता है, पेट्रोल एवं डीजल के रूप में यदि इन उत्पादों का संयमपूर्वक उपयोग किया जाएगा तो कच्चे तेल के आयात पर लगाम लगाई जा सकती है, इससे बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत की जा सकती है एवं भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरने से रोकी जा सकती है। मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए सामान्य नागरिक एवं सरकारों को मिलकर प्रयास करने होंगे। अन्यथा, आने वाले समय में भारत में भी मुद्रास्फीति की समस्या विकराल रूप धारण कर सकती है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाया जनजातीय गौरव दिवस, प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

हमीरपुर। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर रविवार को ग्राम पंचायत चंदौकी के पंचायत भवन में मेरा युवा भारत के तत्वावधान में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। जिला युवा अधिकारी सुशील करोलिया के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि आनंद वर्मा और एडवोकेट गोविंद वर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। चित्रकला में मोहिनी प्रथम, आदित्य द्वितीय और रांची तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में राज प्रथम, आकाश राज द्वितीय और सुशील कुमार तृतीय रहे। अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। आयोजन में पंचायत सहायक बलराम प्रजापति तथा मेरा युवा भारत की स्वयंसेविकाओं रूबी कुमारी और मोहिनी कुमारी का सहयोग रहा।

रातभर जागकर अपर जिलाधिकारी ने दुरुस्त कराए क्षतिग्रस्त कोलाबे, किसानों को मिली राहत

हमीरपुर। सुमेरपुर विकासखंड के उजनेड़ी गांव में क्षतिग्रस्त कोलाबों को एक ही रात में दुरुस्त कराकर किसानों को बड़ी राहत दी गई। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजय सिंह ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए रातभर मौके पर रहकर अपनी देखरेख में मरम्मत कार्य पूरा कराया। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान लिफ्ट कैनाल के पास सिंचाई के कई कोलाबे क्षतिग्रस्त हो गए थे। 15 नवंबर से लिफ्ट कैनाल में पानी छोड़े जाने की तैयारी थी। ऐसे में किसानों को सिंचाई में परेशानी होने की आशंका थी। 14 नवंबर को जानकारी मिलते ही अपर जिलाधिकारी एक घंटे के भीतर मौके पर पहुंचे और संबंधित टीम को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। रात करीब 10 बजे पाइपलाइन और जेसीबी की मदद से काम शुरू हुआ। अपर जिलाधिकारी रात 10:30 बजे से सुबह 4:15 बजे तक मौके पर मौजूद रहकर कार्य की निगरानी करते रहे। जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंता अरुण प्रभाकर, अवर अभियंता प्रकाश पटेल और जिंदल कंपनी के साइट इंजीनियर रितिक की टीम ने समन्वय के साथ काम पूरा कराया। निर्धारित समय में कोलाबे दुरुस्त होने से किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने का रास्ता साफ हो गया।

रोडवेज परिचालक और सवारी के बीच मारपीट, वीडियो वायरल

मौदहा। कस्बे के बड़े चौराहे पर शनिवार शाम रोडवेज बस के परिचालक और एक सवारी के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना को लेकर कस्बे में चर्चा है। बताया जाता है कि महोबा से कानपुर जा रही रोडवेज बस में सवार एक दिव्यांग महिला के सहयोगी और परिचालक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बड़े चौराहे पर विवाद बढ़ने के बाद दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने इस तरह के किसी मामले की जानकारी होने से इनकार किया है। पुलिस के पास फिलहाल कोई शिकायत नहीं पहुंची है।

डंपर ने कार में मारी टक्कर, बाल-बाल बचे कार सवार

सुमेरपुर। दोपहर को नेशनल हाईवे में नवीन गल्ला मंडी के समीप तेज रफ्तार डंपर ने आगे जा रही कार में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में कार सवार सभी लोग बाल बाल बच गए। रविवार को दोपहर करीब 1:00 बजे कार महाराष्ट्र नासिक से जहानाबाद फतेहपुर जा रही थी हाईवे में नवीन गल्ला मंडी के समीप तेज रफ्तार डंपर ने कार में पीछे जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए हैं। कार क्षतिग्रस्त हुई है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया है।

कैंसर से पीड़ित महिला ने फांसी लगाकर दी जान



पनवाड़ी (महोबा)। थाना पनवाड़ी क्षेत्र के राठ रोड स्थित पावर हाउस के पास एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां कैंसर से पीड़ित 30 वर्षीय महिला पूनम पत्नी रतनलाल साहू ने घर के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, पूनम पिछले करीब एक वर्ष से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थी और उसका इलाज चल रहा था। पति रतनलाल ने बताया कि बीमारी के चलते वह काफी परेशान रहती थी। इसी परेशानी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। मृतका अपने पीछे तीन मासूम बच्चों को छोड़ गई है, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। बच्चों की उम्र लगभग 10, 7 और 5 वर्ष बताई गई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह और उपनिरीक्षक राजेंद्र यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल महोबा भेज दिया। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

स्कार्पियो की टक्कर से किसान की मौत

बांदा। पैदल खेत जा रहे किसान को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बता दें कि तिंदवारी थाना क्षेत्र के मिरगाहनी गांव बंदी प्रसाद (68) पुत्र भुलुवा शनिवार की सुबह खेत जा रहा था। तभी घर के नजदीक पीछे से आ रही स्कार्पियो ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर कानपुर पहुंच पाते कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र सौरभ ने बताया की उसके पिता किसानी का काम करते थे। पुलिस स्कार्पियो समेत चालक की तलाश कर रही है।

अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर होगी कठोर कार्रवाई, निदेशक ने किया औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



प्रदेश में अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक एवं विशेष सचिव डॉ. उज्ज्वल कुमार ने 14 नवंबर को हमीरपुर सहित कई जनपदों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कानपुर नगर के नौबस्ता मार्ग पर बिना वैध प्रपत्रों के उपखनिज का परिवहन करते मिले पांच वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसके बाद हमीरपुर में उपखनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गई। निदेशक ने खान अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक वाहन के पास वैध परिवहन प्रपत्र होना चाहिए और निर्धारित लोडिंग मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। इसके बाद महोबा में स्टोन क्रशरों और खनन पट्टों का भी निरीक्षण किया गया। कुछ क्रशरों पर उपलब्ध स्टॉक की मात्रा पोर्टल पर दर्ज विवरण से अलग मिलने पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डॉ. उज्ज्वल कुमार ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अभियान जारी रहेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में आईएसटीपी की अनिवार्यता सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

रिमझिम इस्पात फैक्ट्री में फर्नेस ऑयल टैंकर में लगी आग, फायर बिग्रेड की पांच गाड़ियों ने पाया काबू



सुमेरपुर। रिमझिम इस्पात लिमिटेड में ऑयल टैंकर में आग लग गई, फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। कस्बे में संचालित रिमझिम इस्पात में रविवार को सुबह करीब 11:45 बजे भट्टियों को गर्म करने के लिए लगे फर्नेस ऑयल टैंकर पर आग लग गई तो मजदूरों में अफरा तफरी मच गई, सूचना पाकर फायर दस्ता मौके पर पहुंचा और आग बुझाने लगा, आग पर काबू न होते देख मुख्यालय से पांच चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और भेजी गई। जिन्होंने पर मौके पर पहुंचकर फर्नेस ऑयल टैंकर की आग बुझाने के लिए केमिकल युक्त पानी की बौछार की। तब कहीं आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान फैक्टरी में अफरा तफरी मची रही और मजदूर इधर-उधर भागने लगे। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। तब कहीं जाकर फैक्टरी प्रबंधन एवं कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।फायर बिग्रेड के एसआई संजीव कुमार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। घटना किस कारण से हुई है, इसकी जांच की जा रही है।

रोडवेज बस ने बाइकसवारों को कुचला, एक की मौत, दो गंभीर

समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर।



थाना सुमेरपुर क्षेत्र के टेढ़ा गांव में खेत जा रहे बाइक सवारों को रोडवेज बस ने कुचल दिया जिससे एक किशोरी की मौके पर मौत हो गई।वहीं दो लोग घायल हो गए, हालत नाजुक होने पर दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया।घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे पर जाम लगा कर मुआवजे की मांग कर रहे है।घटना की सूचना पाकर एसडीएम सदर मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने में लगे हुए है।

टेढ़ा गांव निवासी अवधेश कुमार ने बताया कि उसकी बुआ गंधारी का बेटा सुमित उर्फ सुन्दरम पुत्र गंगाराम निवासी सोनापुरवा थाना पैलानी जनपद बांदा घर आया हुआ था। रविवार को वह बाइक से मेरी छोटी बहन काजल(14), मंदाकिनी(16) को लेकर खेतों की ओर जा रहा था।तभी दोपहर करीब एक बजे टेढ़ा पावर हाउस के सामने सुमेरपुर बांदा स्टेट हाईवे बांदा की ओर जा रही रोडवेज बस ने कुचल दिया। जिससे बाइक सवार काजल की मौके पर मौत हो गई।जबकि बाइक चालक सुमित,मंदाकिनी घायल हो गई।इन दोनों को पीआरवी टीम ने अपने वाहन से पीएचसी लाई। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सुमित एवं मंदानिकी की हालत नाजुक होने से सदर अस्पताल रेफर किया गया।उधर घटना की सूचना गांव में पहुंचने पर परिजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए और मुआवजे की मांग करते हुए स्टेट हाईवे को जाम कर दिया।जाम की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल पुलिस बल के साथ पहुंचे और ग्रामीणों का समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। इस पर एसडीएम सदर अभिषेक कुमार मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने में जुटे हुए है। दो घंटे से स्टेट हाईवे में जाम होने से दोनों ओर लंबा जाम लग गया और सैकड़ों वाहन फंस गए।

सड़क दुर्घटना में किशोरी की मौत पर लगाया जाम: टेढ़ा में दुर्घटना में एक किशोरी की मौत के बाद मुआवजा को लेकर जाम लगा दिया था। जाम की सूचना पाकर एसडीएम सदर अभिषेक कुमार और सीओ सदर यशवंत सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा बुझाकर स्टेट हाईवे से जाम हटवाया। इस दौरान करीब दो घंटे तक स्टेट हाईवे पर सैकड़ों वाहन फंसे रहे। जिससे करीब 3 किलोमीटर का जाम लग गया। ग्रामीणों के जाम हटाने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

खेलकूद प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दमखम कुछेछा की बालिका टीम बनीं कबड्डी चैंपियन



हमीरपुर। मेरा युवा भारत के तत्वावधान में रविवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुछेछा के खेल मैदान में ब्लॉक एवं क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वस्थ युवा-विकसित भारत और नशा मुक्त युवा अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिता में युवाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

जिला युवा अधिकारी सुशील करोलिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेड कांस्टेबल भोला सिंह तथा विशिष्ट अतिथि मोनिका गौतम ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में हर्षित प्रथम, तुषार द्वितीय और अमन तृतीय रहे। बालिका वर्ग में तनु प्रथम, साक्षी द्वितीय और प्रतिज्ञा तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद पुरुष वर्ग में शिव बस प्रथम, सुमित द्वितीय और धनंजय प्रताप तृतीय रहे। बालिका वर्ग में दुर्गा, लक्ष्मी और श्वेता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका कबड्डी में कुछेछा की टीम विजेता और बीकेसी सुमेरपुर की टीम उपविजेता रही। पुरुष खो-खो में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर की टीम विजेता तथा सुमेरपुर की टीम उपविजेता बनी। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक 17 नवंबर को

झांसी। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत 17 नवंबर 2026 को दोपहर 12:30 बजे कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बैठक आयोजित होगी। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पल्लवी मिश्रा ने बताया कि बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में होगी।इसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों और प्रतिनिधियों को आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों की जानकारी दी जाएगी तथा उनकी प्रतियां उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पुनरीक्षण 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर किया जा रहा है।

व्रज गीतों से शिव मंदिर में भक्तिमय हुआ वातावरण



गुरसराय। टीचर्स कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं और आचार्य पं. रघुनंदन चतुर्वेदी के बीच पारंपरिक व्रज गीतों का संवाद हुआ। इससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. रामनारायण शास्त्री ने की।इस अवसर पर ऊषा नायक, कमला नायक, रजनी नायक, पूनम नायक, रानी तिवारी, सरिता शर्मा, चंदा समेले, रूबी पटेल, शोभा गुप्ता सहित कार्तिक स्नान करने वाली अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। ओपी शर्मा, मनोज गौतम, श्रीकांत नायक, महेंद्र जैन, डीके जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

निराश्रित गोवंश को अभियान चलाकर गो-आश्रय स्थलों में करें संरक्षित: मुख्य सचिव

- धान खरीद, पराली प्रबंधन, उर्वरक उपलब्धता और जल जीवन मिशन की समीक्षा

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने खुले में घूम रहे निराश्रित गोवंश को अभियान चलाकर गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित करने और उनके चारे व ठंड से बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए किसानों को जागरूक करने, उर्वरक केंद्रों पर पर्याप्त स्टॉक रखने तथा धान और मोटे अनाज की खरीद केंद्रों को पूरी तरह क्रियाशील रखने को कहा। उन्होंने किसानों को एमएसपी और 48 घंटे में भुगतान की जानकारी देने तथा क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण कराने के निर्देश भी दिए।उन्होंने चीनी मिलों का संचालन नवंबर के अंत तक शुरू कराने और गन्ना मूल्य का समय से भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 14 नवंबर तक 21,384 किसानों से धान खरीद की जा चुकी है और 180.92 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी गौरांग राठी और सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

भूमिपूजन व लोकार्पण कर विधायक ने दी 19 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

- तिंदवारा में 29 लाख की लागत से बने बारातघर का किया लोकार्पण, कहा- सड़क, सुविधा और समृद्धि की नई राह पर आगे बढ़ रहा क्षेत्र

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



हर समय जनता के बीच उपलब्ध रहने वाले सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करके जनसंवाद, विकास कार्यों का शुभारंभ और जनसुविधाओं का लोकार्पण किया और आम जनता समस्याएं सुनकर उनका त्वरित निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। रविवार को सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की अध्यक्षता में मलेहरा निवादा गांव में जनसंपर्क और जनचौपाल का आयोजन किया गया। जहां विधायक ने आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं के साथ ही जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की। विधायक ने विभिन्न समस्याओं का त्वरित व प्रभावी निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र को समृद्धि की नई राह पर आगे बढ़ाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके बाद विधायक का काफिला ग्राम पंचायत तिंदवारा पहुंचा, जहां उन्होंने राज्य सड़क निधि से स्वीकृत बांदा-नरैनी मार्ग से बांदा-बिसंडा मार्ग तक करीब 7 किमी लंबे मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य का भूमिपूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए भूमि पूजन में सदर विधायक ने बताया कि करीब 18 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बनने वाले मार्ग में सड़क की चौड़ाई 3.5 मीटर से बढ़ाकर 5.5 मीटर की जाएगी। साथ ही सड़क मार्ग में आवश्यकतानुसार पुल-पुलिया, आबादी वाले क्षेत्रों में सीसी रोड, थर्मोप्लास्टिक कैट-आई और आधुनिक साइन बोर्ड से सुसज्जित किया जाएगा। विधायक ने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क सुविधा मिल सकेगी और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। वहीं सदर विधायक श्री द्विवेदी ने बुंदेलखंड विकास निधि से 29 लाख रुपए की लागत वाले तिंदवारा में बनाए गए बारातघर का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजभवन उपाध्याय, पंकज रैकवार, महुआ मंडल अध्यक्ष प्रेमस्वरूप द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख बड़ोखर स्वर्ण सिंह सोनू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशोर शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य सदाशिव अनुरागी, धीरज राजपूत, मंडल महामंत्री अमरमणि त्रिपाठी, सुधीर मिश्रा, मुन्नीलाल चौरसिया, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

खूनी रिश्ते हुए तार-तार, बेटे ने मां पर डंडे से किया हमला, गंभीर हालत में रेफर

- शराब के नशे में सिर पर किए कई वार

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के बागौल गांव में बेटे ने अपनी बुजुर्ग मां पर डंडे से हमला कर दिया। सिर पर कई वार होने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। बागौल गांव के रहने वाले मथुरा प्रसाद के मुताबिक, वह घटना के समय खेत पर काम करने गए थे। घर पर उनकी पत्नी थक्की अकेली थी। इसी दौरान उनका बेटा वीरेंद्र उर्फ मन्नू शराब के नशे में घर पहुंचा। बताया गया कि बेटा मानसिक रूप से विक्षिप्त है और उसका इलाज भी चल रहा है। आरोप है कि घर पहुंचने के बाद वीरेंद्र अपनी मां से उलझने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने घर में रखा डंडा उठाकर मां के सिर पर कई वार कर दिए। हमले में थक्की लहूलुहान होकर गिर पड़ी। पड़ोसियों से घटना की जानकारी मिलने पर मथुरा प्रसाद घर पहुंचे। पत्नी को खून से लथपथ देखकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पति ने आरोपी बेटे के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पुलिस की मदद से घायल महिला को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचाया गया। मथुरा प्रसाद ने बताया कि बेटे का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता और उसकी दवा चल रही है। उनका कहना है कि संभवतः किसी ने बेटे को शराब पिला दी, जिसके बाद उसने मां पर हमला कर दिया।इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर के मुताबिक, घायल महिला को पुलिस और परिजन अस्पताल लेकर आए थे। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्रेडिट-कार्ड से उड़ाया 1.35 लाख रुपए, ठगी के सदमे में गई बेटे की जान, केस दर्ज

महोबा। साइबर ठगी का एक बेहद दुखद मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने बुजुर्ग के क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 35 हजार रुपए निकाल लिए। बेटे का आरोप है कि ठगी की इस घटना से पिता गहरे सदमे में आ गए थे। मानसिक आघात के चलते 24 अक्टूबर को उनका निधन हो गया। अब करीब एक महीने बाद पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के डाक बंगला मैदान के पीछे स्थित गांधी नगर का है। यहां रहने वाले स्वर्गीय सुरेंद्र बहादुर के आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से 17 अक्टूबर को साइबर ठगों ने 1 लाख 35 हजार रुपए की ठगी कर ली थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल के टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत एक्नॉलेजमेंट के अलावा बैंक के कस्टमर केयर पर भी शिकायत की गई थी। मृतक के बेटे संगम बाजपेई के मुताबिक, क्रेडिट कार्ड से रकम निकलने की घटना के बाद उनके पिता गहरे सदमे में आ गए थे। इस घटना ने उन्हें मानसिक रूप से काफी आहत किया। इसके बाद 24 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। पिता की मौत के बाद बेटे ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अब अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर कोतवाली प्रभारी बीरेंद्र प्रताप सिंह ने रविवार सुबह करीब 8 बजे बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) और आईटी एक्ट की धारा 66 (डी) के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस क्रेडिट कार्ड से हुई ठगी के मामले की जांच कर रही है। ठगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

अपना दल भाजपा के साथ मिलकर मजबूती से लड़ेगा चुनाव: अनुप्रिया

- 2027 के विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे पर जल्द होगा फैसला
- मीनाक्षी पटेल व आनंद बाबू बोहरा ने चांदी का मुकुट पहनाकर किया स्वागत

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि अपना दल भाजपा के साथ है और आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसका फैसला जल्द हो जाएगा। इस संबंध में अभी बातचीत होनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एनडीए समर्थित प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। रविवार को जिला परिषद के पास महेश्वरी के हाता में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता समागम में पहुंचीं अनुप्रिया पटेल का जिला पंचायत सदस्य मीनाक्षी पटेल और आनंद बाबू बोहरा ने चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। समागम को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि एनडीए में शामिल सभी दल चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। समय कम है इसलिए कार्यकर्ताओं को अधिक मेहनत करने की जरूरत है। कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ होते हैं। उनके बिना सफलता संभव नहीं है। धीरे-धीरे पार्टी का विस्तार हो रहा है और संगठन सफलता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से काम करने और प्रदेश में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनाने में योगदान देने की अपील की। जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से संगठन विस्तार और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। पार्टी की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाना प्राथमिकता है। जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी व अनिल बाबू बोहरा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह में बुद्ध भगवान की प्रतिमा भेट की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित राठौर ने किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष आरपी गौतम, प्रदेश महासचिव ओमकार सिंह ठाकुर, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद पटेल बाबू, रविकांत कुशवाहा, जिला महासचिव श्याम सुंदर कुशवाहा, शैलेन्द्र पाल, प्रदीप कुशवाहा चमेड़, केके सोनी, राजवीर सिंह ठाकुर, लाल सिंह बगिया, धर्मेंद्र कुशवाहा, अंकित सिंह अहिरवार, राहुल पटेल भदौरिया, सुनील पाल, रामबाबू कुशवाहा, निर्भय सिंह परिहार, एडवोकेट लोकेन्द्र सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छठ महापर्व के तीसरे दिन अस्त होते सूर्य को दिया अर्घ्य, रामकुंड पर उमड़ी श्रद्धा



उरई(जालौन)। चार दिवसीय छठ महापर्व के तीसरे दिन रविवार को परंपरागत उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना की तथा परिवार एवं समाज की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।पहले दिन नहाय-खाय दूसरे दिन खरना के बाद तीसरे दिन श्रद्धालु छठ डाला लेकर रामकुंड पहुंचे। सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। रामकुंड पर बिहारी व पूर्वांचल के सैकड़ों लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। बांस की बनी टोकरी और सूप में हल्दी, गन्ना, सेब, मौसमी, ठेकुआ सहित विशेष पकवान रखकर श्रद्धालु घाट के पास खड़े होकर सूर्य भगवान के अस्त होने का इंतजार करने लगे। जैसे ही सूर्य अस्त होने लगे परिवार के सभी सदस्यों ने अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना की। इस बीच महिलाएं छठी मैया के गीत गाती रहीं और बच्चे आतिशबाजी चलाते रहे। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष संजय साहनी ने बताया कि यह पूजा समाज का कोई भी व्यक्ति कर सकता है, वह किसी भी धर्म का अनुयायी हो। छठ पूजा ऐसा पर्व है जो हमें प्रकृति से जोड़ने का संदेश देता है। यह पर्व नियम व संयम के साथ किया जाता है और मानव शरीर की शुद्धता के साथ समूचे परिवेश में स्वच्छता का भाव रखता है। इस मौके पर संजीव साहनी, धनंजय झा, कृष्ण मोहन तिवारी, शैलेश पाठक, मनोरमा तिवारी, तारकेश्वर त्रिपाठी, दीनानाथ तिवारी, श्वेता आनंद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

प्रेमी से शादी की जिद में टावर पर चढ़ी युवती

समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज,जनपद में टावरों पर चढ़कर अपनी जिद पूरी कराने की चल रही मुहिम अभी थमती नजर नहीं आ रही है ।जबकि पुलिस द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में अब तक टावरों पर चढ़ने वाले 11 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया है । और विधिक कार्रवाई कर रही है। रविवार को निचलौल थाना क्षेत्र के बैठवलिया गांव में प्रेमी से शादी की जिद में एक युवती टावर पर चढ़ गई जिसे घंटों मशक्कत के बाद पुलिस द्वारा समझा बुझाकर नीचे उतारा गया। युवती के अनुसार परिवारीजन उसकी मृत बहन के पति से शादी कराना चाहते हैं। जबकि वह उनसे वह शादी नहीं करना चाहती है। इसी कारण से उसने यह कदम उठाया है। वह अपने प्रेमी से शादी करना चाह रही है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों की सूची जारी, आनंद जायसवाल बने क्षेत्रीय महामंत्री

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुटी भाजपा ने रविवार को पिछड़ा वर्ग मोर्चा (ओबीसी मोर्चा) के काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अनुमति एवं मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद प्रकाश पाल व भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया की संस्तुति पर ओबीसी मोर्चा के काशी क्षेत्र अध्यक्ष चौधरी इंद्र भूषण मौर्य ने पदाधिकारियों की सूची जारी की है। मोर्चा के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष आनंद जायसवाल को क्षेत्रीय महामंत्री बनाया गया है।

वर्तमान में नीम सराय वार्ड की पार्षद दीपिका पटेल व धर्मेंद्र पटेल को मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। इससे पहले दीपिका पटेल मोर्चा में क्षेत्रीय मंत्री थीं। भाजपा मीडिया विभाग के विवेक मिश्रा ने बताया कि मनोज गुप्ता व प्रवीण मौर्य को क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, डॉ. शैलेश पांडेय, रमेश पासी, विक्रमजीत सिंह भदौरिया, आनंद सोनकर, अनुज कुशवाहा, अनिल केसरवानी, प्रमोद मोदी, विजय श्रीवास्तव, दीप द्विवेदी, प्रवक्ता पवन श्रीवास्तव, राजेश गोंड, संजय पासवान, राजेश निषाद, रीता सिंह पार्षद प्रवीण भारती, मोहित गुप्ता, सुजीत कुशवाहा आदि ने बधाई दी है।

सड़क हादसे में इकलौते बेटे की मौत, परिवार में कोहराम

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर शनिवार रात हुए सड़क हादसे में शहर के कमला नगर निवासी एक अकाउंटेंट के इकलौते बेटे की मौत हो गई। उसकी तेज रफ्तार रेसिंग बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे गंभीर चोट आई और मौके पर ही मौत हो गई। वह जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर हंडिया से शहर आ रहा था। दूसरी तरह हादसे से अंजान माता-पिता रातभर बेटे की तलाश में जुटे रहे। सुबह पुलिस से उन्हें मौत की खबर मिली। कैंट थानाक्षेत्र के कमला नगर स्टेनली रोड निवासी राम नारायण सिंह शहर के एक बड़े बिल्डर के यहां अकाउंटेंट हैं। उनकी दो संतानों में इकलौता बेटा 30 वर्षीय पवन कुमार सिंह शनिवार शाम जन्मदिन पार्टी में शामिल होने हंडिया गया था। वहां भदोही में रहकर प्राइवेट जॉब करने वाले चचेरे भाई रामकृष्ण सहित कुछ अन्य दोस्त भी थे। पार्टी खत्म होने के बाद पवन डोमिनार बाइक से घर लौट रहा था। हाईवे पर बगहा मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पवन हवा में उछलकर दूर जा गिरा। स्थानीय लोगों से सूचना पाकर पहुंची हंडिया पुलिस ने शिनाख्त नहीं होने पर पवन के शव को अज्ञात में पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। बाद में पवन का मोबाइल ऑन होने पर पुलिस का उसके घरवालों से संपर्क हुआ तो मर्च्युरी पहुंचे और शव की शिनाख्त की। पवन की इकलौती छोटी बहन सुमन हैदराबाद में रहकर जॉब करती है। उसके समय से न आ पाने के कारण रविवार को पवन का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका। इंस्पेक्टर हंडिया ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि हादसा बाइक के डिवाइडर से टकराने से हुआ। मामले में तहरीर नहीं दी गई है।

भगवान बिरसा मुंडा को 151वी जयंती पर किया गया याद

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। रविवार को भगवान बिरसा मुंडा जी की 151वी जयंती को 6वें जनजातीय गौरव दिवस पर विकास भवन प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गयी 1 भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रयागराज के आश्रम पद्धति विद्यालयों सुरबलसहनी, कोरांव, खाई करछना व बालिका विद्यालय कौड़हिार एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर छात्रावास चांदपुर सलोरी, बालक छात्रावास चैथम लाइन एवं आईईआरटी बालिका छात्रावास के साथ समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायता प्राप्त मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनायी गयी 1 जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला समाज अधिकारी (विकास) एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों, अध्यापकों द्वारा एनआईसी प्रयागराज में उपस्थित होकर गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) में आयोजित राष्ट्र-स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्धबोधन सुना गया 1

लक्ष्मीशंकर वाजपेयी को अकबर इलाहाबादी अवार्ड

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। इस वर्ष का अकबर इलाहाबादी अवार्ड दिल्ली के वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मीशंकर वाजपेयी को दिया जाएगा। सुभद्रा कुमार चौहान अवार्ड नीलम राकेश (लखनऊ), डॉ. युगल सिंह (कोटा), गीता कैथल (लखनऊ) और डॉ. अलका प्रकाश (प्रयागराज) को दिया जाएगा। रविवार को राजरूपपुर में हुई गुफ़्तगू कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

इसी तरह कुलदीप नैयर अवार्ड अजय राय (अमर उजाला से सेवानिवृत्त- वाराणसी), और अरविंद पांडेय (दैनिक जागरण-नई दिल्ली), मिल्खा सिंह अवार्ड डॉ. जूली ओझा, अदब नवाज़ अवार्ड अनिल कुमार 'अन्नू भइया' और प्रमोद कुमार बंसल को, प्रो. प्रीतम दास अवार्ड डॉ. प्रणव सलूजा और डॉ. मंगल सिंह को, कैलाश गौतम अवार्ड डॉ. नरेंद्र भूषण (लखनऊ), डॉ. सूर्या बाली (भोपाल) और मोहम्मद मुमताज़ हसन (गया, बिहार) को और उमेश नारायण शर्मा अवार्ड वरिष्ठ अधिवक्ता बशारत अली ख़ान और एडवोकेट कृष्ण बहादुर सिंह दिया जाएगा।

बैठक में सीमा अपराजिता अवार्ड डॉ. अलका अग्रवाल सिग्तिया (मुबंई), डॉ.नीतू सिंह (पटना), डॉ. नीरू मित्तल 'नीर'(पंचकूला, हरियाणा) और रेनू श्रीवास्तव (शहडोल) को, डॉ. सुधाकर पांडेय अवार्ड अब्दुल खैर ख़ान (उसिया, ग़ाज़ीपुर), खुर्शीद दिलदारनगरी (ग़ाज़ीपुर), भाऊराव महंत (बालाघाट) और मोहम्मद इस्लाम (प्रयागराज) को, पुष्पिता अवस्थी अवार्ड अब्दुल बारी एमके (मुंबई), डॉ. सरिता कटियार (लखनऊ), विनोद कुमार विक्की (खगड़िया) और प्रो. अखिलेश चंद्र (आज़मगढ़) को देने का निर्णय लिया है।

'गुफ़्तगू अवार्ड' के लिए आलोक भदौरिया 'अर्श' (फिरोजाबाद), कमल चंद्रा (भोपाल), डॉ. पूनम आनंद (पटना), डॉ. अभिषेक कुमार (बेगुसराय, बिहार), सुनील दानिश (प्रयागराज), नीना मोहन श्रीवास्तव (प्रयागराज) और सुधा श्रीवास्तव 'पीयूषी' (प्रयागराज) का चयन किया गया है। 'प्रयागराज लिटरेरी फेस्टिवल-2' के तहत 9 और 10 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम के दौरान यह अवार्ड दिया जाएगा।

छठ घाटों का डीएम ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करानेकेउद्देश्यसेजिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने शनिवार की देर शाम नगर पालिका परिषद महराजगंज क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर की गई तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं एवं व्रती महिलाओं की सुविधा तथा सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने सबसे पहले उद्योग चौराहा स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मजबूत बैरिकेडिंग कराने, सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों से संबंधित बैनर और सूचना पट्ट स्थापित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, इसलिए भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने बलिया नाला स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। यहां भी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखने के साथ सभी घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस और मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा। साथ ही उन्होंने सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं सुरक्षाकर्मियों की तैनाती करने और भीड़ प्रबंधन के लिए प्रभावी इंतजाम रखने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा साफ-सफाई से लेकर सुरक्षा तक प्रत्येक व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शिवम कुमार, तहसीलदार सदर पंकज शाही, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

राना बेनी माधव स्मारक सभागार में देव दीपावली पर जलेगें 1100 दीप



समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। देव दीपावली के अवसर पर 24 नवंबर को राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक सभागार परिसर में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 1100 दीप प्रज्ज्वलित कर अमर सेनानी राना बेनी माधव बख्श सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम में जिले के गणमान्य नागरिकों सहित शहरवासियों को आमंत्रित किया जाएगा।दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति की बैठक सभागार में समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने विशाल सभागार के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अमर सेनानी राना बेनी माधव बख्श सिंह की स्मृतियों को संजोने के लिए समिति ने जो प्रयास शुरू किए थे, उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सार्थकता प्रदान की है। उनके आशीर्वाद और सहयोग से ही भव्य सभागार का निर्माण संभव हो सका है। इसके लिए पूरा जनपद सदैव उनका ऋणी रहेगा। समिति के उपाध्यक्ष रवींद्र सिंह और हरिहर सिंह ने बताया कि 24 नवंबर को शाम पांच बजे से दीपोत्सव कार्यक्रम शुरू होगा। इसमें 1100 दीपक जलाए जाएंगे। एसपी सिंह ने कहा कि आयोजन में शहर के नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। समिति के संयोजक ने सभागार के संचालन से संबंधित जानकारी दी।

अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद

समृद्धि न्यूज़

महराजगंज,जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को निचलौल पुलिस और राजस्व टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मिट्टी लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद की। यह कार्रवाई ग्राम सभा बैठवलिया के सिवान में अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर की गई।पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में पुलिस और राजस्व टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान मिट्टी लदी न्यू हॉलैंड 3032 ट्रैक्टर (नंबर यूपी 56 एएच 0743) व ट्रॉली बरामद की। टीम ने वाहन को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनोज गुप्ता, कांस्टेबल रामआशीष यादव, विकास यादव तथा लेखपाल मनीष पटेल शामिल रहे।

कुशीनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, यौन शोषण के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, अपहरण के मामले में बाल अपचारी अभिरक्षा में

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । कुशीनगर पुलिस ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जबकि अपहरण के मामले में एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया है।

जानकारी के अनुसार पडरौना कोतवाली पुलिस ने झांसा देकर यौन शोषण करने सहित अन्य आरोपों से संबंधित मुकदमे में वांछित अभियुक्त सिद्धान्त उर्फ जुगनू पुत्र सुदामा प्रसाद, निवासी पटेरा मंगलपुर, थाना कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0 643/2026 धारा 69, 352 एवं 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। 15 नवंबर 2026 को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र मिश्रा एवं हेड कांस्टेबल पंकज पटेल शामिल रहे। वहीं चौराखास पुलिस ने अपहरण से संबंधित मुकदमे में वांछित एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में मु0अ0सं0 185/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने 15 नवंबर 2026 को बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू की। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र प्रजापति, उपनिरीक्षक विमलेश यादव, कांस्टेबल हरिओम पाण्डेय एवं महिला कांस्टेबल प्रीती यादव शामिल रहे।

एकदिवसीय रोजगार मेले में 363 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन



- पूर्व विधायक ने चयनित अभ्यर्थियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा श्री बरखण्डी महाविद्यालय, शिवगढ़ के परिसर में एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 14 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 597 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इनमें से लगभग 363 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। शेष कुछ कम्पनियों के चयन परिणाम अभी लंबित हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बछरावां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रामलाल अकेला द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवगढ़ ब्लॉक प्रमुख कुँवर हनुमन्त सिंह उपस्थित रहे। रोजगार मेले में ब्राइट फ्यूचर, टाटा मोटर्स, न्यू हॉलैंड, महादेव हनुमान विजय प्लेसमेंट, साटा विकास प्राइवेट लिमिटेड सहित विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया सम्पन्न कराई। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ. दिनकर कुमार, श्री बरखण्डी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संचिता मिश्रा एवं प्राक्टर डॉ. राम धीरज सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, नियोजकों एवं अभ्यर्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबन्धक, कौशल विकास मिशन राजीव सिंह एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के सर्वेश कुमार राय द्वारा किया गया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला सेवायोजन कार्यालय के जितेन्द्र सिंह कनौजिया, गुलरेज सुहेल, धीरेन्द्र सिंह, रामेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

छठ पूजा: अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने की सुख-समृद्धि की कामना

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के तीसरे दिन रविवार को व्रती महिलाओं ने सई नदी के राजघाट, पुराने पुल और शारदा नहर के घाटों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्रती महिलाओं ने भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।छठ पूजा चार दिनों तक चलने वाला कठिन तप और आस्था का महापर्व है। पर्व के तीसरे और चौथे दिन का विशेष महत्व होता है। दूसरे दिन खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती महिलाएं 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं। रविवार को व्रती महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और भगवान सूर्य से परिवार के उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की प्रार्थना की।सई नदी के राजघाट और पुराने पुल पर श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा। महिलाओं ने बांस की टोकरी और सूप में छठ पूजा का पारंपरिक प्रसाद सजाकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। घाटों पर छठी मइया के पारंपरिक गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कई व्रतधारियों ने नदी किनारे टेंट लगाकर पूरी रात भजन-कीर्तन किया।पर्व को देखते हुए प्रशासन और नगर पालिका परिषद की ओर से घाटों पर साफ-सफाई के साथ प्रकाश की व्यवस्था कराई गई थी। पूर्वांचल के इस प्रमुख लोकपर्व में स्थानीय लोगों के साथ अन्य क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा।

पराली जलाने पर 56 किसानों पर 2लाख 80 हजार अर्थदंड लगा

समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज, जिले के तमाम क्षेत्रों में जल जमाव एवं खेतों में अधिक नमी के कारण धान की कटाई ठप पड़ा हुआ है। वही नमी कम हुए क्षेत्र की धान की कटाई जारी है। ऐसे में पराली जलाने के 93 मामले सेटेलाइट द्वारा प्रकाश में आया है जिसमें 56 लोगों को नोटिस जारी कर 5000 रुपए प्रत्येक को अर्थ दंड लगाया गया है। फसल अवशेष न जलाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा जागरूकता अभियान जारी है, वही पराली जलाने की घटनाओं को अंजाम देने वाले किसानों के खिलाफ राजस्व विभाग ,पुलिस विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा कार्यवाही किया जा रहा है। पराली जलाने की घटनाओं के बारे में पूछने पर उप कृषि निदेशक संजीव कुमार का कहना रहा की कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा पराली जलाने की घटनाओं का सत्यापन किया जा रहा है और सभी जिम्मेदार विभागों द्वारा कार्यवाही जारी है।

अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने श्रद्धा पूर्वक किया अर्घ्य अर्पित

समृद्धि न्यूज़



महाराजगंज, लोक आस्था, सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर रविवार सायं काल व्रतियो ने जनपद के विभिन्न नदी नालो ,सरोवरों, जलाशयों के किनारे जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को श्रद्धापूर्वक विधि विधान से अर्घ्य अर्पित किया तथा परिवार और शुभचिंतकों के सुख समृद्धि की कामना किया ।मुख्यालय स्थित बलिया नाला पर सदर विधायक जय मंगल कनौजिया ने पत्नी संग विधि विधान से पूजा अर्चना कर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया तथा परिवार एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना किया। इस अवसर पर सदर विधायक श्री कनौजिया ने कहा कि छठ पूजा हमारी सनातन संस्कृति लोक परंपरा और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम पर्व है ।

भगवान भास्कर जीवन सूर्य ऊर्जा और प्रकाश के स्रोत हैं, छठी मैया की आराधना में आस्था अनुशासन त्याग और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण, स्वच्छता, सामाजिक समरसता और पारिवारिक एकता का संदेश देता है। छठ पूजा को लेकर प्रशासन द्वारा व्रतियों के आने-जाने एवं नदी तटों पर पूजा अर्चना के लिए भव्य व्यवस्था किया गया था ।नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतो,ग्राम पंचायतों की तरफ से तथा व्रतियों के परिजनों द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सामान्य प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के लोग लगातार भ्रमणशील रहे। जनपद में लाखों की संख्या में लोगों ने छठ पूजा के अवसर पर अपनी भागीदारी प्रदान की। छठ पूजा एवं भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।सूर्य के ओझल होने के साथ ही व्रती अपने-अपने घरों को लौटने लगे।

व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

- हाटा, रामकोला, सेवरही, तमकुहीराज, दुदही, नेबुआ_नौरंगिया, खड्डा, सुकरौली, कसया, के विभिन्न घाटों पर उमड़े लोग, रही प्रशासनिक मुस्तैदी और सुरक्षा

समृद्धि न्यूज़



कुशीनगर। लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के तीसरे दिन रविवार को समूचे कुशीनगर जनपद में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। शाम ढलते ही निर्जला व्रत रख रही हजारों माताओं और बहनों ने नदी, तालाबों और कृत्रिम पोखरों के कमर भर पानी में खड़े होकर अस्ताचलगामी (डूबते) सूर्य को विधि-विधान से संध्या अर्घ्य अर्पित किया।

इस दौरान 'कांच ही बांस के बहंगिया' जैसे पारंपरिक छठ गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। रविवार दोपहर बाद से ही सिर पर पूजा के दउरे और सूप लिए श्रद्धालुओं का जत्था घाटों की ओर उमड़ने लगा। नगर के बावली चौक, अम्बे चौक, छावनी पोखरा, बंजारी घाट सहित कसया, हाटा और बोदरवार के जलाशयों पर तिल रखने तक की जगह नहीं बची थी। रंग-बिरंगी झालरों, केले के थंभों और फूलों से सजे घाटों की छटा देखते ही बन रही थी। व्रती महिलाओं ने बांस के सूप में मौसमी फल, ठेकुआ, गन्ना, नारियल और प्रज्वलित दीप सजाकर भगवान भास्कर को अर्पित किए और परिवार की सुख-समृद्धि व संतान की दीर्घायु की कामना की। राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल, नथुनी कुशवाहा व पूर्व नपाध्यक्ष शिवकुमारी देवी ने रविवार को बावली चौक, अम्बे चौक, छावनी पोखरा, हनुमान इंटर कॉलेज के निकट महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज छठ घाट और श्री बुढ़िया माता मंदिर छठ घाट सहित नगर के 50 से अधिक स्थायी व अस्थायी घाटों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। वहीं, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष 'बुलबुल' जायसवाल ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, जलपान और अल्पाहार की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराया।

इस अवसर पर जयप्रकाश मद्धेशिया, साधु मद्धेशिया, बृजेश शर्मा, अनिल पाण्डेय, हरिमोहन जायसवाल, रितेश शर्मा, शुभम सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इसी तरह हाटा, रामकोला, सेवरही, तमकुहीराज, दुदही, नेबुआ_नौरंगिया, खड्डा, सुकरौली, कसया, के विभिन्न घाटों पर आस्था का मेला लगा रहा।

ऊँचाहार में कल लगेगा विधानसभा स्तरीय रोजगार मेला

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ० दिनकर कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत युवाओं को रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में विधानसभावार एकदिवसीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 16 नवम्बर, 2026 को डॉ० भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, ऊँचाहार के परिसर में एकदिवसीय विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में देश एवं प्रदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल दोनों प्रकार के पदों पर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा। मेले में कक्षा 8, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा सहित विभिन्न शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यताधारी अभ्यर्थियों के लिए लगभग 2000 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध रहेंगी। रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। कंपनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है। अतः इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पहुंचकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

प्रथम जनपद आगमन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का हुआ भव्य अभिनंदन




समृद्धि न्यूज

कन्नौज। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में मंत्री पंकज चौधरी के प्रथम जनपद कन्नौज आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा की ओर से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पंकज चौधरी के आगमन पर फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया गया और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मा. प्रकाश पाल, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष मा. रामकिशोर साहू, पूर्व सांसद . सुब्रत पाठक सहित सभी वरिष्ठ सम्मानित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा ने कहा कि पंकज चौधरी का कन्नौज की धरती पर प्रथम आगमन हमारे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी। कन्नौज का हर कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करेगा। हम सभी कार्यकर्ता उनके मार्गदर्शन में भाजपा को और अधिक मजबूत बनाएंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मा. पंकज चौधरी ने कहा कि कन्नौज के कार्यकर्ताओं ने जो स्नेह, सम्मान और अपनापन दिया है, उसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। संगठन की मजबूती और जनता की सेवा ही हमारी पहली प्राथमिकता है।

गुरसहायगंज हत्याकांड में पुलिस और आरोपी की मुठभेड़, योगेश उर्फ पंगा का पुलिस ने किया हाफ एनकाउंटर

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज (कन्नौज)। गुरसहायगंज के चर्चित दंपति हत्याकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्याकांड के आरोपी योगेश उर्फ पंगा का हाफ एनकाउंटर कर दिया है। मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि पुलिस आरोपी योगेश उर्फ पंगा को हत्याकांड वाली जगह पर लेकर गई थी, जहां उसने पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई, जो उसके पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। घटनास्थल को पीले टेप से सील कर दिया और जांच शुरू कर दी। जमीन पर पड़ा तमंचा भी बरामद किया गया है, जिस पर पीले रंग का निशान लगाकर साक्ष्य के रूप में कब्जे में लिया गया है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

गौरतलब है कि बीती 5 नवंबर 2026 की रात गुरसहायगंज में संजीव कुमार और उनकी पत्नी शिखा की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आरोपी योगेश उर्फ पंगा पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि हत्याकांड से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। हाफ एनकाउंटर की खबर के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

मौके पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, कोतवाली प्रभारी गुरसहायगंज ध्यानेंद्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। उन्होंने पूरे घटनास्थल का निरीक्षण किया और पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मौके पर पुलिस ने

आरोग्य मेले में 1589 मरीजों का हुआ उपचार, 18 आयुष्मान कार्ड बने



समृद्धि न्यूज

कन्नौज। जिले के 32 ग्रामीण और चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 1589 मरीजों ने पहुंचकर निःशुल्क उपचार और जांच की सुविधा का लाभ उठाया। मरीजों में 647 पुरुष, 608 महिलाएं और 334 बच्चे शामिल रहे। वहीं, आयुष्मान भारत योजना के तहत 18 गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किए गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी और निरीक्षणकर्ता अधिकारियों ने स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले में मरीजों की निःशुल्क जांच और उपचार के साथ बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। इसके अलावा परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस बी और सी की जांच, टीबी के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग और नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। सभी केंद्रों पर चिकित्सकों के साथ पैरामेडिकल कर्मचारी मौजूद रहे।

पुरानी गल्ला मंडी में गूंजा राम भक्ति का स्वर



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली के पास वाली पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ में राम भक्ति के स्वरों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम में आचार्य विनोद दुबे ने राहुल उर्फ मोंटी गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, डॉ शुभम गुप्ता, श्रेया गुप्ता से राम दरबार का पूजन कराया। 'मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सुदसरथ अजर बिहारी' संपुट के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ करते हुए विख्यात गायक भानु प्रताप सिंह चौहान ने कहा भगवान राम की कथा सभी के लिए कल्याणकारी है। यह जीवन के हर कष्ट को दूर कर सुख-शांति प्रदान करती है। सुंदरकांड की महिमा अपार है, इसमें हनुमान जी की भक्ति, शक्ति और समर्पण का वर्णन है, जो श्रद्धालुओं को संकटों से मुक्ति दिलाता है और मनोकामनाओं की पूर्ति करता है। उनके द्वारा गाए गए लोकप्रिय भजन 'बजरंगी लाए खबरिया राम आए नगरिया', 'जप रहे सीता राम राम गुण गा गा के', 'राम आयेंगे तो अगना सजाऊंगी', 'मैने तेरे ही भरोसे हनुमान सागर में नईया डाल दई' सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम के आयोजक किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, शीला गुप्ता एवं अन्य सभी भक्तों ने राम दरबार की सामूहिक आरती की।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, प्रभाकर गुप्ता, संजीव गुप्ता गांधी, नरेश गुप्ता गोल्डी, प्रियांशु गुप्ता, राजीव मिश्रा, प्रियांशु एडवोकेट, रामकिशन फौजी, प्रखर गुप्ता, अक्षांश गुप्ता व हैप्पी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

फन फेयर में बच्चों ने की मौज मस्ती

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ,कन्नौज। वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में आयोजित फन फेयर (बाल मेला में बच्चों ने जमकर मौज मस्ती की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विमलेश दुबे एवं प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिम मंसूर ने संयुक्त रूप से केक काट कर किया। फन फेयर का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा स्वयं सजाए एवं संचालित किए गए विभिन्न प्रकार के स्टॉल रहे। विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट एवं लजीज व्यंजनों के अनेक फूड स्टॉल लगाए। इसके साथ ही मनोरंजक खेलों, रोचक पहेलियों एवं विभिन्न गतिविधियों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपने-अपने स्टॉल का संचालन किया तथा अपनी रचनात्मकता, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं प्रबंधन क्षमता का परिचय दिया।

प्रबंधक विमलेश दुबे ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग लेने के अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, सहयोग एवं व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए आयोजन की सफलता पर सभी को बधाई दी। प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिम मंसूर ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बाल दिवस बच्चों की खुशियों, अधिकारों और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा जीवन में अनुशासन एवं सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया।

शिक्षित और संस्कारित बनाएं अपने बच्चे : इंदिरा दुबे

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। सुनीता कान्वेंट पब्लिक स्कूल नई बस्ती गंगेश्वर नाथ में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित नारी उत्कर्ष समारोह में मुख्य अतिथि नेहरू पीजी कॉलेज की सचिव इंदिरा दुबे ने कहा अपने बच्चों को शिक्षित और संस्कारित बनाएं तभी हर परिवार का कल्याण संभव है।

उन्होंने कहा आज समाज में जहां नारी का सम्मान है वहीं भारतीय संस्कृति का भी उत्थान है। जब तक देश में नारियां जाग नहीं जाती हैं, तब तक देश का उत्थान होना असंभव है। माताएं बहनें बेटियां पहले स्वयं संस्कारवान बने तभी देश संस्कारवान बनेगा। इसके लिए नारियों को आगे आकर दृढ़ संकल्प करना होगा। ग्राम निगोह खास की प्रधान शिप्रा द्विवेदी ने कहा कि आज की बेटी को शिक्षा के साथ संस्कार के क्षेत्र में भी आगे होना चाहिए क्योंकि संस्कार वह विधा है जिसके बल पर कन्याएं देवी, विदुषी होने के साथ सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक क्षेत्र में भी अपना नाम उज्ज्वल करती हैं। सरिता शर्मा ने गार्गी, सीता, लक्ष्मी बाई, मदालसा आदि का उदाहरण देकर कहा स्वयं चरित्रवान बनकर संतानों को चरित्रवान बनना सिखाएं।

कार्यक्रम का संचालन कर रही फर्रुखाबाद से पधारी गीता मिश्रा ने कहा अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे शताब्दी वर्ष में नारी वर्ष 2026 में मनाया जा रहा है। ऐसे में माता भगवती देवी शर्मा के नाम से नवंबर में डाक टिकट एवं सिक्के का भी विमोचन हुआ। इसके पूर्व भी परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के नाम से भी डाक टिकट का विमोचन हो चुका है। उन्होंने कहा आज नारियां अबला नहीं रह गई। वह अब सभी सामाजिक धार्मिक राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ चढकर हिस्सा ले रही है। अंत में गायत्री माता की आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में मंजू राठौर, शशि, राम सखी, लता गुप्ता, सुधा अवस्थी, नीलम गुप्ता, सरिता, गंगा, रानी गुप्ता सहित नगर के अखिल विश्व गायत्री परिवार के परिजन बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

बच्चों की दुकानों पर बड़ों ने की खरीदारी

छिबरामऊ, कन्नौज। वीणा विदिनी शिशु ज्ञान मंदिर एवं जूनियर हाई स्कूल महमूदपुर खास में बाल दिवस पर आयोजित बाल मेला मैं बच्चों की दुकानों पर बड़ों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों ने जनरल स्टोर,बु क स्टोर, गोल गप्पे, पापड़ी, मोमोज, बर्गर, पेस्टी,भेल-पूरी, गेम की भी दुकाने लगाई। दुकानों की साज सज्जा के आधार पर तनवी ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय,आर्यन और प्रशांत ने सयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामरुप आचार्य जी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने पंडित नेहरू के राजनैतिक कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया किस तरह उन्होंने देश को आजाद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर अजय राठौर, राखी, विकास, दिव्या, रीमा, शिखा, रिचा, सचिन, शबनम, निहारिका और आदित्य उपस्थित रहे।

घुमंतू समाज को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभः पंकज

- **मामला कन्नौज शहर के बोर्डिंग मैदान पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस पर घुमंतू गौरव समागम का।**
- **सम्मेलन में अपने संबोधन में पुलिस कार्यप्रणाली पर असंतुष्ट दिखे समाज कल्याण मंत्री।**

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सपा की सरकार के दौरान कानून व्यवस्था की स्थित बेहद खराब थी। शाम के समय बेटियां घरों से बाहर नहीं निकल पाती थीं। आज की नई पीढ़ी को अपने अभिभावकों से सपा के कार्यकाल में हुए कृत्यों के बारे में पूँछना चाहिए। इतना ही नहीं इंटरनेट पर भी 2017 से पहले की कानून व्यवस्था की स्थित देखनी चाहिए। उपरोक्त वक्तव्य बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने रविवार को कन्नौज शहर के बोर्डिंग मैदान में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित घुमंतू गौरव समागम कार्यक्रम के दौरान कहे। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि, सपा सरकार के कार्यकाल के दौरान उनके नेता अपराधियों के साथ खड़े होते थे। उन्होंने कहा कि, सपा को अभी से आगामी चुनाव में हार का अहसास होने लगा है, इसलिए कार्यकर्ता धमकियां देने में लगे हैं। आगे कहा कि, पार्टी के मुखिया को भी अपने कार्यकर्ताओं को अनर्गल बयानबाजी करने से रोकने को मजबूर होना पड़ा। कन्नौज के नाबालिक रेप प्रकरण को छेड़ते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, आरोपी नबाब सिंह के बचाव में बड़े बड़े नेता खड़े हो गए थे, लेकिन बीजेपी सरकार ने अपराधी को सजा दिलाने का काम किया।

सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होने वाले कार्यकम में दोपहर सवा 12 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे पंकज चौधरी का मंच पर बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान कार्यकम स्थल पर मौजूद नेताओं और पदाधिकारियों के साथ लोगों की भीड़ ने भारतमाता और महापुरुषों के जयकारे भी लगाए।

मंच पर अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि, आजादी के इतने साल बीत जाने के बाद भी पूर्ववर्ती सरकारों ने घुमंतू समाज की चिंता नहीं की। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में भी इस समाज के लिए कोई काम नहीं किया। स्वयं को जनजातीय समाज का मसीहा बताने वाली पार्टियों की सरकारों में भी इन समुदायों का उत्थान नहीं हो सका।

बीजेपी सरकार आने के बाद अंत्योदय के उत्थान पर काम शुरू हुआ।प्रधानमंत्री मोदी ने 484 विमुक्त जातियों के उत्थान के लिए 36 करोड़ 75 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया है। सरकार की योजनाओं का लाभ 5 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। पंकज ने आगे कहा कि, घुमंतू समाज के उत्थान के लिए बोर्ड का गठन महत्वपूर्ण कदम है। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की सराहना की। उन्होंने कहा कि, यह बोर्ड घुमंतू समाज के लोगों को आधार कार्ड, राशन कार्ड और आवास उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेगा। आगे कहा कि सरकार समाज के लोगों के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करने के लिए सम्मान, पहचान, अवसर और विकास के क्षेत्र में काम कर रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार का संकल्प समाज के प्रत्येक वर्ग को विकसित करने का है। युवाओं को कोचिंग से लेकर कलेक्टर बनाने तक के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे है। अपने संबोधन के दौरान पंकज ने कन्नौज से सांसद और उनके परिवार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, सांसद से लेकर उनके परिवार के सदस्यों ने सत्ता का सुख तो भोगा लेकिन घुमंतू समाज को उपेक्षित रखा। समाज के साथ भेदभाव किया गया। केबल सत्ता पर काबिज रहने के दौरान सांसद और उनके परिवार के सदस्यों ने अपने और अपने परिवार के उत्थान पर ध्यान दिया।

उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार बिना भेदभाव के काम कर रही है, लोगों को इस सरकार और पूर्ववर्ती सरकार की व्यवस्था की तुलना करनी चाहिए। प्रदेश की जनता सपा के कार्यकाल को भूली नहीं है।


मो. शाकिर हुसैन को फिर मिली कांग्रेस जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

छिबरामऊ, कन्नौज। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने एक बार फिर मो. शाकिर हुसैन एडवोकेट को जनपद कन्नौज के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

समर्पण भाव से ही मनुष्य का कल्याण संभव : पंडित बनारसी दास

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। मनुष्य के जीवन में जब तक समर्पण का भाव जागृत नहीं होता, तब तक उसका कल्याण संभव नहीं है। पूर्ण समर्पण के साथ सेवा करने वाले व्यक्ति पर भगवती की विशेष कृपा बनी रहती है। यह विचार शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि वर्ष 1999 में उहाँ की पवित्र धरती पर सेवा भाव के साथ शक्तिपीठ गमा देवी की सेवा का संकल्प लिया था। तभी से नर सेवा को नारायण सेवा मानकर सामाजिक और धार्मिक कार्यों में जुटे हैं।

उनके नेतृत्व में शक्तिपीठ पर खंडित मूर्ति विसर्जन अभियान, तुलसी स्थापना, सम्मान समारोह और सामाजिक समरसता जैसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते हैं। शक्तिपीठ में आज 27वां समर्पण वर्ष मनाया गया। इस अवसर पर देव कन्याओं का पूजन किया गया। पंडित बनारसी दास शास्त्री ने स्वस्तिवाचन कर कन्याओं को मंगल तिलक लगाया और उनकी परिक्रमा की। उन्होंने भगवती स्वरूपा कन्याओं से प्रार्थना की कि शेष जीवन नगर और समाज की सेवा में समर्पित रहे। अंत में जयकारों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

पीडीए सम्मलेन में सरकार बनाने का संदेश दे गए विधायक तेज प्रताप

- **मामला कन्नौज जिले के इंदरगढ़ स्थित क्रांतिकारी शिक्षा सदन इंटर कॉलेज त्रिलोकपुर में आयोजित पीडीए सम्मलेन का**
- **कन्नौज में खाली कुर्सियों को लेकर भंग किए गए थे जिले के सभी संगठन, फिर भी पार्टी समर्थकों ने आयोजित किया कार्यकम।**

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी और अखिलेश यादव एक बार फिर उत्तर प्रदेश की बागडोर संभालेंगे। सरकार बनाने में इस बार पीडीए का पूरा सहयोग मिलेगा। उपरोक्त उद्गार सपा नेता मैनपुरी के पूर्व सांसद और करहल विधानसभा से विधायक तेज प्रताप सिंह तेजू ने कहे।

बताते चलें कि, विगत दिनों सपा के प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर पीडीए सम्मलेन का आयोजन कन्नौज में किया गया था। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की कार्यकम स्थल पर मौजूदगी के बाद भी कार्यक्रम में जहां खाली कुर्सियां चर्चा का विषय बनी रहीं वहीं कार्यकम स्थल पर भीड़ नहीं देख प्रदेश अध्यक्ष की रिपोर्ट पर समाजवादी पार्टी की ओर से एक्शन लेते हुए जिले के सभी पार्टी संगठनों को भंग करने की कार्यवाही की गई थी।

बताते चलें कि,अभी दीवाली से पूर्व लखनऊ से सैफई जाते समय जिले के फगुआ कट पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव पार्टी कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए थे और मौजूद लोगों को दीवाली के उपहार देते हुए आगामी चुनाव में जुटने की बात भी कही थी।

आखिर समाजवादी समर्थकों ने एक बार फिर अपना जोश दिखाया।

रविवार को जिले के इंदरगढ़ के त्रिलोकपुर स्थित उपरोक्त इंटर कॉलेज में पीडीए सम्मलेन का आयोजित किया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में करहल विधायक तेज प्रताप पहुंचे। कार्यकम में तेज प्रताप का सपाई नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान तेज प्रताप ने कहा कि, आने वाला समय सपा का है। प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार के कार्यकलाप से अच्छी तरह रूबरू हो चुकी है। एनसीआरपी के आंकड़ों से लेकर प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और बीजेपी सरकार के हथकंडों पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार सरकार जुमले बाजों की नहीं बल्कि पीडीए के सहयोग और सभी वर्गों के आशीर्वाद से समाजवादी पार्टी की बनेगी और अखिलेश यादव एक बार फिर उत्तर प्रदेश की बागडोर संभालेंगे। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद सपा समर्थकों से आगामी चुनाव में जुटने की अपील भी तेजू ने की।

उन्होंने कहा कि पार्टी से जुड़े लोग बूथ स्तर पर मतदाताओं के वोटों पर खास ध्यान दें, जिनके वोट अभी नहीं बन सके हैं उनके वोट बनवाना सुनिश्चित करें।

धूमधाम से मनाई चाचा नेहरू की जयंती

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एसपीएल आदर्श विद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती को धूमधाम के साथ मनाई गई।

विद्यालय के प्रबंधक रामपाल सिंह ने चाचा नेहरू जी व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं केक काटा। उन्होंने कहा नेहरू जी को बच्चों से बहुत प्रेम था। बच्चे उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहकर बुलाते थे। उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी उचित शिक्षा, सुरक्षा एवं संस्कारों पर ही देश का उज्ज्वल भविष्य निर्भर करता है। प्रधानाचार्य दीपक यादव ने कहा कि इस अवसर पर विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, निबंध, खेलकूद एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

विद्यालयों में बच्चों को उनके अधिकारों, शिक्षा के महत्व, अच्छे संस्कारों और जीवन में अनुशासन के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इस अवसर पर यतेंद्र कुमार, धीरेन्द्र सिंह, अमित शाक्य, ऋषभ श्रीवास्तव, पीयूष यादव, अनीता प्रजापति, सलोनी राठौर, प्रिया पाण्डेय, प्रज्ञा दीक्षित, कोमल चौहान, श्रेया राजपूत, कामिनी यादव, सोनाली पाण्डेय, बेबी कमल, कृतिका चौहान आदि शिक्षक उपस्थित रहे।





छठ महापर्व पर व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया संध्या अर्घ्य

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पूर्वांचल विकास समिति के तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय छठ पूजा महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को पांचाल घाट पर आस्था का अनूठा नजारा देखने को मिला। यहाँ हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं और व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्यदेव को संध्या अर्घ्य अर्पित किया। छठ महापर्व में संध्या अर्घ्य का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इस दौरान व्रती महिलाओं व पुरुषों ने बांस के सूप और दउरे दलिया, में ठेकुआ, नारियल, ईख गन्ना, मौसमी फल और अन्य पारंपरिक पूजा सामग्री को श्रद्धाभाव से सजाया। पारंपरिक गीतों की गूंज के बीच व्रती सूप-दउरा सिर पर उठाए पांचाल घाट पहुँचे। सूर्यास्त के समय कमर तक पानी में खड़े होकर व्रतियों ने सूर्यदेव को जल और कच्चे दूध का अर्घ्य दिया। इस दौरान पूरा घाट क्षेत्र छठी मइया की जय और सूर्य भगवान की जय के जयकारों से गूंज उठा। घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्था के बीच भक्तिमय और उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। छठ महापर्व के चौथे और आखिरी दिन यानी 16 नवंबर सोमवार को उगते हुए सूर्यदेव को उषा अर्घ्य दिया जाएगा। इस दिन व्रती सुबह सूर्योदय से पहले ही घाटों पर पहुँचकर सूर्य भगवान के दर्शन करेंगे और उन्हें अर्घ्य देंगे। इसी के साथ 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत का पारण व्रत समापन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में पूर्वांचल विकास समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष केदार शाह, सदस्य एनडी प्रसाद, हरेन्द्र दुबे, संयोजक डॉ0 शमीम खां, प्रमोद कुमार झा, मनोज शर्मा, बृजभूषण सिंह, मुकेश कुमार, रामबाबू शाह, अजीत भट्ट और रामबाबू, मनोज पाण्डेय समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही इस बार छठ पूजन महोत्सव को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंची पुलिस अधीक्षक ने व्रतियों को छठ महोत्सव की बधाई दी। देर शाम छठ मइया की आरती के साथ आतिशबाजी छुडाई गयी। बच्चों ने भी पूजन में भाग लिया और आतिशबाजी छुड़ाई। रंगीन झालरों से सजा पांचाल घाट देखते ही बन रहा था। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रहा।



डूबते सूर्य को अर्घ्य देती व्रति महिलायें



घाट पर पुलिस फोर्स के साथ मौजूद एसपी

ट्रांसफार्मर फुंकने से छाया अंधेरा, जेई ने तत्काल बहाल कराई बिजली

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को लेकर एक बार फिर एक जिम्मेदार अधिकारी की सक्रियता देखने को मिली है। ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण जब पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया और भीषण गर्मी व उमस के बीच बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं बिजली के लिए परेशान हो उठे, तब कायमगंज के जेई जावेद अहमद ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को तुरंत संभाला। घटना की सूचना मिलते ही जेई जावेद अहमद ने मामले को गंभीरता से संज्ञान में लिया और बिना किसी विलंब के अपनी तकनीकी टीम के साथ सीधे मौके पर पहुंच गए। उन्होंने खुद कमान संभालते हुए युद्ध स्तर पर काम शुरू करवाया। टीम की कड़ी मेहनत के बाद मौके पर 400 केवीए का नया ट्रांसफार्मर बदलवाया और सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था चालू कराई गई।



विद्युत ट्रांसफार्मर लगाते कर्मी

खनन अधिकारी ने पकड़ी अवैध बालू से भरी चार बोगियां

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जनपद में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन और खनन विभाग ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रविवार की सुबह खनन विभाग की टीम ने एक औचक कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बालू ले जा रही चार बोगियों को पकड़ लिया। इस कार्रवाई से इलाके के बालू कारोबारियों में भारी हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लगभग 7 बजे खनन अधिकारी अपनी जांच टीम के साथ थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टाउन हॉल-चिलसरा मार्ग पर पहुंचे। यह कार्रवाई सब्जी मंडी के निकट की गई, जहां मुखबिर या नियमित गश्त के दौरान अवैध परिवहन का यह मामला पकड़ा गया। टीम ने मौके पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बालू से भरी चारों बोगियों को अपने कब्जे में ले लिया।

मौके पर कागजी कार्रवाई और प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद, खनन विभाग की टीम ने पकड़ी गई चारों बोगियों को अग्रिम और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना मऊदरवाजा के सुपुर्द कर दिया। खनन अधिकारी ने चेतावनी दी है कि जनपद में अवैध खनन और परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



पकड़ी गयी बालू से भरी बोगिया

श्री हरि नाम संकीर्तन महाकुम्भ में मची होली की धूम

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम गंगा तट पर चल रहे श्री हरि नाम संकीर्तन महाकुम्भ में मंगल पर्व का शुभारंभ ठाकुर जी की वंदना-स्तुति के साथ हुआ। इस अवसर पर भजन ही भजन हुआ, प्रवचन नहीं हुआ। राग-रागिनी में राधे-गोविन्द के मधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महाकुम्भ में आगन्तुक कलाकारों ने मनभावन भजनों की प्रस्तुति दी। आगंतुक अतिथि डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल, मुख्य शिक्षक डॉ0 मनमोहन गोस्वामी, राष्ट्रीय गायक युधिष्ठिर मलिक, सुनील मलिक ने श्याम तेरे प्यारे बरसाने, श्री राधा-श्याम प्यारी, ललित किशोरी की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। निकुंज बिहारी जी प्यारे हैं बरसाने, जय-जय राधा श्री, राधे गोविन्द की गूंज से पाण्डाल में भक्ति की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लड्डू महोत्सव और होली उत्सव रहा। राष्ट्रीय गायक ने गायन-वादन के साथ होली की विशेष प्रस्तुति दी। होलियारे रसिया, श्याम जू रसिया, होली खेले, रवलन आयी नन्द किशोरी होरी, ग्वाल बाल खेलत हैं होरी, चन्द्र भाल नन्द किशोरी होरी रे, जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। नन्दलाल के संग होरी खेलत नन्द किशोरी, बरसाने में, नन्द गाँव से मोहन आये होरी खेलत नन्द किशोरी की प्रस्तुति पर पूरा आश्रम बरसाना बन गया। लड्डू मार होली में लठमार होली, फूलों की होली, बरसाने में, है देखो री, परम पुरुष को नारी बनायो, होली खेले श्यामा-श्याम नन्द किशोरी रे, सिंदूर काजा, मेहन्दी महावर, माथे बिन्दी रे, ठाकुर जी को नारी का श्रृंगार किया की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने जमकर आनंद लिया। फूलों की होली, लड्डू मार, नन्दगाँव-बरसाने की होली और राग-रागिनी की प्रस्तुतियों में लोक संस्कृति का जीवंत रूप देखने को मिला। आधुनिक समय में भी हरि नाम संकीर्तन के माध्यम से आस्था और लोक परम्परा की सजीव प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। होरी को रसिया रे, होरी खेलत ग्वाल-बाल, राधे नाम रटो रसिया, ऐसी होरी तुम्हें खिलाऊँ अपने गाँव में, फूलों की होली पर श्रद्धालु आनंद में डूब गए। प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर चिन्मय गोस्वामी, डॉ0 मनोज मेहरोत्रा, मीडिया प्रभारी अंजुम दुबे, विनोद अग्निहोत्री, श्याम टंडन, सुनील वर्मा, अशोक वर्मा, गोपाल जी टंडन, बबलू सारस्वत, विपिन वर्मा, सुनील मल्होत्रा, अजय वर्मा, अतुल गुप्ता, श्रीनाथ पाठक, ज्योति शंकर मिश्रा, कौस्तुभ अग्रवाल, सुरेन्द्र पाण्डेय, संजय गर्ग, सुरेंद्र सफ्फड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नारायण आश्रम बना बरसाना



नृत्य करते भक्तगण



संकीर्तन में मौजूद गायक व श्रद्धालु

खबरें एक नजर में

खाली प्लॉट में मिला अधेड़ का खून से लथपथ शव



जांच पड़ताल करती पुलिस

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चौकी महमदपुर में उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर एक खाली प्लॉट पर 50 वर्षीय अवधेश राजपूत का खून से लथपथ शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। सिर पर गहरे घाव और खून के निशान थे। सूचना मिलते ही पुलिस बल ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। परिजनों के अनुसार मृतक अवधेश राजपूत रात करीब एक बजे घर से बाहर निकले थे। इसके बाद सुबह उनका शव घर से लगभग 250 मीटर दूर स्थित उनकी ही खाली जमीन पर पड़ा मिला। सुबह जब ग्रामीणों ने शव देखा तो तुरंत परिजनों को सूचना दी। पत्नी सुनीता और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर जुटे ग्रामीणों के बीच चर्चा थी कि अवधेश की मौत गोली लगने से हुई है, जबकि कुछ लोग पारिवारिक विवाद की आशंका भी जता रहे हैं। मृतक के दो बेटे हैं बड़ा बेटा पवन मुंबई में और छोटा बेटा अनुज दिल्ली में नौकरी करता है। जहानगंज थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन पाल पुलिस बल और राजपूताना चौकी प्रभारी के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन पाल ने बताया कि मृतक के सिर में घाव पाया गया है।

पं विमल प्रसाद तिवारी मार्ग नामकरण पर समारोह आयोजित



चेयरमैन वत्सला अग्रवाल को सम्मानित करते आदेश तिवारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शहर में नीवाचुअत तिराहे से स्टेट बैंक तक के मार्ग का नाम पं0 विमल प्रसाद तिवारी मार्ग किए जाने पर पं0 विमल प्रसाद तिवारी स्मृति संस्थान ने नगर पालिका अध्यक्षा वत्सला अग्रवाल का सम्मान समारोह आयोजित किया। नगर पालिका अध्यक्षा वत्सला अग्रवाल ने कहा कि वे तिवारी जी के विराट व्यक्तित्व से गौरवान्वित महसूस करती हैं। भाजपा नेता प्रभात अवस्थी और माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने पं0 विमल प्रसाद तिवारी के व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर बताया। शिक्षक एवं कवि बृजकिशोर सिंह किशोर ने कादरीगेट या ठंडी सड़क व फतेहगढ़ मार्ग पर पं0 विमल प्रसाद तिवारी स्मृति द्वार बनाकर उनका ऑयल चित्र लगाने का अनुरोध किया, जिसे उपस्थित लोगों ने समर्थन दिया। पालिका अध्यक्षा ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। संचालन कवि वैभव सोमवंशी ने किया। इस अवसर पर संजय गर्ग, चित्रा अग्निहोत्री, मीरा सिंह, क्षमा तिवारी, रोली सक्सेना, मानसी तिवारी, अतुल शंकर, असलम शोधकर्ता, मुकेश सक्सेना, विवेक मिश्रा, धर्मेंद्र गुप्ता, शब्बीर खाँ, विनोद वर्मा, राजेंद्र वर्मा, विजय मिश्रा, अंकुर तिवारी, कैलाश मिश्रा, सुतीक्ष्ण तिवारी, देवेन्द्र मिश्रा, शब्बीर खाँ, सतेन्द्र बाजपेई मौजूद रहे।

कार में रोडवेज बस ने मारी टक्कर एक की मौत

▸ बांदा का किला देखने जा रहे थे



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फरीदाबाद से बांदा का किला देखने जा रहे दोस्तों की कार में कन्नौज के छिबरामऊ क्षेत्र स्थित अकबरपुर के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल फरीदाबाद निवासी युवक की लोहिया अस्पताल में मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद जिले के थाना सूरजकुंड अंतर्गत गांव उड़गपुर निवासी धीरज (32) अपने दोस्त दिल्ली के प्रहलादपुर निवासी करन के साथ कार से बांदा का किला देखने जा रहे थे। रास्ते में उन्हें कन्नौज के गुरसहायगंज में करन के मामा से भी मिलना था। जैसे ही उनकी कार कन्नौज जिले के छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर के पास पहुंची, पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पहले एक टेंपो में टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार सवार धीरज और करन घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए फर्रुखाबाद के डॉ0 राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने धीरज को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दी है। साथी करन ने बताया कि मृतक धीरज की कपड़े की दुकान थी। हादसे की सूचना परिजनों को दे दी गई है, जिसके बाद से परिवार में कोहराम मच गया है।

शहद की रानी ने गांव की महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

कहते हैं कि अगर हौसले बुलंद हों और कुछ कर गुजरने की चाहत हो, तो रास्ते अपने आप बनते जाते हैं। कायमगंज विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत होतेपुर की रहने वाली महिला नीरज ने इस बात को सच साबित कर दिखाया है। सीमित संसाधनों और महज 80 हजार रुपये की पूंजी से मधुमक्खी पालन का सफर शुरू करने वाली नीरज आज करीब 150 मधुमक्खी पेटियों की मालकिन हैं। उनके इस शानदार मुकाम ने न सिर्फ उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारा है, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के नए द्वार खोले हैं।

नीरज ने साल 2019 में सरस्वती प्रेरणा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से इस कार्य की नींव रखी थी। शुरुआत में उनके पास केवल 40 पेटियां थीं और उन्होंने गांव की करीब एक दर्जन महिलाओं को साथ जोड़कर सामूहिक रूप से इस काम को आगे बढ़ाया। इस पूरी यात्रा में उनके पति अश्विनी कुमार ने हर कदम पर उनका साथ दिया और कंधे से कंधा मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। आज उनकी मेहनत रंग लाई है और पूरे कायमगंज क्षेत्र में उनके काम की सराहना हो रही है। नीरज के मधुमक्खी पालन केंद्र पर बंपर उत्पादन हो रहा है। उनके यहां हर महीने लगभग 9 क्विंटल 900 किलोग्राम शुद्ध शहद निकाला जाता है। खास बात यह है कि शहद खरीदने के लिए व्यापारियों को खुद उनके गांव आना पड़ता है, जिससे उन्हें बाजार तलाशने के लिए भटकना नहीं पड़ता। मधुमक्खी पालन का मुख्य सीजन नवंबर से मार्च तक यानी लगभग चार महीने का होता है। इस दौरान नवंबर के महीने में सरसों के फूल खिलने पर मधुमक्खियां फूलों से रस इकट्ठा करती हैं और शहद का निर्माण होता है। इन चार महीनों में लगातार शहद निकाला जाता है। हालांकि, इस सफर में कुछ चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। नीरज के अनुसार, दो साल पहले जो शहद 130 से 135 रुपये प्रति किलो बिकता था, उसकी कीमत अब घटकर केवल 75 रुपये प्रति किलो रह गई है। इसके अलावा, साल के बाकी महीनों में मधुमक्खियों को जीवित और सक्रिय रखने के लिए उन्हें चीनी की चाशनी खिलानी पड़ती है, जिससे लागत बढ़ जाती है और मुनाफे में कमी आई है। नीरज का मानना है कि यदि सरकार और प्रशासन द्वारा स्वरोजगार के ऐसे कार्यों को और अधिक प्रोत्साहन, उचित बाजार और बेहतर समर्थन मूल्य मिले, तो वह इस व्यवसाय को और बड़ा रुप दे सकती हैं।



▸ 80 हजार से शुरू किया काम, आज 150 पेटियों की मालकिन

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 62 लोगों की हुई जांच

▸ गर्भवती महिलाओं को खानपान और नियमित जांच की दी सलाह

फर्रुखाबाद/सवायजपुर, समृद्धि न्यूज।

सवायजपुर कस्बा स्थित महाराजा हरिश्चंद्र हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से रविवार को पांच दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ डॉ0 राहुल तिवारी ने फीता काटकर किया। उन्होंने बताया कि अपने पिता स्वर्गीय डॉ0 हरिश्चंद्र तिवारी की स्मृति में यह शिविर 20 नवंबर तक चलेगा। शिविर में लोगों की बीपी, शुगर और बीएमडी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें निशुल्क की गईं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 शालिनी यादव ने 15 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण कर उन्हें गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच कराने और खानपान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। वहीं डॉ0 शिवांगी कुमारी ने सामान्य रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में कुल 62 जरूरतमंदों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं।

इस दौरान आस्था मिश्रा और अजय तिवारी मौजूद रहे।



शुभारम्भ करते राहुल तिवारी व मरीजों को देखती चिकित्सक

टैबलेट वितरण का देखा गया सजीव प्रसारण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत माननीय कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण ऑनलाइन माध्यम से किया गया। लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा युवाओं को टैबलेट वितरण किए जाने के कार्यक्रम का महाविद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को डिजिटल तकनीक से जोड़ना, उनकी शैक्षिक एवं तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देना तथा डिजिटल संसाधनों के माध्यम से उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाना है। इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी अध्ययन प्रक्रिया को सुगम बनाने तथा उन्हें डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन गूगल मीट पर किया गया।

कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद में नई कार्यकारिणी का गठन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

▸ नितिन त्रिवेदी जिला अध्यक्ष व उमेश कुमार बने जिला महासचिव

शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार जनपद में संगठन को और अधिक सुदृढ़ एवं गतिशील बनाने के लिए मनोनयन किए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष मुकेश सिंह सिकरवार की अनुमति से प्रदेश महासचिव प्रेम शंकर शर्मा द्वारा जिले के तीन पदाधिकारियों की नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारी जिला अध्यक्ष नितिन त्रिवेदी, जिला महासचिव उमेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष सद्दाम हुसैन को बनाया गया। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अधिकारों, हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए इन पदाधिकारियों को उनकी कार्यनिष्ठा, सक्रियता एवं संगठनात्मक दक्षता को देखते हुए यह जवाबदेही सौंपी गई है। नितिन त्रिवेदी, उमेश कुमार और सद्दाम हुसैन के मनोनयन पर जनपद के आउटसोर्स और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में भारी उत्साह और खुशी का माहौल है। बिजेंद्र सिंह, अजब सिंह, कौशल अग्निहोत्री, अश्वनी वर्मा, शिव कुमार, सचिन, अमित सिंह सहित कर्मचारीगण ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी।

पांचाल घाट पर श्रद्धा, आस्था एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ छठ पूजा का आयोजन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

▸ डीएम के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के लिए की गईं व्यवस्थाएं

जनपद में लोक आस्था, श्रद्धा एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का आयोजन पांचाल घाट पर अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन के नेतृत्व में आयोजित इस पर्व में बड़ी संख्या में व्रती महिलाओं, उनके परिजनों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। गंगा नदी के पावन तट पर छठी मैया एवं भगवान सूर्य की आराधना के लिए उमड़े श्रद्धालुओं से पांचाल घाट का संपूर्ण परिसर भक्तिमय हो उठा। छठ पूजा पर पांचाल घाट पर आकर्षक सजावट की गई। घाट परिसर में रंग-बिरंगे गुब्बारों, विद्युत झालरों एवं पारंपरिक सजावट ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। घाट पर महिलाओं एवं पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे भी उत्सव में शामिल हुए। व्रती महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर पूजा-अर्चना की तथा सूप एवं पूजन सामग्री में फल, नारियल, गन्ना एवं अन्य पारंपरिक प्रसाद सजाकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। गंगा तट पर एक साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा की गई सूर्य उपासना का दृश्य अत्यंत मनोहारी एवं भावविभोर करने वाला रहा। छठ महापर्व के दौरान व्रती महिलाओं ने पूरी श्रद्धा, निष्ठा एवं पवित्रता के साथ छठी मैया की आराधना करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु एवं सर्वकल्याण की कामना की। गंगा तट पर पारंपरिक छठ गीतों, भक्ति एवं लोक संस्कृति की छटा ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में सराबोर कर दिया। परिवारों के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा छठ पूजा के आयोजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। घाट पर श्रद्धालुओं की आवाजाही, पूजा-अर्चना एवं स्नान के दौरान सुविधा तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। घाट परिसर में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या के बावजूद आयोजन को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर समुचित प्रयास किए गए।

जिला प्रशासन द्वारा पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संबंधित व्यवस्थाओं का समन्वय किया गया, जिससे व्रती महिलाओं एवं उनके परिजनों को पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ पूजा का यह आयोजन जनपद की धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता, सामाजिक सद्भाव और लोक परंपराओं के संरक्षण का सुंदर उदाहरण बना। पांचाल घाट पर विभिन्न परिवारों एवं समुदायों के लोगों की सहभागिता ने आपसी सौहार्द और सामूहिक उत्सव की भावना को और मजबूत किया। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से जनपद में छठ पूजा का पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। पांचाल घाट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब और गंगा तट पर सूर्य उपासना का मनोहारी दृश्य जनपद की सांस्कृतिक विरासत एवं धार्मिक परंपराओं की जीवंत झलक प्रस्तुत करता रहा।



पांचाल घाट पर मौजूद श्रद्धालु

अभिव्यंजना का 46वां वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह संपन्न

साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए मनीषी सम्मानित

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

स्थानीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिव्यंजना का 46वाँ वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह बद्री विशाल महाविद्यालय बढ़पुर में संपन्न हुआ। स्व0 डॉ0 रजनी सरीन् की स्मृति को समर्पित प्रतिष्ठित वार्षिक उत्सव की अध्यक्षता प्रो. रामबाबू मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति देवी प्रसाद सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में हिन्दी भाषा और साहित्य को समृद्ध करने वाले देश के विभिन्न प्रतिष्ठित साहित्यकारों और मनीषियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस वर्ष सम्मानित होने वाली विभूतियों में राम अवतार शर्मा इन्दु अभिव्यंजना सम्मान, राजकुमार सिंह हरदोई राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन सम्मान, डॉ. नागेश पाण्डेय संजय शाहजहाँपुर आचार्य वचनेश मिश्र सम्मान, प्रखर श्रीवास्तव ओम प्रकाश मिश्र कंचन सम्मान, भारती मिश्रा महीयसी महादेवी वर्मा सम्मान, अंचल सक्सेना डॉ. रजनी सरीन् सम्मान से सम्मानित किया गया। साहित्यिक कृतियों का विमोचन और लोकार्पण भी किया गया। संस्था की साहित्यिक पत्रिका अक्षरालोक का विमोचन किया गया। वहीं लेखिका भारती मिश्रा के चर्चित कहानी संग्रह स्पर्श का लोकार्पण संपन्न हुआ। लेखक भूपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा रचित ओजपूर्ण पुस्तक अग्निगाथा के नायक शहीद रामनारायण आजाद की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति देवी प्रसाद सिंह ने भारतीय सभ्यता, संस्कृति और बाल साहित्य के संवर्द्धन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक मूल्यों और बाल सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर अपने सारगर्भित विचार रखते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, जिन्हें उच्च शिक्षा, पौष्टिक आहार और स्वस्थ सामाजिक वातावरण मिलना अनिवार्य है। इस मौके पर समन्वयक भूपेन्द्र प्रताप सिंह, संरक्षक विनोद कुमार दुबे, संयोजक डॉ. कोयल सरीन, निमिष टण्डन, महेश पाल सिंह उपकारी, सुरेन्द्र पाण्डेय, संजय गर्ग, वैभव सोमवंशी मौजूद रहे।



पुस्तक विमोचन के दौरान मौजूद लोग

अखिल भारत हिंदू महासभा के कई पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पांचाल नगर स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम के समीप अखिल भारत हिंदू महासभा के संत प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार और आगामी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। संचालन हिंदू महासभा के विद्यार्थी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी ने किया, जबकि बैठक की रूपरेखा महंत गुरुजी दशरथ पुरी ने तैयार की। युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा के निर्देशानुसार, युवा प्रदेश सचिव दीपक शर्मा एवं युवा संगठन प्रदेश मंत्री नरेंद्र चौहान की उपस्थिति में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। संत प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष पदम श्री महाराज, महिला नगर अध्यक्ष अनीता गुरुजी, संत प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष अनीता पुरी उपस्थित रहीं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हरदोई आलोक यादव, युवा जिला महामंत्री हरदोई रोहित यादव, संत प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हाथरस संबंधित दायित्व सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष अमृतपुर एवं राजेपुर के ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की गई। महिला प्रकोष्ठ महिला मोर्चा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा चौहान, युवा जिला महामंत्री नीरज राजपूत, विद्यार्थी प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुरुदेव सिंह, युवा नगर अध्यक्ष अंजलि कश्यप उपस्थित रहे। बहुत जल्द उन सभी जिलों में वृहद सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जहां नए पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गई हैं, ताकि संगठन को और अधिक मजबूत किया जा सके।



बैठक में मौजूद हिन्दू महासभा के लोग

कार का शीश तोड़कर 40 हजार की नगदी चोरी

कंपिल, समृद्धि न्यूज। सड़क किनारे दरवाजे पर खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़कर चोरों ने चालीस हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की।

नगर के मोहल्ला काजी टोला निवासी लाल मोहम्मद फेरी लगाकर दिल्ली में रहकर कॉस्मेटिक व नकली जैवलरी का व्यापार करते हैं। दो दिन पूर्व वह लगभग चालीस हजार रुपए का माल खरीदकर गाड़ी से घर आ गए। माल लदी गाड़ी उन्होंने घर के सामने सड़क किनारे खड़ी कर दी। शनिवार की बीती रात चोरों ने गाड़ी के शीशे तोड़कर उसमें रखा सामान चोरी कर लिया। शनिवार सुबह जागने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नि:शुल्क नेत्र शिविर में 95 ने कराया रजिस्ट्रेशन

35 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए कानपुर रवाना

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को सेवा समिति फर्रुखाबाद द्वारा विशाल नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन मोहल्ला खैराती खां स्थित नूरी एजुकेशन सेंटर, बीबी साहिबा मस्जिद के पास किया गया। शिविर का शुभारंभ फीता काटकर फतेहगढ़ बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सलीम राजा एवं सेवा समिति के संस्थापक फरियाब खान ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में कुल 95 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। जांच के बाद मोतियाबिंद से पीड़ित 35 मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए कानपुर भेजा गया। शिविर में माधव हॉस्पिटल एंड आई केयर कानपुर की नेत्र चिकित्सा टीम ने मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान कीं। नेत्र सर्जन डॉ0 नमिता शर्मा के साथ डॉ0 एसके यादव एवं डॉ0 पप्पू अंसारी ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। आयोजन आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से संपन्न हुआ। सलीम राजा ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। फरियाब खान ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। इस मौके पर अमन सलमानी, रूशद खान, जकी सलमानी आदि लोग मौजूद रहे।



शिविर का शुभारम्भ करते सलीम राजा

मानस सम्मेलन में गूंजी श्री राम कथा, भरत के त्याग और आदर्शों का बखान

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

23वां मानस सम्मेलन श्री राम कथा की अमृतमयी वर्षा में भगवान श्री राम जी का प्राकट्य उत्सव मानस विद्वान सन्तोष रामायणी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये श्री राम का पृथ्वी पर जन्म लेने के कई कारणों की व्याख्या की। उन्होंने कहा मनु-शतरूपा की तपस्या, श्री राम को पुत्र रूप में पाने के लिये, चक्रवर्ती राजा दशरथ की पुत्र न होने की ग्लानि, धरती पर असुरों का अत्याचार, उपभोगवादी संस्कृति (खाओ-पियो-मौज करो), धर्म की हानि, संत जनों-ऋषियों मुनियों पर अत्याचार, समाज में अनाचार, मानवीय संस्कृति का लोप हो जाना, परमात्मा को मनुज रूप में धरती पर अवतार लेना पड़ा।

मानस मर्मज्ञ चिन्तनशील विद्वान, अम्बरीष रामायणी ने भैया भरत के चरित्र पर गहन विचार व्यक्त करते हुये पद का संमान, सदुरू को, प्रजाजन के द्वारा राज्य नहीं लिया अपना बड़े भैया श्री राम का प्रेम-भाव-अनुराग में राज्य को त्याग दिया। वन वास के समय राज्य का संचालन लोक नीति के माध्यम से राज्य किया। श्री राम की खड़ाऊँ का सम्मान करते हुये लोकनीति सर्वोपरि सामने रखी, गुरू वशिष्ठ द्वारा लोकनीति, राजनीति और प्रजानीति भारतीय संस्कृति में (वेद-पुराण-शास्त्रों) के द्वारा सूक्ष्म चिन्तन के द्वारा राम राज्य को सेवा के द्वारा संचालन किया। भरत-चरित्र भारत का विशेष महत्व रखता है। वर्तमान समय में प्रेरणा दायक है।

मानस में सुमन रामायणी, रूचि रामायणी, कु0 साधना शर्मा, मानस के महिला विद्वानों ने भारतीय संस्कृति के आधार पर राम के जन्मोत्सव में सोहर-गीत, मंगल-गीत, बधाई-गीतों के द्वारा संस्कारों का जन-जागरण किया। मानस भूषण अरिमर्दन शास्त्री हमीरपुर, पं0 सर्वेश शुक्ला रामायणी ने मानस सम्मेलन में अपने विचार में मानस धार्मिक ग्रन्थ के साथ मानव जीवन के संस्कारों का मूल मन्त्र है। जिसमें गोस्वामी तुलसी दास ने नाना प्रकार के पुराणों, वेद, शास्त्रों का अमृतमयी राम चरित मानस की मानव कल्याण हेतु ग्रन्थ दिया और सारे जग का कल्याण किया, युवाओं के लिये प्रेरणा स्रोत है।

भारत सिंह ने सभी विद्वानों का स्वागत किया। महिला-मण्डल की समिति में गौरांग दुबे, निर्मला सिंह, शारदा भदौरिया, कुसुम सिंह, नीलम सक्सेना, शकुन्तला कटियार, भगवान श्री राम की आरती की। इस अवसर पर राजेश निराला, वैभव सोमवंशी, पं0 अरविन्द चतुर्वेदी, शिव प्रताप, राहुल कनौजिया, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, अमित गुप्ता, विद्वानों का स्वागत किया। संचालन बृज किशोर सिंह किशोर ने किया। सभी भक्तों ने श्री राम दरबार की आरती करके कथा का विश्राम किया।



कथा का श्रवण करते भक्तगण

खबरें एक नजर में

युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर की खुदकुशी

बांदा, समृद्धि न्यूज। मरका थाना क्षेत्र के मटेहना गांव के क्योटन डेरा में युवक ने खेत पर लगे नीम के पेड़ पर अगौछा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई ने दो लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बताया गया है कि मटेहना गांव के क्योटन डेरा निवासी उमेश (18) पुत्र माता प्रसाद का शव शनिवार की दोपहर खेत पर लगे नीम के पेड़ पर अगौछा से फांसी पर लटकता मिला। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर कब्जे में ले लिया। फॉरेंसिक टीम ने नमूना लिया। मृतक के बड़े भाई देवशरन ने बताया कि उसका भाई नवरात्र में सिकंदराबाद से गांव आया था। वह शनिवार की दोपहर मेला देखने जाने के लिए घर से निकला था। गांव के ही दो युवकों ने उसे गाड़ी में बैठा लिया और इधर उधर घुमाते रहे। आरोप लगाया कि एक युवक का डेरा में आना जाना था। उसने युवक को एक युवती से मिलते हुए देख लिया था। युवक को डर था कि उमेश कहीं लड़के वालों के घरवालों से बता न दे। इसके चलते दोनों युवकों ने उमेश को धमकी दी और आत्महत्या के लिए उकसाया। खुदकुशी करने से पहले उमेश ने देवशरन के खाते में पांच हजार रुपए भी भेजे थे। थानाध्यक्ष सूबेदार सिंह का कहना है कि प्रथ्रमदृष्टया मामला खुदकुशी का है। मृतक के फोन की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चार जुआरी पकड़े, 21 हजार रुपए बरामद

बांदा, समृद्धि न्यूज। बिसंडा थाना पुलिस ने ओरन के मजरा तवेदार का पुरवा में हार-जीत की बाजी लगाकर जुआं खेल रहे चार जुआंरियों को दबोच लिया। उनके कब्जे से 21 हजार 150 रुपए और ताश की गड्डी बरामद की गई। थानाध्यक्ष चंद्रप्रकाश तिवारी ने बताया कि अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने के लिए चलाए रहे अभियान में मुखबिर की सूचना पर तवेदार का पुरवा में छापामार कार्रवाई करके जुआंरियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए जुआंरियों में रामू पुत्र रामनारायण, अशोक पुत्र टिंकू, छत्रपाल पुत्र रामबहोरी, राजाबाबू उर्फ राजा पुत्र मइयादीन निवासीगण बिसंडी रोड, ओरन थाना बिसण्डा शामिल हैं। बताया कि अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पांचवीं बार महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष बनीं सुधा

बांदा, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के निर्वाचन कार्यक्रम में सुधा सिंह राजपूत को लगातार पांचवीं बार जिलाध्यक्ष चुन गया। सुधा सिंह के साथ ही उनकी पूरी कार्यकारिणी का निर्वाचन भी निर्विरोध तरीके से किया गया। रविवार को टीचर्स सोसाइटी में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया में सुधा सिंह राजपूत का नाम एक बार फिर से जिलाध्यक्ष पद के प्रस्तावित किया गया। जिसका सभी शिक्षिकाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच समर्थन किया और उनके ऊपर एक बार फिर से भरोसा जताया। इसके अलावा जयंती सिंह जिला संरक्षिका, नीतू सिंह कुशवाहा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शशि गुप्ता, अमिता, संध्या व दीपिका जिला उपाध्यक्ष चुनी गईं। ऐसे ही रोशनी को महामंत्री, अंजुम को संयुक्त मंत्री, मीरा रविकुल, कमला व रीता को मंत्री, अभिलाषा सिंह गौतम, रानी देवी सिंगरौल को संगठन मंत्री, नौरीन को मीडिया प्रभारी, स्नेहलता, पुष्पा साहू व सावन कुमारी को प्रचार मंत्री, शाहीन बेगम को कोषाध्यक्ष, पूजा सिंह को अकाउंटेंट और रंजना को आय-व्यय निरीक्षक के पद पर निर्वाचित किया गया। चुनाव के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्राधिकार पत्र वितरित किए गए। जिलाध्यक्ष श्रीमती राजपूत ने प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य का आभार व्यक्त करते हुए महिला शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए संघर्ष करते रहने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अंजलि खरे, प्रीति, रीना, राखी समेत तमाम शिक्षिकाएं शामिल रहीं।

बालाजी दीवाने परिवार का 52वां मासिक सुंदरकांड पाठ सम्पन्न

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

बालाजी दीवाने परिवार द्वारा आयोजित 52वां मासिक सुंदरकांड पाठ बहुत ही भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत बालाजी के दीवाने परिवार के पीयूष अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, शुभी अग्रवाल, मानसी अग्रवाल ने बाबा का पूजन अर्चन एवं माला पहनाकर एवं ज्योति प्रज्वलित कर की। बाबा के दरबार का मुख्य आकर्षण दरबार की सजावट एवं छप्पन भोग की प्रसादी रही।

छप्पन भोग की प्रसादी में मुख्य रूप से महक अग्रवाल, मानसी अग्रवाल, भोलू अग्रवाल, गौरी अग्रवाल एवं दिलीप अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। सिया शर्मा, मनोज कौशल और रुचि आदि का सहयोग रहा। प्रियंका अग्रवाल ने सभी भक्तों के साथ संगीतमय तरीके से श्री बालाजी महाराज को सुंदरकांड के पाठ को पढ़कर सुनाया। भजनों की श्रृंखला से माहौल आनंदमय हो गया। मनोज कौशल ने राधा रानी के भजनों को गाकर सुनाया। सिया शर्मा एवं रुचि ने माता रानी के भजनों को गाकर सुनाया। सब भक्त भजनों को गाकर सुनकर एवं सुंदरकांड के पाठ को सुनकर भक्ति में लीन हो गए। क्षेत्रीय विधायक डा0 सुरभि भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। उन्होंने सभी भक्तों से सभी के अनुभव एवं परिचय साझा किया। उन्होंने प्रभु के आशीर्वाद से ही अपनी राजनीति यात्रा की शुरुआत की। उसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ हुआ एवं आरती कर सभी ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में पीयूष अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, राजीव गुप्ता, एआरपी अनुराग पाठक, हर्षित अग्रवाल, ज्योति श्याम गौड़, दिलीप अग्रवाल, हुकुमचंद वर्मा, अभिजीत वर्मा, मनीष गोयल, अनुराग गोयल, राजीव गुप्ता, शिरीष गुप्ता, मृदुल अग्रवाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, विजय गुप्ता, विजय विक्रम सिंह यादव, शैलेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, उमेश गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, रोहित गुप्ता, अश्विनी मिश्रा, अमित द्विवेदी, राहुल अग्रवाल, मितोष कौशल, ज्योतिषाचार्य गौरव मिश्रा, ऋषभ आदि अन्य भक्त उपस्थित रहे एवं महिला विंग से प्रियंका अग्रवाल, गौरी अग्रवाल, सीमा गुप्ता, प्रभा अग्रवाल, ममता अग्रवाल, बिंदु अग्रवाल, सिया शर्मा, रुचि, मेघा अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, शुभी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, शिखा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



सुंदरकाण्ड पाठ में भाग लेती महिलायें

बाईपास मार्ग पर खुले नाले में गिरी गाय, कर्मचारियों ने निकाला

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नगर के बाईपास मार्ग पर बबना तिराहे के पास रविवार सुबह एक गाय अचानक खुले नाले में गिरकर फंस गई। सुबह के समय जब स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकले, तो उन्होंने गाय को नाले में फंसे हुए देखा, जिससे आसपास के मोहल्लेवासियों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत नगर पंचायत को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही नगर पंचायत के कर्मचारी अंबुज भारद्वाज, सफाई नायक और अन्य सफाई कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुँचे। कर्मचारियों ने स्थानीय नागरिकों के सहयोग से कड़ी मशक्कत और रस्सी की मदद से फंसी हुई गाय को नाले से सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे लोगों ने राहत की साँस ली। इस घटना के बाद मोहल्लेवासियों में नगर पंचायत के खिलाफभारी आक्रोश देखा गया। लोगों ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि नालों की खुदाई के बाद उन्हें खुला छोड़ दिया गया है। इसके चलते आए दिन कोई न कोई मवेशी या राहगीर इस तरह के हादसों का शिकार हो रहा है। निवासियों का कहना है कि इन खुले नालों की वजह से कभी भी कोई गंभीर या बड़ा हादसा हो सकता है। जनता ने नगर पंचायत प्रशासन से पुरजोर माँग की है कि जल्द से जल्द सभी खुले नालों को ढका जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।



नाले में गिरी गाय को निकालते पंचायत कर्मी

पत्नी से फोन पर बात करने के बाद युवक ने की आत्महत्या

बबेरू। मायके से पत्नी के न आने से परेशान युवक ने पहले अपनी पत्नी से मोबाइल पर बात की और उसके बाद कमरे के अंदर छप्पर धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। बता दें कि मरका थाना क्षेत्र के अरमार गांव निवासी भूपेंद्र उर्फ रज्जू यादव (28) पुत्र मलखान बाहर रहकर मजदूरी करता था। वह तीन दिन पहले ही गांव आया था। उसकी पत्नी करीब छह माह से अपने मायके मे रह रही है। घटना से एक दिन पहले वह अपनी ससुराल पत्नी को लिवाने गया था। लेकिन पत्नी उसके साथ नही आई, जिससे वह परेशान था। पिता के मुताबिक भूपेंद्र ने रात को फोन पर पत्नी से बात किया और रविवार की सुबह उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मरका थाना प्रभारी सूबेदार बिन्द ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

लखनऊ महारैली को लेकर आजाद समाज पार्टी ने की समीक्षा बैठक

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

आगामी 26 नवंबर को लखनऊ में होने वाली बहुजन स्वराज संकल्प महारैली की तैयारियों को लेकर रविवार को आजाद समाज पार्टी कांशीराम के किसान मोर्चा, युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रैली को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जनपद से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि जनपद से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता 26 नवंबर को लखनऊ के शारदा नगर शहीद पथ स्थित माता रमाबाई अंबेडकर मैदान में पहुंचकर अपनी एकजुटता का परिचय देंगे।

आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व को मजबूत करने का संकल्प लिया। समीक्षा बैठक में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नितिन कुमार गौतम, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नूर अहमद सिद्दीकी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शिवानी कटियार, आशुतोष कठेरिया, अतुल कठेरिया के अलावा उमेश गौतम, अमित गौतम, देवेंद्र कुमार गौतम, सत्यम वाल्मीकि, ध्रुव वाल्मीकि, सुधीर कुमार, कार्तिक गौतम, रवि गौतम, आलोक कुमार, अनुष्का देवी, छत्रपाल, संजय कुमार, शिवानी देवी, शिशु प्रताप, दिनेश कुमार, गौरव गौतम, ममता देवी, फूलमती, खुशबू, मीरा देवी, कमलेश गौतम, कैलाश कुमार उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

मासूम से दरिंदगी करने वाला शिक्षक निलंबित

बांदा, समृद्धि न्यूज। नरैनी ब्लाक के एक प्राथमिक विद्यालय में सात वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आखिरकार निलंबित कर दिया। मामले की विभागीय जांच नरैनी खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है। उधर, घटना के एक माह बाद भी पुलिस आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पीड़िता के पिता ने शनिवार को दोबारा एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। आरोप लगाया कि शिक्षक की गिरफ्तारी के बजाय पुलिस उसे बचाने का प्रयास कर रही है। उधर आरोपी शिक्षक हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक लगवाने की कोशिश कर रहा है। बदौसा थाना क्षेत्र के एक गांव में संचालित प्राथमिक विद्यालय में आठ अक्टूबर को सात वर्षीय बच्ची के साथ शिक्षक पुष्पराज पर शराब के नशे में दुष्कर्म करने का आरोप है। पीड़िता के पिता का कहना है कि बच्ची लहूलुहान हालत में घर पहुंची तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। वह बच्ची को लेकर थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसपी के आदेश पर 12 अक्टूबर को आरोपी शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। 13 अक्टूबर को जिला अस्पताल में बच्ची का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। पिता का आरोप है कि अभी तक उन्हें मेडिकल रिपोर्ट की कॉपी नहीं दी गई और न ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

ब्राह्मण संगठन के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर नगला विनायक में दो पक्षों के बीच हुए विवाद और मारपीट के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है।

घटना की जानकारी मिलने पर ब्राह्मण संगठन के पदाधिकारियों ने पीड़ित धर्मेंद्र कुमार दुबे के पक्ष में एकजुटता दिखाते हुए गांव पहुंचकर उनका हाल जाना और थाने पहुंचकर दूसरे पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिकंदरपुर नगला विनायक में दो दिन पूर्व ब्राह्मण समाज के धर्मेंद्र दुबे और गड़रिया समाज के लोगों के बीच विवाद हो गया था। मामले की सूचना जब ब्राह्मण संगठन के पदाधिकारियों को मिली, तो जिलाध्यक्ष अमन दुबे और पंकज अवस्थी सहित कई पदाधिकारियों के साथ पीड़ित धर्मेंद्र दुबे के आवास पर पहुंचे। वहां पदाधिकारियों ने पीड़ित व उनके परिजनों से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली और वर्तमान परिस्थितियों का जायजा लिया।

इसके बाद संगठन के पदाधिकारी धर्मेंद्र दुबे को अपने साथ लेकर थाना नवाबगंज पहुंचे और उनकी ओर से तहरीर दिलवाकर एफआईआर दर्ज कराई। पीड़ित धर्मेंद्र कुमार दुबे पुत्र वीरेन्द्र कुमार दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते 9 नवंबर की शाम करीब 3 बजे पेट्रोल पंप पर उनके पुत्र दयानंद के साथ हुए पुराने विवाद को लेकर आरोपी उनके घर आ धमके। मिथलेश कुमार, सनीपाल, नितिन, प्रियांशु, नितिनपाल, अभय प्रताप उर्फ विवेक निवासीगण सिकंदरपुर नगला विनायक तथा नरेन्द्र पाल फौजी और लालू पाल फौजी निवासीगण बलोखर ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए जब धर्मेंद्र घर के अंदर भागे, तो हमलावरों ने घर में घुसकर उनकी पत्नी रूचि दुबे, पुत्री नन्दिनी दुबे, माता संतोषा देवी, पुत्र दयानंद और पिता वीरेन्द्र दुबे के साथ भी मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर दयानंद से मिलने आए उनके दोस्त निखिल ठाकुर चांदपुर, आदित्य ठाकुर समैचीपुर, विशाल जाटव नगला बांसमेई और अनमोल शर्मा नया गनीपुर ने बीच-बचाव का प्रयास किया, तो हमलावरों ने उन्हें भी पीटा। अभय प्रताप उर्फ विवेक ने विशाल जाटव पर किसी धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे विशाल, निखिल और आदित्य को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर पर आठों नामजद आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 333, 115(2), 352, 351(3) और 118(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक गीतम सिंह को सौंपी गई है।



थाने में मौजूद लोग

दो घरों की चोरी का खुलासा किशोरी-प्रेमी गिरफ्तार

80 लाख के जेवर व नकदी के साथ दो बाइकें बरामद

समृद्धि न्यूज, अतर्रा।

थानाक्षेत्र के अलग-अलग दो घरों में हुई लाखों की चोरी की घटनाओं का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। मामले में पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका को धर दबोचा और करीब 80 लाख की कीमत के सोने-चांदी के जेवरातों समेत नकदी व दो बाइकें भी बरामद की हैं। बता दें कि नाबालिग प्रेमिका ने पकड़े जाने के बाद प्रेमी को ही कटघरे में खड़ा कर दिया और उसके ऊपर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर चोरी की घटनाओं में शामिल करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी प्रेमिका को बाल संरक्षण गृह और प्रेमी युवक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

अतर्रा कस्बे के बजरंग नगर मुहल्ला निवासी रोहित ने शुक्रवार शाम पुलिस को बताया था कि सुबह चोरों ने उनके घर से सोने एवं चांदी के आभूषण चोरी कर लिए हैं। तहरीर के आधार पर अतर्रा थाने में पुलिस मुकदमा दर्ज किया था। चोरों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर पुलिस टीमों का गठन किया गया।

सूचना

मैंने अपने छोटे भाई ललित उर्फ नागेन्द्र व उसकी पत्नी अल्का के गलत चाल चलन के चलते अपने सभी प्रकार सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

अतुल यादव पुत्र जागेश्वर सिंह यादव निवासी नलकूप कालोनी, धन्सुआ, कोतवाली फतेहगढ़-फर्रुखाबाद।

खाद वितरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

समितियों को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक खोलने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर खाद वितरण, धान व गन्ना खरीद, पराली जलाने पर रोक और गोवंश संरक्षण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सहकारी समितियों को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक अनिवार्य रूप से खोलने तथा डीएपी सहित अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। ई-पॉस मशीन खराब होने पर तत्काल



ठीक कराने और खाद वितरण की प्रतिदिन निगरानी कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।धान खरीद में किसानों का पंजीकरण बढ़ाने और सत्यापन में तेजी लाने को कहा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल क्षति का स्थलीय सत्यापन कर पात्र किसानों को समय से मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए।गो-आश्रय स्थलों पर चारा व पशुओं के समुचित भरण-पोषण तथा गन्ना खरीद की व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। जिले में 6894.187 हेक्टेयर में गन्ने की खेती और 50.81 लाख क्विंटल उत्पादन संभावित है। वहीं, पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

छठ पर्व पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य गोमती मित्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान



समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ श्रद्धा और उल्लास से शुरू हुआ। लम्भुआ क्षेत्र के बूधापुर सहित विभिन्न घाटों पर व्रती महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की खुशहाली की कामना की। घाटों पर छठी मइया के गीतों से वातावरण भक्तिमय रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा के इंतजाम किए गए। सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पर्व का समापन होगा। उधर, छठ पर्व पर श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित घाट उपलब्ध कराने के लिए गोमती मित्र मंडल समिति ने सीताकुंड धाम पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। करीब दो घंटे चले श्रमदान में सदस्यों ने नदी और तट से कुंतलों पूजन सामग्री, खंडित मूर्तियां, कांच के फ्रेम और प्लास्टिक कचरा निकाला। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, रमेश माहेश्वरी, सेनजीत कसौधन, मुन्ना सोनी, राजेश पाठक, दिनकर सिंह, राकेश सिंह दद्दू, अजय प्रताप सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। समिति ने श्रद्धालुओं से पूजन सामग्री नदी में न डालने की अपील की।

नायब तहसीलदार पर हमले का एक और आरोपी मुठभेड़ के गिरफ्तार

- पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पर था 25 हजार का इनाम
- 2 नवंबर की रात अमिलिया कला गांव में राजस्व टीम पर हमले से जुड़ा मामला

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।



दो नवंबर की रात अवैध खनन की सूचना पर गई राजस्व टीम पर जानलेवा हमला करने वाले एक और आरोपी को नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपी को इलाज के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बता दे कि 2 नवम्बर की रात एसडीएम सदर गरिमा सौनकिया के आदेश पर नगर कोतवाली क्षेत्र के अमिलिया कला गांव अवैध खनन रोकने गए नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव पर खनन माफिया गोलू सिंह ने अपने साथियों के साथ हमला कर दिया था।मामले में लेखपाल सुमित वर्मा की तहरीर पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। शनिवार को नगर कोतवाली पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी कामरान पुत्र इरफान खान निवासी पांचोंपीरन कोतवाली नगर को हवाई पट्टी के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपी से पुलिस ने अवैध देशी तमंचा, जिंदा कारतूस व खोखा बरामद किया।घायल कामरान का पुलिस ने जिला मेडिकल कॉलेज में इलाज कराया। इलाज के बाद 25 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया।नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का तीन मुकदमों का आपराधिक इतिहास है।जो नायब तहसीलदार पर हमले के मामले वांछित था।

ओवरटेक को लेकर विवाद, दो युवकों की पिटाई

चांदा, सुलतानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर परसरामपुर गांव के पास पुरानी हाईवे पर पटेल ढाबे के निकट ओवरटेक को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि स्कॉर्पियो सवार युवकों ने अर्टिगा कार रोककर चालक समेत दो लोगों की पिटाई कर दी। लंभुआ थाना क्षेत्र के रामगढ़ निवासी प्रमोद कुमार रजक अर्टिगा से बदलापुर (जौनपुर) जा रहे थे। उनके साथ सनोज सरोज भी थे। मारपीट में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में सनोज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने जांच की है, अभी किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है।

कृष्ण जन्मोत्सव पर जयकारों से गूंजा भागवत कथा पंडाल

सुलतानपुर। दोस्तपुर में बरनवाल परिवार के सौजन्य से आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा व्यास अतुल कृष्ण भामिनी महाराज का शिवांग मिश्रा, जितेंद्र कांस्कार, दीपक विश्वकर्मा, उत्तम बरनवाल, क्षितिज, सागर, स्वर्णिम और स्वप्निल ने शंखध्वनि, आरती व तिलक कर स्वागत किया। कथा में महाराज ने ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया। कृष्ण जन्म की कथा शुरू होते ही पंडाल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। बाल गोपाल का विधि-विधान से अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर नंदोत्सव मनाया। महिलाएं भजन-कीर्तन पर झूमती नजर आईं।महाराज ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को भक्ति, सदाचार और सुख-शांति की प्रेरणा मिलती है। अंत में महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



खबरें एक नजर में

केएनआईटी में बैच 2001 का सिल्वर जुबली समारोह, 60 पूर्व छात्र हुए शामिल

सुलतानपुर। कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केएनआईटी) में रविवार को बीटेक एवं एमसीए बैच 2001 का सिल्वर जुबली रीयूनियन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में देश-विदेश की प्रतिष्ठित सरकारी और निजी संस्थाओं में उच्च पदों पर कार्यरत करीब 60 पूर्व छात्र शामिल हुए। सभी ने 25 वर्ष पुरानी यादें साझा कर अपने छात्र जीवन को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के कुलसचिव डॉ. एके चौहान के स्वागत संबोधन से हुआ। निदेशक ने पूर्व छात्रों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि केएनआईटी पूर्व छात्रों का दूसरा घर है। संस्थान के विद्यार्थी आज डीआरडीओ, बार्क, रेलवे, टीसीएस, भेल, एनटीपीसी, एचएएल और पावरग्रिड सहित प्रतिष्ठित संस्थानों में सेवाएं दे रहे हैं।इस दौरान वर्तमान छात्र-छात्राओं ने गायन, नृत्य और बैंड की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। पूर्व छात्रों ने भी पुराने गीतों की प्रस्तुति देकर समारोह को यादगार बनाया। पूर्व छात्रों ने निदेशक और शिक्षकों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में प्रो. एचडी राम, हर्ष विक्रम सिंह, डीएल गुप्ता, सौरभ मणि त्रिपाठी, एसपी गंगवार, कपिल सक्सेना और रजनीश सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। अंत में डॉ. अनिल कुमार ने सभी के प्रति आभार जताया।

एमडीएमए नशीले पदार्थ के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य गिरफ्तार

संडवा चंद्रिका-प्रतापगढ़। थाना अंतू पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8.4 ग्राम अवैध एमडीएमए के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अब्दुल रहमान उर्फ नान्हू पुत्र कलीमउल्ला निवासी आममऊ ककहरा, थाना अंतू के रूप में हुई है। आरोपी की उम्र करीब 50 वर्ष बताई गई है। बताया जा रहा है कि वह पूर्व में जिला पंचायत सदस्य भी रह चुका है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष मिश्र के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिरोही के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शुकुलपुर चौराहे के पास घेराबंदी कर बिना नंबर प्लेट की काली हुंडई क्रेटा कार को रोक लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 8.4 ग्राम एमडीएमए, 11,800 रुपये नकद और एक आईफोन बरामद हुआ। पुलिस ने कार को भी कब्जे में लेकर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पट्टी क्षेत्र से एमडीएमए खरीदकर लाता था। उसके अनुसार, एक निश्चित स्थान पर रुपये रखकर वहां से नशीला पदार्थ प्राप्त करता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी इसकी बिक्री कर अपना खर्च और शौक पूरा करता था। इस मामले में थाना अंतू में मुकदमा अपराध संख्या 288/2026 धारा 22(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सचिन यादव, चौकी प्रभारी गड़वारा, उपनिरीक्षक विजय त्रिवेदी, चौकी प्रभारी एआरटीओ, आरक्षी लोकेंद्र सिंह, संदीप यादव और पवन मौर्य शामिल रहे।

श्रीमद्भागवत में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन



संडवा चंद्रिका-प्रतापगढ़। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार बाल्यकाल में भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुल और वृंदावन में अपनी मनमोहक लीलाओं से सभी का मन मोह लिया। माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ खेलना और माता यशोदा के साथ बाल सुलभ प्रसंगों के माध्यम से भगवान ने भक्तों को प्रेम, भक्ति और आनंद का संदेश दिया। भगवान की लीलाओं का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा पंडाल में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। कथा में मुख्य यजमान जगदीश सिंह एवं उनकी पत्नी आरती सिंह सहित पाचवे दिन उपस्थित रहे ई.जे.बी. सिंह, 247 विधानसभा विश्वनाथगंज के भावी प्रत्याशी, सुरेश बहादुर सिंह, रजवंत सिंह, शिव कुमार सिंह, ग्राम प्रधान प्रशासक, अर्जुन सिंह बाबा, शुभम विश्वकर्मा, राम सिंह एडवोकेट, लोकतांत्रिक प्रतापगढ़, संत राम मिश्र, विजय सिंह, राजेंद्र शुक्ल, अशोक सिंह गोकुलपुर, सत्यनारायण सिंह बाबा, अशोक सिंह राजापुर रैनिया, अधिवक्ता सुरेंद्र मिश्र सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से श्रीमद्भागवत का श्रवण किया और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन व कांवड़ यात्रा पर टिप्पणी से विवाद


पट्टी में सपा सांसद का पुतला फूंका, हिंदू संगठनों ने जताया कड़ा विरोध



पट्टी-प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल द्वारा दुर्गा पूजा और कांवड़ यात्रा को लेकर दिए गए कथित बयान पर राजनीतिक और धार्मिक संगठनों का विवाद गहरा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सांसद ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की परंपरा पर सवाल उठाते हुए इसे बंद करने की बात कही थी और कांवड़ यात्रा को लेकर कहा था कि भगवान का आशीर्वाद पाने के लिए 50 किलोमीटर पैदल चलकर कांवड़ लाने की जरूरत नहीं है, बल्कि गांव के मंदिर में पूजा करने से भी आशीर्वाद मिल सकता है। सांसद के इस बयान के बाद भाजपा नेताओं और हिंदूवादी संगठनों में भारी रोष फैल गया। इसी कड़ी में रविवार को प्रतापगढ़ के पट्टी कस्बे में विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता एकजुट हुए और सांसद के खिलाफ शव यात्रा निकाली। जुलूस निकालते हुए प्रदर्शनकारी तहसील गेट पहुंचे, जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की और सांसद का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने सांसद के बयान पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि हिंदू धर्म, देवी-देवताओं और धार्मिक परंपराओं से करोड़ों लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है, और ऐसे संवेदनशील विषयों पर टिप्पणियां करने से लोगों की भावनाएं आहत होती हैं। कार्यकर्ताओं ने सांसद से अपने बयान पर स्पष्टीकरण देने और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने की मांग की है।

चित्रगुप्त पूजनोत्सव में सामूहिक कलम पूजन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



कादीपुर के रानीपुर कायस्थ स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर परिसर में रविवार को भगवान चित्रगुप्त पूजनोत्सव, सामूहिक कलम पूजन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त के श्रृंगार एवं पूजन से हुआ। इसके बाद सामूहिक कलम पूजन, हवन और पूर्णाहुति के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर में राष्ट्र के विकास में कायस्थों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि वृंदावन-मथुरा स्थित श्री चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि कायस्थ समाज ने हमेशा राष्ट्र और सर्वसमाज के हित में योगदान दिया है। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त कलम के देवता हैं और कलम से आजीविका चलाने वालों के आराध्य हैं। समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र मिश्रा, सूर्य प्रकाश तिवारी, ई. मुकेश श्रीवास्तव, श्वेता श्रीवास्तव, रमेश विश्वकर्मा, डॉ. राजीव श्रीवास्तव, पत्रकार राजेश मिश्रा और अच्छेलाल श्रीवास्तव सहित दर्जनभर लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, अवर खंड सिविल जज अंकित सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जनगणना-2027 की स्व-गणना प्रक्रिया आज से सीडीओ ने दिया प्रशिक्षण

प्रतापगढ़। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण को गति देने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण में प्रगणकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में 16 नवंबर से शुरू होने वाली स्व-गणना प्रक्रिया को लेकर कार्मिकों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। सीडीओ ने बताया कि जनगणना-2027 देश में पहली बार पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस माध्यम से कराई जा रही है। इसके तहत नागरिक अपने मोबाइल फोन का उपयोग कर घर बैठे परिवार की सभी आवश्यक जानकारियां स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने सभी कार्मिकों को अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहकर आमजन को इस डिजिटल प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षक धर्मेंद्र ओझा और एपीओ मुख्यालय विनोद ने मोबाइल ऐप के जरिए स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नागरिकों को सबसे पहले निर्धारित वेबसाइट या ऐप पर मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी सत्यापित करना होगा। इसके बाद पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भरकर एक स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी। जब प्रगणक घर आएंगे, तो नागरिकों को यह आईडी बतानी होगी, जिससे पूरी प्रक्रिया आसानी से पूरी हो जाएगी। बैठक में एडीएम प्रतापगढ़, एसडीएम सदर आईएएस अनुष्का शर्मा, आईपीएस प्रशांत राज हुड्डा, आईएएस अभिषेक सेहारा, प्रधानाचार्य डॉ. विंध्याचल सिंह और धीरज शर्मा सहित कई अधिकारी और बड़ी संख्या में प्रगणक उपस्थित रहे।

प्रबुद्ध समाज ने जाति-पाति का भेदभाव मिटाकर देश के निर्माण में दिया योगदानः मनोज पांडेय

समृद्धि न्यूज़, रानीगंज-प्रतापगढ़।



रविवार को स्वामी करपात्री जी इंटर मीडियट कॉलेज के प्रांगण में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री, खाद्य एवं रसद विभाग मनोज पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि द्वापर, त्रेता और कलयुग में देवताओं और राक्षसों का वास रहा है, हमेशा देवताओं की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में जनता को न्याय नहीं मिलता था, हमेशा जाति-पाति का बंटवारा करके उन्हें लड़ाया जाता था। मोदी और योगी की सरकार ने जाति-पाति के भेदभाव को कोसों दूर छोड़कर राष्ट्र निर्माण को सर्वोपरि रखा है। सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध समाज ने हर काल में राष्ट्र और देश की एकता को बनाए रखने के लिए काम किया है। प्रबुद्ध समाज से मंगल पांडे, चाणक्य, परशुराम जैसी महान विभूतियों ने समाज के लिए कार्य किया है। जो लोग समाज को बांटकर हमेशा लड़ाने का काम किए हैं, आज वही प्रबुद्ध समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। यह प्रबुद्ध समाज चुनाव के समय में उनकी इस गलत मानसिकता का जवाब देकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगा। पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रतापगढ़ जिले में कई विकास कार्यों का शिलान्यास किया था, आज वह कार्य प्रगति पर हैं। कांग्रेस और सपा के लोगों को विकास पसंद नहीं है। कार्यक्रम के संयोजक योगेश मिश्रा उर्फ जोगी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा, पूर्व विधायक धीरज ओझा, अशोक सरोज, मुकेश शुक्ला, अशोक कुमार मिश्रा पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक उपाध्याय ने किया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज डाक्टर की टीम स्टाल लगाकर दवा बितरण कर रहे थे। स्टाप के शिवम गौतम अपने टीम के साथ मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 40 मरीजों को मिली दवा, 11 की हुई जांच

चांदा, सुलतानपुर। नगर पंचायत कोइरीपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में पहुंचे मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं और चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस दौरान कुल 40 मरीजों को दवाएं वितरित की गईं, जबकि 11 मरीजों की प्रयोगशाला में विभिन्न जांचें की गईं। वहीं, एक किशोरी को एचपीवी का टीका लगाया गया।मेले में सर्दी, जुकाम और खांसी से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही। चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार और डॉ. अमित कुमार मौर्य ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सलाह दी। इस मौके पर फार्मासिस्ट संतोष कुमार उपाध्याय, रियाज अहमद, वार्ड बाय सौरभ वर्मा और सफाईकर्मी सत्यनारायण पाल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया छठ महापर्व, सई घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर प्रतापगढ़ शहर के ऐतिहासिक मां बेला देवी धाम स्थित सई घाट पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। सूर्य उपासना के इस पवित्र पर्व पर यहाँ हजारों की संख्या में व्रतधारी महिलाओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घाट पर व्रती महिलाओं ने अचल सुहाग, परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की लंबी उम्र की कामना के साथ अस्ताचलगामी और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान पूरा सई घाट पारंपरिक छठ गीतों, ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। महिलाओं ने बांस की टोकरियों में ठेकुआ, मौसमी फल, गन्ना और अन्य पूजन सामग्री सजाकर विधि-विधान से छठी मईया की पूजा-अर्चना की। त्रेता युग की परंपरा को जीवंत करते हुए व्रती महिलाओं ने पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य की आराधना की। त्योहार के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। घाट पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। इसके साथ ही, किसी भी अप्रिय घटना से निपटने और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए एसडीआरएफ की टीम लगातार नदी में मोटरबोट के जरिए गश्त करती रही। प्रशासनिक सतर्कता और सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के माहौल में छठ महापर्व का यह पावन अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिससे श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली और हर्षोल्लास के साथ पर्व का समापन किया।

